राष्ट्रीय दैनिक

हर खबर की खबर

प्रातःकिरण

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

12 पिछले 12 साल में 35 गुना बढ़ा एसपोर्ट और भारत....

भारतीय महिला टीम को लगा बड़ा झटका.... 11

वर्ष : 17 | अंक : 56 | नई दिल्ली, शनिवार, 20 जून, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 47.9°C

न्यूनतम तापमान 39.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

हां	60%
नहीं	30%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना 1,48,830

चांदी 2,79,920

सेंसेक्स 76,802.90

निफ्टी 24,013.10

दिल्ली सरकार ने सर्दियों के लिए पहले ही जारी किया प्रदूषण नियंत्रण रोडमैप

* नागरिकों और मिलेगा संस्थानों को तैयारी का पर्याप्त समय
* दिल्ली सरकार ने अधिसूचित की शीतकालीन वायु गुणवत्ता प्रबंधन व्यवस्था

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने सर्दियों के दौरान वायु प्रदूषण से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए शीतकालीन वायु गुणवत्ता प्रबंधन व्यवस्था अधिसूचित कर दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार अब तक आमतौर पर ऐसा होता था कि सर्दियों में प्रदूषण बढ़ने या ग्रैप के तहत विभिन्न प्रतिबंध लागू होने के बाद लोगों को नई व्यवस्थाओं की जानकारी मिलती थी, जिससे नागरिकों, उद्योगों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, निर्माण एजेंसियों, संस्थानों और अन्य हितधारकों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाता था। इस बार दिल्ली सरकार ने इस व्यवस्था को बदलने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब सरकार सर्दियों की शुरूआत से कई महीने पहले ही यह स्पष्ट कर रही है कि नवम्बर से फरवरी के दौरान प्रदूषण बढ़ने की स्थिति में कौन-कौन से कदम उठाए जा सकते हैं, किन व्यवस्थाओं को लागू किया जा सकता है और विभिन्न क्षेत्रों से क्या अपेक्षाएं रहेंगी। इससे नागरिकों, आरडब्ल्यूए, उद्योगों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, निर्माण एजेंसियों और सरकारी विभागों को अग्रिम योजना बनाने और आवश्यक तैयारियां करने का पर्याप्त समय मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले कई वर्षों से नवम्बर से फरवरी के बीच वायु गुणवत्ता गंभीर रूप से प्रभावित होती रही है और एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) अक्सर ह्यबहुत खराबह्ल और ह्यगंभीरह्ल श्रेणी में पहुंच जाता है। यह हालात हर वर्ष पैदा हो रहे हैं इसलिए दिल्ली सरकार ने केवल आपातकालीन प्रतिक्रिया पर निर्भर रहने के बजाय अग्रिम तैयारी, समयबद्ध हस्तक्षेप और बेहतर समन्वय पर आधारित रणनीति अपनाई है। यह फ्रेमवर्क पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत अधिसूचित किया गया है और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा जारी संशोधित ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के पूरक के रूप में कार्य करेगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है।

महाभारत का उदाहरण देकर गृह मंत्री अमित शाह ने समझाई डेटा से इंटेलिजेंस की ताकत

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन-2026 को संबोधित किया। इस सम्मेलन में एनसीआरबी के डायरेक्टर आलोक रंजन, सीएफएसएल के निर्देशक एसके जैन, एनसीआरबी के संयुक्त निर्देशक संजय माथुर मौजूद रहे। वहीं, कई राज्यों की पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअल रूप से जुड़े ।गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, ह्लसाक्ष्य इकट्ठा करके और चार्जशीट तक हमें ट्रेनिंग देना होगा। तीन नए कानून से वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य को साबित करना होगा। कोर्ट में सूचना को इंटेलिजेंस में परिवर्तित करने की कवायद बहुत जरूरी होती है। उन्होंने कहा कि महाभारत में कौरव पांडवों से कहीं ज्यादा मजबूत थे लेकिन पांडवों के साथ श्रीकृष्ण थे, जो सूचना को इंटेलिजेंस में परिवर्तित करते थे। इसी कारण पांडवों ने कृष्ण की वजह से युद्ध जीता था। डेटा इंटेलिजेंस में जैसा ही परिवर्तित होता है, ऐसा होने के बाद एआई के जरिए डेटा का आंकलन होना चाहिए, फिर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के अपराधियों को पकड़ने में इसका इस्तेमाल करना चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि आज जहां तक आपराधिक न्याय प्रणाली का सवाल है, हमारा देश परिवर्तन के कालखंड से गुजर रहा है। एक जमाने में थाना कानून और व्यवस्था को संभालकर रखने का उपकरण माना जाता था। कहीं पर कोई विवाद होता था तो थानेदार साहब मामला सुलझाते थे, नहीं तो न्यायालय में केस होता था और सालों-साल तक मामले लंबित रहते थे ।आजादी की यात्रा में हम आगे बढ़े। थाने का स्वरूप अपराध नियंत्रण के रूप में विकसित होने लगा। जांच-पड़ताल शुरू हुई, अपराधी पकड़े गए और उन्हें कोर्ट के सामने पेश करने से लेकर जेल तक पहुंचाने में थाने की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई। अब समय आ गया है कि आपराधिक न्याय प्रणाली को हम देश के हर नागरिक को हमारे संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों को प्राप्त करने का एक उपयुक्त साधन बनाएं। अमित शाह ने कहा, ह्लऐसे ढेरों केस हैं, जिनमें राष्ट्रीय स्वचालित फिगरप्रिंट पहचान प्रणाली (एनएफआईएस-नफिस) के माध्यम से जटिल से जटिल मामलों को सरल करने में बड़ी मदद मिली है। लेकिन मैं अभी भी मानता हूं कि नफिस का उपयोग केवल 10 फीसदी ही हो रहा है। नफिस का उपयोग सिर्फ अपराधी को ढूंढने के लिए नहीं करना है। नाफिस तभी सफल हो सकता है, जब आप हर क्राइम सीन से प्राप्त फिंगरप्रिंट के माध्यम से नाफिस के डेटा को समृद्ध करें। यह एक टू-वे सिस्टम है। यह अपराधी को सिद्ध करने में बहुत उपयोगी है, लेकिन अपराध तभी सिद्ध हो सकता है, जब डेटा जनरेट हो। गृह मंत्री ने कहा, हमारा प्रशिक्षण केवल ऐप के उपयोग तक सीमित नहीं होना चाहिए। ऐप का उपयोग करके वैज्ञानिक साक्ष्य सृजित करने और चार्जशीट तक की प्रक्रिया की भी ट्रेनिंग देनी पड़ेगी। इसके बाद अभियोजन और न्यायपालिका को भी प्रशिक्षित करना पड़ेगा कि यदि इतने साक्ष्य उपलब्ध हैं तो अतिरिक्त साक्ष्य की आवश्यकता नहीं है। इसलिए जरूरी जितने भी बदलाव थे, न्यायपालिका के काम को सरल बनाने और अभियोजन को भी सुगम बनाने के लिए जिन आवश्यकताओं की जरूरत थी, उन्हें हमने नए कानूनों में समाहित कर लिया है। अमित शाह ने पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, ह्लफिंगरप्रिंट, टेलीफोन रिकॉर्ड, चेहरा, आंख और डीएनए का मिलान हो गया और फिर आप 250 साक्ष्यों के साथ कोर्ट के सामने जाते हैं। फिर तकनीक किस काम की है? व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर अनुभवी अभियोजक तैयार करने पड़ेंगे। हमें इन्वेस्टिगेशन, प्रॉसिक्यूशन और कन्विक्शन की पूरी श्रृंखला में तकनीक के सक्रिय उपयोग के लिए बहुत अच्छे तरीके से काम करने की आवश्यकता है।

देश बढ़ रहा विकसित भारत की ओर : रक्षा खडसे

प्रात : किरण, एजेंसी

सूरत (गुजरात)। केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों की राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और इस लक्ष्य को हासिल करने में युवा शक्ति तथा नारी शक्ति की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे शुक्रवार को अपने सूरत दौरे के दौरान वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुईं। प्रधानमंत्री मोदी के सफल कार्यकाल के उपलक्ष्य में आयोजित ह्यसेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत उन्होंने स्वच्छता अभियान में भाग लेकर स्वयं झाड़ू लगाई तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया। इस दौरान उन्होंने एनएसएस एवं माय भारत के युवा स्वयंसेवकों से संवाद कर राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने इस दौरान पत्रकारों से चर्चा में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिना किसी अवकाश के देश सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और सभी जनप्रतिनिधियों को भी जनता का सेवक बनकर कार्य करने की प्रेरणा दी है। विपक्षी दलों के सांसदों के भाजपा और एनडीए में शामिल होने के सवाल पर रक्षा खडसे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विकासवादी दृष्टिकोण और सुशासन से प्रभावित होकर विभिन्न दलों के नेता एनडीए का हिस्सा बन रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

नड्डा ने विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस पर रोग उन्मूलन का लक्ष्य दोहराया

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याणमंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस के अवसर पर देशवासियों से स्वस्थ और अधिक समानतापूर्ण भारत के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने की अपील की। उन्होंने आज एक्स पर पोस्ट कर विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि अब तक 7.19 करोड़ से अधिक लोगों की जांच की जा चुकी है, जबकि 20.26 लाख से अधिक वाहकों (कैरियर्स) की पहचान की गई है। इसके अलावा 2.46 लाख लोगों में सिकल सेल रोग का निदान किया गया है तथा 4.82 करोड़ सिकल सेल कार्ड वितरित किए गए हैं। ये उपलब्धियां विशेष रूप से आदिवासी आबादी और अन्य कमजोर समुदायों के बीच शुरुआती निदान, समय पर उपचार, आनुवंशिक परामर्श और व्यापक स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने के लिए किए गए सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सिकल सेल रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और प्रभावित लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने सभी हितधारकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक सिकल सेल रोग को सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती के रूप में समाप्त करने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

ऊर्जा संकट पर बड़ी राहत, कतर से 110 दिनों के लंबे इंतजार के बाद एलएनजी लेकर दिशाटैंकर दहेज बंदरगाह पर पहुंचा

■ अब भविष्य में एलएनजी की नियमित आपूर्ति से देश में निर्बाध ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित होने की प्रबल उम्मीद है।

प्रात : किरण, एजेंसी



दाहेज। मिडिल ईस्ट में बढ़ते सैन्य तनाव के कारण पिछले 110 दिनों से बंद पड़ी एलएनजी की आपूर्ति पुनः बहाल हो गई है। कतर से 62,370 मीट्रिक टन गैस लेकर चला विशाल टैंकर दिशा होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे संवेदनशील समुद्री मार्ग को सुरक्षित पार करते हुए दाहेज एलएनजी टर्मिनल पहुंच गया है। अमेरिका और ईरान के बीच हालिया शांति समझौते ने इस व्यापारिक मार्ग को पुनर्जीवित करने में अहम भूमिका निभाई है। भारत की प्रमुख एलएनजी आयातक कंपनी पेट्रोनेट एलएनजी के लिए यह खेप अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मार्च महीने से बाधित इस आपूर्ति ने देश की ऊर्जा सुरक्षा पर चिंता बढ़ा दी थी, क्योंकि कतर भारत का सबसे बड़ा एलएनजी आपूर्तिकर्ता है। शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित इस टैंकर का पहुंचना पेट्रोनेट एलएनजी के साथ हुए दीर्घकालिक अनुबंध की सफलता और निरंतरता का प्रमाण है। दाहेज टर्मिनल की 22.5 मिलियन टन की वार्षिक क्षमता को देखते हुए, यह आपूर्ति देश के औद्योगिक और बिजली उत्पादन क्षेत्रों के लिए एक बड़ा बूस्ट साबित होगी। विशेषज्ञों के अनुसार, वैश्विक ईंधन संकट के बीच इस खेप का पहुंचना भारत की सक्रिय कूटनीतिक रणनीति का परिणाम है।

शिवसेना का 60वां स्थापना दिवस आज दोनों गुटों की अलग-अलग रैली

दिल्ली । आज शिवसेना का 60वां स्थापना दिवस है। इस मौके पर एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे गुट मुंबई में अलग-अलग रैली करेंगे। उद्धव गुट का कार्यक्रम सायन के षणमुखानंद हॉल में होगा, जबकि शिंदे गुट गोरेगांव के नेस्को सेंटर में रैली करेगा। यह स्थापना दिवस ऐसे समय हो रहा है, जब शिवसेना (UBT) के 9 में से 6 सांसदों ने बगावत कर दी है। गुरुवार को इन सांसदों ने पार्टी की संसदीय दल की बैठक का बहिष्कार किया। लोकसभा स्पीकर को पत्र सौंपकर अलग होने की वजह बताई। शिंदे गुट के कार्यक्रम को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा इन 6 सांसदों की है। माना जा रहा है कि वे नेस्को सेंटर में होने वाले कार्यक्रम में पहुंच सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर अब तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। स्थापना दिवस से पहले मुंबई में शिंदे गुट ने बड़े पैमाने पर पोस्टर और बैनर लगाए हैं। इनमें बालासाहेब ठाकरे, आनंद दिघे, छत्रपति शिवाजी महाराज और एकनाथ शिंदे की तस्वीरें लगाई गई हैं। इधर, उद्धव ठाकरे गुट ने भी राज्यभर से कार्यकताओं को मुंबई बुलाया है। बागी सांसदों ने लोकसभा स्पीकर को सौंपे पत्र में दावा किया है कि ठाकरे गुट के कुछ वरिष्ठ नेता शिवसेना का कांग्रेस में विलय चाहते थे। उनका कहना है कि उद्धव ठाकरे पार्टी की मूल विचारधारा से दूर चले गए हैं, इसलिए पार्टी का अस्तित्व बचाने के लिए अलग होना जरूरी है।

मप्र ने सिकल सेल एनिमिया में हासिल की बहुआयामी उपलब्धि : द्रौपदी मुर्मु

■ - ओंकारेश्वर में विश्व सिकल सेल दिवस समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति, प्रदर्शनी का किया अवलोकन

प्रात : किरण, एजेंसी

खंडवा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता, समय पर जांच और इलाज को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में 1.32 करोड़ लोगों के स्क्रीनिंग की लक्ष्य समय से पहले पूरा हुआ है। सिकल सेल एनिमिया में इस बहुआयामी उपलब्धि के लिए मैं राज्य सरकार की सराहना करती हूं। राष्ट्रपति मुर्मु शुक्रवार को मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में स्थित पवित्र तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रही थीं। इसके पूर्व राष्ट्रपति ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने यहां लगाई गई सिकल सेल से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति ने कहा कि सिकल सेल से जुड़ी चुनौती को भारत सरकार ने बहुत ही गंभीरता से लिया और पिछले कुछ वर्षों में एक समग्र दृष्टि से सरकार ने जो प्रयास किये हैं, वे अत्यंत सराहनीय हैं। मिशन मोड में हुई स्क्रीनिंग का ही परिणाम है कि अभी तक लगभग ढाई लाख लोगों में सिकल सेल संबंधी रोग चिन्हित किये जा चुके हैं और इस रोग के 20 लाख से भी अधिक वाहक भी पहचाने जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि गत वर्ष 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चले ह्लस्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियानह्न के अंतर्गत मध्य प्रदेश ने 4 लाख से अधिक महिलाओं की सिकल सेल स्क्रीनिंग का कीर्तिमान स्थापित करके इस समस्या के समाधान के लिए अमूल्य योगदान दिया है। मुझे विश्वास है कि सभी प्रदेशों की समेकित शक्ति और सक्रियता से हम वर्ष 2047 से बहुत पहले ही देश से सिकल सेल संबंधी रोगों के उन्मूलन के अपने राष्ट्रीय लक्ष्य में अवश्य सफल होंगे ।उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनिमिया में मध्य प्रदेश सरकार ने बहुआयामी उपलब्धि हासिल किया है। ये संतोष की बात है कि 2023 में राष्ट्र मिशन में उन्होंने जो लक्ष्य देश के सामने रखे थे। उसमें स्क्रीनिंग का लक्ष्य समय से पहले पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि जितना मुझे बताया गया है उसमें 1.32 करोड़ से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग पूरी हो गई है। इनमें ज्यादातर को लोगों को जेनेटिक कॉउंसलिंग कार्ड भी दिया गया है।

राजस्थान में टेलीग्राम पर नीट का पेपर बेचने वाला गिरफ्तार

■ अमेरिकी नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहा था; दिल्ली हाईकोर्ट बोला-टेलीग्राम पर रोक जारी रहेगी

दिल्ली । टेलीग्राम पर रोक के बाद भी राजस्थान के भीलवाड़ा से नीट का फर्जी पेपर बेचने की कोशिश की गई है। इस मामले में पुलिस एक स्टूडेंट को हिरासत में लिया है। आरोपी टेलीग्राम का इस्तेमाल अमेरिका के वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (VPN) के जरिए कर रहा था। उसके टेलीग्राम चैनल का नाम पेपर माफिया है। उधर, टेलीग्राम पर नीट री-एग्जाम तक रोक जारी रहेगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने टेलीग्राम की केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ लगाई याचिका खारिज कर दी। केंद्र ने 16 जून को टेलीग्राम पर 22 जून तक रोक लगाने का आदेश दिया था। वहीं, नीट री-एग्जाम को ध्यान में रखते हुए वेस्टर्न रेलवे ने परीक्षा केंद्रों पर जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए तीन स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। ये स्पेशल ट्रेनें गुजरात और महाराष्ट्र के मुख्य रूटों पर चलेंगी, जिनमें स्लीपर और जनरल कोच होंगे। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को टेलीग्राम की याचिका पर कहा, सरकार के पास आईटी एक्ट की धारा 69अ के तहत बैन लगाने का अधिकार है ह्ल जस्टिस तेजस कारिया ने कहा, ह्यइस मामले पर कोर्ट की रिव्यू कमेटी ने भी सरकार के फैसले की जांच की थी। सरकार ने पूरी समझदारी से काम लिया है, इसमें किसी तरह की जल्दबाजी या लापरवाही नहीं दिखती। गुरुवार को मामले की सुनवाई पूरी हुई और कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?

जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए

क्यूआर कोड स्कैन कीजिए

आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

संक्षिप्त समाचार

उत्तराखंड में बंजी जंपिंग के बाद गई 21 साल के छात्र की जान! पेट और सीने में हुआ दर्द, रुक गई सांस



श्रीनगर गढ़वाल, एजेंसी। पौड़ी जिले के श्रीनगर गढ़वाल क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है. धारी देवी मंदिर के दर्शन कर लौट रहे देहरादून निवासी 21 वर्षीय लक्ष्य रस्तोगी की बंजी जंपिंग के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. शुरुआती जांच में डॉक्टरों ने मौत का संभावित कारण सिंकोप अटैक या कार्डियक स्ट्रोक होने की आशंका जताई है. हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा. घटना के मुताबिक, देहरादून के शांति विहार कालागढ़ निवासी संजीव रस्तोगी परिवार के साथ 16 जून को धारी देवी दर्शन के लिए गए थे. वापस लौटते हुए 21 वर्षीय बेटे लक्ष्य रस्तोगी ने मलेथा के पास बंजी जंपिंग की इच्छा जताई. परिजनों की सहमति पर लक्ष्य बंजी जंपिंग के लिए चला गया. अलकनंदा नदी के ऊपर रोमांचक बंजी जंपिंग कर जब वह वापस ऊपर आया, तो उसने अचानक पेट और सीने में तेज दर्द और सांस लेने में दिक्कत होने की शिकायत की. तबीयत बिगड़ती देख परिजनों ने तुरंत पास के रामकुंड लॉज में एक कमरा ले लिया, ताकि लक्ष्य थोड़ा आराम कर सके. हालांकि, कुछ ही देर में उसका दर्द असहनीय हो गया और वह बेहोश हो गया. घबराए परिजन रात करीब 9 बजे उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागी पहुंचे. जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया. थाना हिंडोलाखाल पुलिस का कहना है कि मामले में अभी तक कोई लिखित शिकायत या सूचना प्राप्त नहीं हुई है. पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है और आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है.

राजकीय पॉलीटेक्निक में आज से शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया, तैयारी पूरी

काशीपुर, एजेंसी। उत्तराखंड प्राविधिक शिक्षा परिषद की ओर से शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 18 जून से शुरू की जाएगी। प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया दो जुलाई तक चलेगी। आठ जून को राजकीय पॉलीटेक्निक में नए सत्र के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा पॉलीटेक्निक्स-2026 का आयोजन किया गया। इसमें फार्मेसी, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल्स, सिविल, मैकेनिकल, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियर, आईटी, कृषि, केमिकल, केमिकल टेक्नोलॉजी पेंट आदि ब्रांचों में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा में करीब 1036 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। फार्मेसी, इंजीनियरिंग आदि ग्रुप में 876 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी जबकि 160 गैरहाजिर रहे। अब परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की प्रथम चरण की काउंसलिंग शुरू होनी है। ऑनलाइन काउंसलिंग में सम्मिलित होने से पूर्व अभ्यर्थी पर जानकारी कर लें। इसके बाद काउंसलिंग की वेबसाइट पर उन्हें पंजीकरण करना होगा। इसके लिए संस्थान में तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्रधानाचार्य बीपी सिंह ने बताया कि आवेदक 18 से 21 जून तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर विकल्प भर सकते हैं। 24 जून को संस्थान और ब्रांच आवंटित होगी। 25 जून से 2 जुलाई तक अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में रिपोर्ट करेंगे। इसके बाद अभिलेखों की जांच के बाद उसे प्रवेश दिया जाएगा।

वाइब्रेंट गांवों में फिर नजर आएंगे आधुनिकता की चक्की में पिसे घराट

पिथौरागढ़, एजेंसी। आधुनिकता की चक्की में पिसकर दम तोड़ रही पहाड़ों की पारंपरिक घराट (पनचक्की) संस्कृति को उत्तराखंड के सीमांत जिले में एक नया जीवन मिलने जा रहा है। पिथौरागढ़ के वाइब्रेंट विलेज मिलम और पांछू में जल्द ही एक बार फिर गधेरों के पानी से घराट गूंजेंगे। इससे न सिर्फ सदियों पुरानी विरासत बचेगी बल्कि स्थानीय ग्रामीणों की जिंदगी भी आसान होगी। सीमांत जिले में कभी लगभग हर गांव में घराट ही अनाज पीसने का एकमात्र साधन थे जो आधुनिकता के दौर में लगभग विलुप्त हो गए हैं। इनकी जगह अब बिजली चलित चक्की और मिलों ने ले ली है। सीमांत जिले में जल्द ही इस घराट संस्कृति का संरक्षण होगा। यह काम होगा मुनस्यारी के वाइब्रेंट विलेज मिलम और पांछू में। ये गांव बिजली से रोशन नहीं हैं। ऐसे में यहां के ग्रामीणों को गेहूं सहित अन्य अनाज पिसवाने के लिए 80 किलोमीटर दूर विकासखंड मुख्यालय आना पड़ता है। घराट लगने से ग्रामीणों की इस समस्या का समाधान होगा। इन गांवों में दो घराट स्थापित किए जाएंगे। इस पर 85,75,000 रुपये खर्च होंगे। अतीत का हिस्सा बन चुकी घराट संस्कृति को इन गांवों से फिर नया जीवन मिलेगा।

ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं घराट में सामूहिक रूप से एकत्र होकर लोकगीत गाती थीं। पानी से चलने वाले इस घराट में पिसा अनाज पौष्टिक माना जाता था। यह घराट पर्यावरण संरक्षण का भी मजबूत आधार थे। आधुनिकता के दौर में पहले डीजल तो अब बिजली चलित चक्की के प्रचलन में आने से घराट का अस्तित्व धीरे-धीरे खत्म हो रहा है।

पहली बार इटली एक्सपोर्ट हुई उत्तराखंड की लीची, मेलोडी के बाद देहरादून का फल घोलेगा मिठास

देहरादून, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इटली की पीएम मेलानी को मेलोडी टॉफी देना खूब सुर्खियों में रहा. इस दौरान मेलोडी भी चर्चा में रही और उसका स्वाद भी. लेकिन इस बार इटली का स्वाद बदलने के लिए देहरादून की लीची इटली भेजी जा रही है. ये पहला मौका है जब देहरादून से इटली तक लीची सफर करेगी.

मेलोडी चॉकलेट के बाद अब इटली में भारत की लीची: कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को मेलोडी टॉफी भेंट किए जाने की तस्वीरें देश-दुनिया में खूब चर्चा का विषय बनी थीं. सोशल मीडिया पर मेलोडी को लेकर मीम्स से लेकर राजनीतिक और सांस्कृतिक चर्चाओं का दौर चला था. अब एक बार फिर भारत और इटली के बीच स्वाद का एक नया रिश्ता जुड़ने जा रहा है. फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार चर्चा किसी टॉफी की नहीं, बल्कि देहरादून की विश्व प्रसिद्ध लीची की है. उत्तराखंड की राजधानी देहरादून से पहली बार लीची का निर्यात इटली के लिए किया जा रहा है, जिसे राज्य के बागवानी क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है. आज उत्तराखंड के बागवानी क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। देहरादून की सुप्रसिद्ध 'रोज़ सेंटेड' लीची की प्रथम निर्यात खेप को एपीडा के सहयोग से इटली के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उत्तराखंड से 1 हजार किलो लीची इटली एक्सपोर्ट की गई: देहरादून की लीची लंबे समय से अपनी खास मिठास, खुशबू और गुणवत्ता के लिए जानी जाती है. देश के विभिन्न हिस्सों में इसकी भारी मांग रहती है, लेकिन सीमित शेल्फ लाइफ के कारण इसे अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाना हमेशा एक बड़ी चुनौती रहा है. अब आधुनिक पैकेजिंग तकनीक और बेहतर कोल्ड चेन व्यवस्था के जरिए इस चुनौती को काफी हद तक पार कर लिया गया है. यही वजह है कि पहली बार करीब 1000 किलो लीची देहरादून से दिल्ली और वहां से इटली भेजी जा रही है.

नाजुक फल है लीची: लीची एक अत्यंत संवेदनशील फल है. पेड़ से तोड़े जाने के बाद इसकी गुणवत्ता तेजी से प्रभावित होने लगती है. सामान्य परिस्थितियों में लीची तीन दिन के भीतर ही खराब होने लगती है और उसके सड़ने का खतरा बढ़ जाता है. यही कारण है कि लंबे समय तक इसे दूसरे राज्यों या विदेशों तक पहुंचाना बेहद कठिन माना जाता रहा है. देहरादून की लीची अपनी उत्कृष्ट गुणवत्ता के बावजूद अंतरराष्ट्रीय बाजार में वह पहचान नहीं बना पाई, जिसकी वह हकदार थी. इसके लिए ऐसी आधुनिक पैकेजिंग तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जो फल की ताजगी और गुणवत्ता को लंबे समय तक बनाए रखने में सक्षम है. दावा किया जा रहा है कि नई तकनीक के जरिए लीची को 10 दिन या उससे अधिक समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय निर्यात की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं.

लीची के परिवहन के दौरान चाहिए 5 डिग्री तापमान: दरअसल लीची को सुरक्षित बनाए रखने के लिए पूरे परिवहन के दौरान लगभग 5 डिग्री सेल्सियस तापमान बनाए रखना आवश्यक होता है. तापमान में थोड़ी सी भी गड़बड़ी फल की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती है. आधुनिक पैकेजिंग और कोल्ड चेन सिस्टम की मदद से इस तापमान को लगातार बनाए रखने में सफलता मिली है. इससे पहले इसी तकनीक का उपयोग करते हुए बिहार के मुजफ्फरपुर से दुबई और पंजाब के पठानकोट से कतर तक लीची भेजी जा चुकी है. लेकिन देहरादून से इटली तक लीची का निर्यात पहली बार किया जा रहा है, इसलिए इसे एक ऐतिहासिक पहल के रूप में देखा जा रहा है.

देहरादून की लीची की है ये खासियत: देहरादून की लीची को देश की सर्वश्रेष्ठ लीचियों में गिना जाता है. इसकी सबसे बड़ी विशेषता इसकी प्राकृतिक खुशबू और संतुलित मिठास है. दून घाटी की जलवायु, मिट्टी और भौगोलिक परिस्थितियां इसे एक विशिष्ट स्वाद प्रदान करती हैं. यही वजह है कि बाजार में देहरादून की लीची की मांग हमेशा बनी रहती है.

भविष्य में यूरोप और अन्य देशों को भी भेजी जा सकती है देहरादून की लीची: हालांकि वर्षों से इसकी लोकप्रियता के बावजूद उत्पादन, प्रसंस्करण और निर्यात के क्षेत्र में अपेक्षित स्तर पर काम नहीं हो पाया था. अब राज्य सरकार और उद्यान विभाग इस दिशा में नए प्रयास कर रहे हैं. यदि इटली को भेजी जा रही यह खेप सफल रहती है, तो भविष्य में यूरोप समेत अन्य देशों के बाजार भी देहरादून की लीची के लिए खुल सकते हैं. इससे न केवल राज्य के किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि उत्तराखंड की बागवानी अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी.

कृषि मंत्री ने इटली के लिए लीची को दिखाई हरी झंडी: इस पूरी पहल को औपचारिक रूप से कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इटली भेजी गई 1000 किलो लीची उद्यान विभाग के बगीचे में उत्पादित हुई है. इसकी उच्च गुणवत्ता और निर्यात मानकों पर खरा उतरने की क्षमता को देखते हुए इसे इस विशेष खेप के लिए चुना गया. मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि- **लीची उत्तराखंड को दिला सकती है अंतरराष्ट्रीय पहचान:** जिस तरह कुछ समय पहले प्रधानमंत्री मोदी और जॉर्जिया मेलोनी के बीच मेलोडी टॉफी चर्चा का विषय बनी थी, उसी तरह अब देहरादून की लीची भारत और इटली के बीच स्वाद का नया सेतु बनने जा रही है. यह सिर्फ एक फल का निर्यात नहीं, बल्कि उत्तराखंड की कृषि क्षमता, आधुनिक तकनीक और वैश्विक बाजारों तक पहुंच बनाने की महत्वाकांक्षा का प्रतीक भी है. यदि यह प्रयोग सफल रहा, तो आने वाले वर्षों में देहरादून की लीची दुनिया के कई देशों तक पहुंच सकती है और उत्तराखंड को अंतरराष्ट्रीय फल निर्यात के नक्शे पर नई पहचान दिला सकती है.

महिला मित्र के बात करने से इनकार करने पर युवक हो गया खफा, तमंचे से मारी गोली, मचा हड़कंप

खटीमा, एजेंसी। सितारगंज के शक्तिफार्म क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक ने कथित तौर पर अपनी महिला मित्र पर तमंचे से फायर झोंक दिया. गोली महिला के सीने को छूते हुए निकल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई. घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जबकि क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई. प्रारंभिक जांच में मामला आपसी संबंधों में चल रहे विवाद से जुड़ा सामने आ रहा है. पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश तेज कर दी है. उधम सिंह नगर जिले के सितारगंज कोतवाली के शक्तिफार्म क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक महिला पर युवक द्वारा तमंचे से फायरिंग किए जाने की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया. गोली महिला के सीने को छूते हुए निकल गई, जिससे वह घायल हो गई. घायल महिला को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है. घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है. पुलिस के अनुसार रुदपुर निवासी 24 वर्षीय युवती का विवाह करीब पांच वर्ष पूर्व नानकमत्ता निवासी युवक से हुआ था. पारिवारिक विवाद के चलते दोनों लंबे समय से अलग रह रहे हैं और मामला न्यायालय में विचाराधीन है. इसी दौरान युवती की पहचान रुद्रपुर निवासी युवक से हुई. दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और वे साथ रहने लगे, लेकिन पिछले कुछ समय से उनके संबंधों में भी खटास आ गई थी. बताया जा रहा है कि आपसी विवाद के बाद युवती करीब एक सप्ताह पहले अपने मायके लौट आई थी. शनिवार शाम युवती अपनी छोटी बहन के साथ बाजार से खरीदारी कर घर लौट रही थी. घर से कुछ दूरी पहले बाइक सवार युवक ने उन्हें रोक लिया और बातचीत करने की कोशिश की. बहन के मुताबिक, युवती द्वारा बात करने से इनकार करने पर युवक (प्रेमी युवक) ने गुस्से में तमंचे से फायर कर दिया. गोली युवती के सीने को छूते हुए निकल गई और वह घायल होकर सड़क पर गिर पड़ी. फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी फरार हो गया. स्थानीय लोगों और परिजनों ने घायल महिला को तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचाया. चिकित्सकों ने बताया कि गोली शरीर के अंदर नहीं घुसी है और महिला की स्थिति फिलहाल सामान्य है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए हैं तथा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है. सितारगंज कोतवाल सुन्दरम शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आपसी संबंधों और विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है. पीड़ित पक्ष की तहरीर और जांच के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

हरिद्वार में भी तैयार होंगे इंटरनेशनल तैराक, शुरू हुआ सरकारी स्विमिंग पूल

हरिद्वार, एजेंसी। खेल विभाग ने हरिद्वार में पहली बार आधुनिक स्विमिंग पूल की शुरुआत कर तैराक खिलाड़ियों को बड़ी सौगात दी है. रोशनाबाद स्थित योगस्थली खेल परिसर में करीब 6.6 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए गए स्विमिंग पूल में अब खिलाड़ियों को नेशनल और इंटरनेशनल स्तर की ट्रेनिंग दी जा रही है. जिले का यह पहला और फिलहाल एकमात्र सरकारी स्विमिंग पूल है, जिसका लाभ हरिद्वार समेत आसपास के क्षेत्रों के खिलाड़ी उठा रहे हैं. स्विमिंग पूल की शुरुआत होने के एक महीने में ही यहां 40 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है. सभी प्रशिक्षित महिला कोच की देखरेख में तैराकी के गुर सीख रहे हैं. उम्मीद है कि यहां से आने वाले समय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे. रोशनाबाद स्थित अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के पास ही यह स्विमिंग पूल बनाया गया है. 25 मीटर लंबाई वाला यह नेशनल स्टैंडर्ड स्विमिंग पूल है. इसमें सभी आधुनिक सुविधाएं हैं. यहां प्रशिक्षित महिला कोच बच्चों और युवाओं खिलाड़ियों को तैराकी की तकनीकी बारीकियों का प्रशिक्षण दे रहे हैं. खेल विभाग का उद्देश्य हरिद्वार से ऐसे तैराक तैयार करना है जो भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश और देश का प्रतिनिधित्व कर सकें. स्विमिंग सीखने पहुंच रही खिलाड़ियों काव्या और विरोनिका का कहना है कि पहले उन्हें बेहतर प्रशिक्षण के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता था,

लेकिन अब हरिद्वार में ही उच्च स्तरीय सुविधाएं मिलने से उन्हें अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिल रहा है. कोच के मार्गदर्शन में वे प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रही हैं. तैराक काव्या चार बार नेशनल तैराकी प्रतियोगिता में भाग ले चुकी हैं. हरिद्वार में अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला स्विमिंग पूल और प्रशिक्षित कोच न होने की वजह से उसे प्रैक्टिस के लिए बाहर जाना पड़ता पड़ता था. अब नया स्विमिंग पूल बनने के बाद तो हरिद्वार में ही तैयारी कर रहीं है. जिला खेल अधिकारी शबाली गुरुंग के अनुसार हरिद्वार में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है. हॉकी, क्रिकेट, फुटबॉल और वॉलीबॉल जैसे खेलों में जिले के खिलाड़ियों ने अपनी पहचान बनाई है. अब स्विमिंग के लिए भी विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होने से यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे. उन्होंने बताया भविष्य में इस स्विमिंग पूल में विभिन्न आयु वर्ग की तैराकी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी. गौरतलब है कि हरिद्वार में नेशनल गेम्स 2025 का आयोजन हुआ था. रोशनाबाद में योग स्थली खेल परिसर में कई राष्ट्रीय खेल, खेले गए थे. यहां इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम, टेनिस कोर्ट और रेसलिंग सुविधाओं के साथ अब आधुनिक स्विमिंग पूल भी खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध हो गया है. वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगा है. मेंटेनेंस के लिए खिलाड़ियों से मेम्बरशिप में 1050 रूपये शुल्क रखा गया है.

घंटों जाम में फंसे सैलानी...कैंची धाम से भवाली तक रेंगती रही गाड़ियां, पुलिस की व्यवस्था ध्वस्त

नैनीताल, एजेंसी। कैंची धाम क्षेत्र में बृहस्पतिवार को सड़क किनारे वाहन खड़े होने के कारण करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। भवाली में सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक यातायात ठप रहा। वहीं भीमताल में भी पार्किंग की समस्या ने लोगों को परेशान किया। कैंची धाम क्षेत्र में बृहस्पतिवार को दो किलोमीटर लंबा जाम लगने से यात्रियों और सैलानियों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क किनारे वाहनों को खड़े करने से जाम की समस्या नासूर बन गई है। इससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा। भवाली में सुबह 11 बजे से दोपहर करीब दो बजे तक जाम की समस्या बनी रही। भीमताल में भी सड़क किनारे वाहनों के बेतरतीब तरीके से खड़े होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि पुलिस को सड़क किनारे वाहन खड़े करने वालों पर

सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष भुवन तिवारी ने कहा कि कैंची धाम में जाम की स्थिति पैदा न हो, इसके लिए पुलिस को नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। उधर, नैनीताल में पर्यटन सीजन के चलते देश-विदेश से सैलानियों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। बृहस्पतिवार दिनभर शहर के भीतर ट्रैफिक सुचारु रूप से चलता रहा। शाम पांच बजे बाद सैलानियों के वाहनों की वापसी शुरू हुई जिससे नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग, भवाली रोड और अपर मॉलरोड पर वाहनों का भारी दबाव बढ़ गया। देखते ही देखते इन प्रमुख मार्गों पर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात रेंगने लगा। तल्लीताल चौराहा और हल्द्वानी रोड पर पर्यटकों को लंबे समय तक जाम में जूझना पड़ा।

एसएसपी अजय गणपति का सख्त फरमान, कहा- ड्यूटी में शराब पीना नहीं होगा बर्दाश्त

ऊधम सिंह नगर, एजेंसी। कैंची धाम मेले में ड्यूटी के दौरान दो पुलिस कर्मियों द्वारा होम स्टे संचालक की बेटी से छेड़छाड़ किए जाने के मामले में एसएसपी अजय गणपति ने दोनों को निलंबित कर दिया है। कैंची धाम मेला ड्यूटी के दौरान जिले के दो पुलिस कर्मियों ने होम स्टे संचालक की बेटी से छेड़छाड़ कर दी थी। इस मामले में एसएसपी अजय गणपति दोनों को निलंबित कर चुके हैं। उन्होंने दो टूक कहा है कि पुलिस कर्मी इसे अब आखिरी चेतावनी समझे। आगे ड्यूटी के दौरान शराब का सेवन किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शराब पीते कोई जवान मिला तो सीधे बर्खास्त करने की कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को एसएसपी अजय गणपति ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों की शारीरिक फिटनेस, टर्नआउट, अनुशासन व कार्यप्रणाली को सुधारने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि पुलिस बल की कार्यक्षमता, अनुशासन और जनविश्वास बनाए रखने के लिए प्रत्येक पुलिस कर्मी का अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा एवं

जिम्मेदारी के साथ करना आवश्यक है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ड्यूटी के दौरान व सार्वजनिक स्थानों पर शराब या किसी भी प्रकार के नशे का सेवन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। कहा कि पुलिस विभाग में अनुशासन सर्वोपरि है। प्रत्येक पुलिसकर्मी को वर्दी की गरिमा व विभाग की प्रतिष्ठा के अनुरूप आचरण करना चाहिए।

कर्णप्रयाग विवाद को दो समाजों से न जोड़ें, दुष्प्रचार पर लगे रोक, सीएम से मिला सिख प्रतिनिधिमंडल

देहरादून, एजेंसी। कर्णप्रयाग में हुए विवाद को लेकर सिख समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की. साथ ही सिख समाज ने सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे भ्रामक प्रचार पर रोक लगाने की मांग की. चारधाम यात्रा मार्ग पर स्थित कर्णप्रयाग में हाल ही में हुए विवाद और हिंसक झड़प के बाद उपजे माहौल को लेकर उत्तराखंड के सिख समाज का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सचिवालय में मिला. प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए कहा कि कर्णप्रयाग की घटना को दो समुदायों के बीच टकराव के रूप में प्रस्तुत करना गलत है. सोशल मीडिया पर जिस तरह से सिख समाज के

खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है, उस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए. सिख समाज की ओर से प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे गुरजिंदर सिंह, गुरुद्वारा अंसारी मार्ग ने कहा वे मुख्यमंत्री के समक्ष यह आग्रह लेकर पहुंचे हैं कि कर्णप्रयाग की घटना को केवल दो पक्षों के बीच हुए विवाद के रूप में देखा जाए, न कि इसे सिख समाज और स्थानीय लोगों या फिर हिंदू-सिख विवाद के रूप में प्रचारित किया जाए. उन्होंने कहा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर इस घटना को 'पहाड़ बनाम सिख' और 'हिंदू बनाम सिख' का रंग देने की कोशिश की जा रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है. गुरजिंदर सिंह ने कहा उत्तराखंड का सिख समाज प्रदेश का अभिन्न हिस्सा है. राज्य के विकास में उसका महत्वपूर्ण योगदान रहा है. उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा सहित हर कठिन समय में सिख समुदाय ने सेवा और सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़कर काम किया है. उन्होंने कहा प्रदेश में रहने वाले अधिकांश सिख परिवार यहीं जन्मे-बढ़े हैं. उत्तराखंड को ही अपना घर मानते हैं. उन्होंने कहा, 'हम इसी उत्तराखंड के हैं, यहीं पैदा हुए हैं और यहीं हमारी पहचान है. ऐसे में सोशल मीडिया पर सिख समाज के खिलाफ जिस तरह की नफरती टिप्पणियां और भ्रामक बातें फैलाई जा रही हैं, वे समाज में अनावश्यक तनाव पैदा कर सकती हैं. सरकार को ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए.

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से यह भी अनुरोध किया कि चारधाम यात्रा के दौरान यदि किसी भी श्रद्धालु या स्थानीय व्यक्ति के साथ किसी प्रकार का विवाद होता है तो लोग कानून का सहारा लें. उन्होंने कहा सरकार और पुलिस प्रशासन द्वारा यात्रा मार्गों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है, इसलिए किसी को भी कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए. इस पूरे मामले पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा चारधाम यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और यात्री प्रदेश में पहुंचते हैं. ऐसे में स्वाभाविक रूप से कुछ असामाजिक या विवाद पैदा करने वाले तत्व भी उनमें शामिल हो सकते हैं. सरकार की प्राथमिकता यात्रा को सुरक्षित और सुचारू बनाए रखना है. मुख्यमंत्री ने कहा चारधाम यात्रा मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था लगातार मजबूत की जा रही है. यात्रा रूट के चप्पे-चप्पे पर पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है. प्रशासन पूरी तरह सतर्क ह. मुख्यमंत्री ने लोगों से भी शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की. उन्होंने कहा किसी भी घटना को लेकर अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास न करें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें.

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
नई दिल्ली, शनिवार, 20 जून, 2026

सर्दियां आने के बाद नहीं, बल्कि महीनों पहले बताए जा रहे हैं संभावित प्रतिबंध और व्यवस्थाएं ताकि लोगों को न हो असुविधा: रेखा गुप्ता

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने सर्दियों के दौरान वायु प्रदूषण से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए शीतकालीन वायु गुणवत्ता प्रबंधन व्यवस्था अधिसूचित कर दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि अब सरकार सर्दियों की शुरूआत से कई महीने पहले ही यह स्पष्ट कर रही है कि नवंबर से फरवरी के दौरान प्रदूषण बढ़ने की स्थिति में कौन-कौन से कदम उठाए जा सकते हैं, किन व्यवस्थाओं को लागू किया जा सकता है और विभिन्न क्षेत्रों से क्या अपेक्षाएं रहेंगी। इससे नागरिकों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए), उद्योगों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, निर्माण एजेंसियों और सरकारी विभागों को अग्रिम योजना बनाने और आवश्यक तैयारियां करने का पर्याप्त समय मिलेगा। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि दिल्ली में पिछले कई वर्षों से नवंबर से फरवरी के बीच वायु गुणवत्ता गंभीर रूप से प्रभावित होती रही है और एअर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) अक्सर बहुत खराब और गंभीर श्रेणी में पहुंच जाता है। यह हालात हर वर्ष पैदा हो रहे हैं, इसलिए दिल्ली सरकार ने केवल आपातकालीन प्रतिक्रिया पर निर्भर रहने के बजाय अग्रिम तैयारी, समयबद्ध हस्तक्षेप और बेहतर समन्वय पर आधारित रणनीति अपनाई है। यह फ्रेमवर्क पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत अधिसूचित किया गया है और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा जारी संशोधित ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के पूरक के रूप में कार्य करेगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी विभाग और एजेंसियां सर्दियों के महीनों में निरंतर तैयार रहें और प्रदूषण नियंत्रण उपाय प्रतिकूल परिस्थितियों के आने से पहले ही लागू किए जा सकें न कि केवल ग्रैप लागू होने के बाद। मुख्यमंत्री ने बताया कि अधिसूचित व्यवस्था के तहत दिल्ली के सभी पेट्रोल पंपों पर केवल उन्हीं वाहनों को ईंधन मिलेगा, जिनके पास वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) होगा। इसके अतिरिक्त 1 नवंबर से 31 जनवरी तक दिल्ली के बाहर पंजीकृत गैर बीएस-श्क वाणिज्यिक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। लेकिन सीएनजी, इलेक्ट्रिक, आपातकालीन सेवाओं और सरकारी कार्यों से जुड़े वाहनों को इस व्यवस्था से छूट दी जाएगी। सर्दियों के दौरान वायु गुणवत्ता सुधारने और निजी वाहनों के अत्यधिक उपयोग को कम करने के उद्देश्य से 1 नवंबर से 28 फरवरी तक अधिकृत पार्किंग स्थलों पर पार्किंग शुल्क दोगुना किया जाएगा। उन्होंने कह कि यातायात दबाव कम करने, आवागमन को अधिक व्यवस्थित बनाने और प्रदूषण नियंत्रण प्रयासों को प्रभावी बनाने के लिए चरणबद्ध कार्यालय समय की व्यवस्था लागू की जाएगी। इस व्यवस्था के तहत सरकारी व निजी कार्यालयों में अधिकतम 50 प्रतिशत भौतिक उपस्थिति संबंधी प्रावधान लागू रहेंगे और शेष कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम के माध्यम से कार्य कर सकेंगे। आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं को इससे छूट रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण और ध्वस्तीकरण गतिविधियां शहरी विकास के लिए आवश्यक हैं, लेकिन सर्दियों के दौरान धूल प्रदूषण को नियंत्रित करना भी उतना ही जरूरी है। इसलिए परियोजना संचालकों, ठेकेदारों और नागरिकों को अपनी गतिविधियों की योजना पहले से तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है ताकि अत्यधिक प्रदूषण वाले समय में अतिरिक्त प्रदूषण भार न बढ़े।

राम मंदिर चंदा घोटाले का आरोप, संजय सिंह का बीजेपी और चंपत राय पर हमला

- 9 करोड़ की जमीन को चंदा चोर चंपत राय ने 55.47 करोड़ में खरीदा; राम भक्तों की आस्था के पैसे से की जा रही है खुली डकैती!

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

लखनऊ। आम आदमी पार्टी (AAP) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज एक बेहद सनसनीखेज और दस्तावेजी खुलासा करते हुए भारतीय जनता पार्टी (जिसे उन्होंने ED पार्टी करार दिया) और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय पर प्रभु श्री राम के मंदिर निर्माण के नाम पर अब तक की सबसे बड़ी चंदा चोरी और लूट का आरोप लगाया है। सांसद संजय सिंह ने आधिकारिक सरकारी व रजिस्ट्री के दस्तावेजों को सार्वजनिक करते हुए इस महाघोटाले की परतें खोलीं। 9 करोड़ की जमीन 55.47 करोड़ में खरीदी–यह आस्था पर डकैती है! प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने कहा, प्रभु श्री राम के मंदिर में चंदा चोरी और लूट का एक ऐसा खेल चल रहा है, जिसके सामने आ रहे तथ्यों को देखकर आँखें फटी की फटी रह जाती हैं। मेरे हाथ में अब तक की सबसे बड़ी चंदा चोरी के पुख्ता कागजात हैं। चंदा चोर चंपत राय ने आलोक बंसल, मनीष बंसल और शिवानी बंसल से शाहनवाजपुर माझा में स्थित 117 बिस्वा (14,730 वर्ग मीटर) जमीन को 55 करोड़ 47 लाख 31 हजार 800 में खरीदा है, जबकि इस जमीन की वास्तविक मालियत महज 9 करोड़ की है। उन्होंने याद दिलाया कि इससे पहले भी कैसे 2 करोड़ की सुल्तान अंसारी की जमीन को महज 5 मिनट में 18.5 करोड़ में खरीदकर 16.5 करोड़ का भ्रष्टाचार किया गया, और कैसे 3 करोड़ की जमीन को 24 करोड़ में खरीदकर 21 करोड़ की डकैती डाली गई। किसानों को कौड़ी, व्यापारियों को छप्परफाड़ चंदा–क्या है इस भ्रष्टाचार का गणित? भ्रष्टाचार के क्रोनोलॉजी को समझाते हुए AAP सांसद संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और मोदी के ट्रस्ट ने तीर्थ क्षेत्र के बिल्कुल करीब स्थित माझा बरहटा गाँव में किसानों की करीब 3,500 बिस्वा जमीन को 4,40,000 प्रति बिस्वा की दर से जबरन अधिग्रहित किया। लेकिन, तीर्थ क्षेत्र से काफी दूर स्थित शाहनवाजपुर में दरियादिल चंदा चोर चंपत राय ने अपने चहेते व्यापारियों को 47,00,000 (47 लाख) प्रति बिस्वा की दर से राम भक्तों की गाढ़ी कमाई का पैसा लुटा दिया। जो जमीन मंदिर के करीब है, उसका मुआवजा किसानों को सिर्फ 4.40 लाख दिया गया और जो दूर है उसका 47 लाख दिया गया।

संक्षिप्त खबरें

री-परीक्षा से पहले विद्यार्थियों को केजरीवाल की सलाह

नई दिल्ली। चिकित्सा प्रवेश परीक्षा की पुनर्परीक्षा से पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने विद्यार्थियों के लिए विशेष संदेश जारी कर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने विद्यार्थियों से शांत मन और पूरे ध्यान के साथ परीक्षा देने की अपील करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्हें आत्मविश्वास बनाए रखना चाहिए। 21 जून को आयोजित होने वाली पुनर्परीक्षा से पहले जारी संदेश में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इतनी बड़ी परीक्षा को कम समय में दोबारा देना किसी भी विद्यार्थी के लिए आसान नहीं होता। उन्होंने विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि एक बार ऐसी परीक्षा देने में ही लोगों को नानी याद आ जाती है, लेकिन विद्यार्थियों ने असाधारण धैर्य और साहस का परिचय दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अब बीती घटनाओं को पीछे छोड़कर केवल अपनी तैयारी और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी विद्यार्थी पूरी मेहनत और लगन के साथ परीक्षा देंगे तथा भविष्य में सफल चिकित्सक बनकर देश की सेवा करेंगे। इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने प्रश्नपत्र लीक प्रकरण को लेकर केंद्र सरकार पर भी तीखा हमला बोला था। उन्होंने प्रश्नपत्र लीक रोकने के लिए संदेश प्रसारण मंचों पर प्रतिबंध लगाने की नीति पर सवाल उठाते हुए इसे समस्या के मूल कारणों से ध्यान भटकाने वाला कदम बताया।

पार्किंग शुल्क दोगुना और बिना प्रमाण-पत्र नहीं मिलेगा ईंधन

नई दिल्ली। राजधानी में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सर्दी मौसम के लिए विशेष कार्ययोजना की घोषणा की है। इसके तहत नवंबर से सरकारी पार्किंग स्थलों का शुल्क दोगुना किया जाएगा, जबकि वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र के बिना वाहनों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। घोषित व्यवस्था के अनुसार 1 नवंबर से 31 जनवरी तक दिल्ली के बाहर पंजीकृत ऐसे वाणिज्यिक वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी जो निर्धारित प्रदूषण मानकों को पूरा नहीं करते हैं। हालांकि संपीड़ित प्राकृतिक गैस, विद्युत चालित, आपातकालीन सेवाओं तथा सरकारी कार्यों से जुड़े वाहनों को इस प्रतिबंध से छूट दी जाएगी। सरकार ने निजी वाहनों के अत्यधिक उपयोग को कम करने के उद्देश्य से 1 नवंबर से 28 फरवरी तक अधिकृत पार्किंग स्थलों का शुल्क दोगुना करने का निर्णय लिया है। साथ ही खुले में कचरा और जैविक अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा तथा निर्माण कार्यों से होने वाली धूल को नियंत्रित करने के लिए अग्रिम तैयारी की जाएगी।

हरी नगर विधानसभा क्षेत्र के डी बी ब्लॉक के में आ रहा गंदा और बदबूदार पानी

- लोगों को दूषित पानी के अनजाने इस्तेमाल से बच्चों और बुजुर्गों में त्वचा रोग, पेट दर्द और उल्टी-दस्त जैसी गंभीर बीमारियां होने का सता रहा डर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। राजधानी के हाई प्रोफाइल दावों के बीच जमीनी हकीकत बेहद खौफनाक है। हरी नगर विधानसभा क्षेत्र के डी बी ब्लॉक में पिछले कई दिनों से हो रही गंदे और बदबूदार पानी की सप्लाई ने स्थानीय निवासियों का जीना मुश्किल कर दिया है। स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि नलों से आने वाला पानी पीना तो दूर हाथ धोने और नहाने के लायक भी नहीं बचा है। भीषण गर्मी में बूंद-बूंद साफ पानी के लिए तरसती जनता का गुस्सा अब सातवें आसमान पर है। डी बी ब्लॉक आरडब्ल्यूए के महासचिव दिनेश जैन ने इस मुद्दे पर गहरा आक्रोश जताते हुए प्रशासन को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि देश की राजधानी में रहने के बावजूद नागरिकों को बुनियादी हक के रूप में साफ पानी तक नसीब नहीं हो रहा है। घरों में जो पानी आ रहा है, उसमें से ऐसी तेज दुर्गंध आती है कि कमरे में बैठना मुश्किल हो जाता है। साफ जाहिर है कि पीने के पानी की पाइपलाइन में सीवर का गंदा पानी मिक्स हो रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जल बोर्ड की इस लापरवाही के कारण पूरे इलाके में बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है। लोगों को दूषित पानी के अनजाने इस्तेमाल से बच्चों और बुजुर्गों में त्वचा रोग, पेट दर्द और उल्टी-दस्त जैसी गंभीर बीमारियां होने का डर सता रहा है। लोगों का आरोप है कि शिकायत करने के बाद भी संबंधित विभाग शिकायतों को नजरअंदाज कर रहा है। डी बी ब्लॉक की जनता और आरडब्ल्यूए ने दिल्ली जल बोर्ड और स्थानीय प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर इस दूषित जलापूर्ति को तुरंत ठीक नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी सड़कों पर उतरेंगे।

एलजी के दखल का बहाना बना अपने चुनावी वादों से भाग रही उमर अब्दुल्ला सरकार- मेहराज मलिक

- उमर अब्दुल्ला ने 200 यूनिट फ्री बिजली, बसों और कैजुअल लेबर को पक्का करने का वादा पूरा नहीं किया- मेहराज मलिक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के जम्मू कश्मीर के प्रदेश अध्यक्ष और डोडा से विधायक मेहराज मलिक ने उमर अब्दुल्ला सरकार को अपने चुनावी वादे पूरे नहीं करने पर आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में एलजी के शासन का दखल बताकर उमर अब्दुल्ला सरकार अपने चुनावी वादों से भाग रही है। उमर अब्दुल्ला ने 200 यूनिट फ्री बिजली, बसों और कैजुअल लेबर को पक्का करने का वादा अभी तक पूरा नहीं किया। हर साल राज्य का बजट लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपए का होता है, लेकिन ये सरकार महज 20 हजार करोड़ ही खर्च कर पा रही है। उन्होंने कहा कि अगर ईडी पार्टी के शासन की वजह से सरकार काम नहीं कर रही है तो ये जम्मू कश्मीर के लोगों के साथ धोखा है। सरेआम लोगों के हकों पर डाका डाला जा रहा है और उमर अब्दुल्ला खामोशी से तमाशा देख रहे है। शुक्रवार को दिल्ली स्थित आप मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर मेहराज मलिक ने कहा कि मैं आठ महीने जेल की सलाखों के पीछे भी रह कर आया हूं। जम्मू-कश्मीर की अवाम ने जो मैंडेट दिया है, वहां उसकी धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मैं पहली बार दिल्ली में बैठकर देश और दुनिया को बताना चाहता हूं कि जैसा जम्मू-कश्मीर को दिखाया जा रहा है, वैसा वह इस वक्त बिल्कुल नहीं है। वहां के लोगों ने मैंडेट देकर सरकार बनाई, लेकिन अब सरकार को कितनी मुश्किलें आ रही हैं, वह सबके सामने आ गया है। मेहराज मलिक ने कहा कि जब वहां सरकार बनी और जब पहला बजट आया था, उससे लोगों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन उसमें कोई अमल होता नहीं दिखा। उसके बाद मुझे जेल भेज दिया गया। इस साल का बजट भी वैसा ही है। जम्मू कश्मीर का बजट 1.5 लाख करोड़ के आसपास दिखाया जाता है, लेकिन इस्तेमाल 20 हजार करोड़ के आसपास ही होता है। आज राज्य में गरीबी और मुफलिसी देखने को मिल रही है। जब वहां नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) की सरकार है, उन्हें अपनी बात रखने का अधिकार था। हम भी कुछ वक्त उनके गठबंधन का हिस्सा रहे, लेकिन वे भी लोगों के मुद्दों पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं। उनके मैनिफेस्टो में 200 यूनिट फ्री बिजली, बसों और कैजुअल लेबर को पक्का करने की बात थी, जो जमीन पर नहीं दिखी। जब हमने पूछना शुरू किया, तो जवाब मिला कि एलजी का शासन है और केंद्र का दखल रहता है। मेहराज मलिक ने कहा कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को वादे पूरा करनी चाहिए थीं, क्योंकि यह उनका मैनिफेस्टो था। वे अपने मैनिफेस्टो पर काम नहीं कर रहे हैं और उनकी खामोशी मुझे बोलने पर मजबूर कर रही है। हम अवाम के साथ धोखा नहीं कर सकते।

अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग से जुड़ें सभी : सत्या शर्मा

- दिल्ली नगर निगम का 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम आयोजित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय सिविक सेंटर के प्रांगण में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन सत्या शर्मा, निदेशक आयुष विभाग हरीश कश्यप एवं दिल्ली नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। इस वर्ष के योग दिवस की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग है। दिल्ली नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में योग के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। योग सत्र का शुभारंभ प्रातःकाल सूर्य नमस्कार से हुआ। इसके उपरांत विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान क्रियाएं कराई गईं। इस अवसर पर सत्या शर्मा ने योगाभ्यास भी किया। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वो अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग से जुड़ें एवं अपने परिवारों को भी जोड़ें। योग हमारी संस्कृति एवं परंपरा से जुड़ा प्राचीन शास्त्र है। हम रोजमर्रा की दिनचर्या का हिस्सा बनाकर अपने स्वास्थ्य का अच्छे से ध्यान रख सकते हैं। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की थीम है योग फॉर हेल्दी एजिंग। अर्थात योग को हम अपने जीवन में आत्मसात करके बढ़ती उम्र में होने वाले रोगों से बचकर एक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

एमसीडी प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए तारामंडल एवं प्रधानमंत्री संग्रहालय भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में युवाओं एवं बच्चों को तारामंडल (प्लेनेटेरियम) का भ्रमण करने तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश की उपलब्धियों और प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया था। प्रधानमंत्री की इसी प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए मेयर प्रवेश वाही ने आज दिल्ली नगर निगम के प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए तारामंडल एवं प्रधानमंत्री संग्रहालय भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मेयर प्रवेश वाही ने कहा कि दिल्ली नगर निगम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक एवं अनुभवात्मक शिक्षा के अवसर भी उपलब्ध कराए जाने चाहिए। इसी उद्देश्य से निगम विद्यालयों के विद्यार्थियों को तारामंडल एवं प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को तारामंडल की विशेषताओं, अंतरिक्ष विज्ञान की रोचक जानकारियों तथा विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में भारत की निरंतर प्रगति के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति बच्चों में जिज्ञासा और वैज्ञानिक सोच विकसित करना समय की आवश्यकता है। साथ ही प्रधानमंत्री संग्रहालय के भ्रमण से विद्यार्थियों को देश के सभी प्रधानमंत्रियों के योगदान, उनके नेतृत्व में हुए महत्वपूर्ण राष्ट्रीय विकास कार्यों तथा भारत की प्रगति की ऐतिहासिक यात्रा को समझने में सहायता मिलेगी। मेयर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम भविष्य में भी विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार के शैक्षणिक, प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर करता रहेगा, ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ व्यापक ज्ञान और अनुभव भी प्राप्त हो सके। दिल्ली नगर निगम की शिक्षा कमेटी के चेयरमैन एडवोकेट योगेश वर्मा ने बताया कि एमसीडी देश की पहली ऐसी शैक्षणिक संस्था बनी है, जिसने प्रधानमंत्री के इस संदेश को धरातल पर उतारते हुए निगम विद्यालयों के बच्चों को तारामंडल का भ्रमण कराने की पहल की है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के भव्य आयोजन के लिए एनडीएमसी पूरी तरह तैयार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। आयुष मंत्रालय द्वारा किए जा रहे राष्ट्रव्यापी प्रयासों के अनुरूप, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई)-2026 के आयोजन के लिए एनडीएमसी क्षेत्र के आठ प्रतिष्ठित स्थलों पर व्यापक तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। इस आयोजन में 5,000 से अधिक योग साधकों, स्थानीय निवासियों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए), विद्यार्थियों, अधिकारियों तथा आगंतुकों के भाग लेने की संभावना है, जिससे यह राष्ट्रीय राजधानी के हृदयस्थल में आयोजित सबसे बड़े समन्वित जन-स्वास्थ्य एवं जन-कल्याण अभियानों में से एक होगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 का आधिकारिक विषय स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग निर्धारित किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 हेतु आठ प्रमुख स्थलों का चयन किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन निम्नलिखित 08 स्थलों पर किया जाएगा। ये स्थल है शांति पथ लॉन, लोधी गार्डन, तालकटोरा गार्डन, कर्तव्य पथ, न्यू मोती बाग (आईएएस आवास), संजय झील (लक्ष्मी बाई नगर), पंडारा पार्क तथा पालिका पार्क (कनॉट प्लेस)। इन स्थलों पर योग सत्रों एवं प्रदर्शनों के संचालन हेतु प्रतिष्ठित योग संस्थाएँ जैसे आर्ट ऑफ लिविंग, पतंजलि योग समिति, गायत्री परिवार, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, ईशा योग केंद्र, द योग गुरु इंस्टीट्यूट, मोक्षायतन योग संस्थान तथा इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन एनडीएमसी के साथ सहभागिता करेंगी। कार्यक्रम के सफल एवं सुचारु आयोजन के लिए एनडीएमसी के वरिष्ठ अधिकारियों, नामित नोडल अधिकारियों, सहयोगी योग संस्थाओं तथा विभिन्न विभागों को विशिष्ट जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। व्यापक बहु-विभागीय व्यवस्थाओं के साथ एनडीएमसी तैयार है। कार्यक्रम के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के लिए एनडीएमसी ने विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों पर आधारित एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है।

दिल्लीवासियों ने जन कल्याण शिविरों का उठाया भरपूर लाभ

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली सरकार द्वारा 18 से 20 जून तक आयोजित किए जा रहे जन कल्याण शिविरों को राजधानी के नागरिकों का उत्साहजनक समर्थन मिल रहा है। शिविर के पहले दिन 18 जून को राजधानी के 42 जन सुविधा केंद्रों पर कुल 15,186 नागरिकों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं, सेवाओं और अपनी समस्याओं के समाधान से संबंधित जानकारी प्राप्त की और आवश्यक प्रक्रियाओं में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि जन कल्याण शिविरों के पहले ही दिन राजधानी के सभी क्षेत्रों में नागरिकों की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली। 42 केंद्रों पर लोगों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी प्राप्त की और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों से संपर्क किया। त्रिलोकपुरी स्थित सर्वोदय बाल विद्यालय केंद्र पर सर्वाधिक 1,280 नागरिक पहुंचे, जबकि ईस्ट लोनी रोड केंद्र पर 874 तथा सावित्री नगर केंद्र पर 841 नागरिकों की उपस्थिति दर्ज की गई।

कुतुब मीनार सेल्फी प्वाइंट से पर्यटकों को मिल रहा है आकर्षक और यादगार अनुभव

- केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने कुतुब मीनार सेल्फी प्वाइंट का किया निरीक्षण, क्षेत्रीय विधायक के काम को सराहा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। महरौली विधानसभा क्षेत्र में विकास और विरासत संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को एक और बड़ी पहचान उस समय मिली, जब केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने विधायक गजेन्द्र यादव द्वारा विकसित कुतुब मीनार सेल्फी प्वाइंट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्थल का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और उपस्थित लोगों के साथ सेल्फी लेकर इस अभिनव पहल की सराहना की। कुतुब मीनार विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक धरोहर है, जिसे देखने के लिए देश-विदेश से लाखों पर्यटक हर वर्ष महरौली पहुंचते हैं। ऐसे में विधायक गजेन्द्र यादव का विकसित यह सेल्फी प्वाइंट पर्यटकों को एक आकर्षक और यादगार अनुभव प्रदान कर रहा है। यह पहल न केवल क्षेत्र की सुंदरता बढ़ा रही है, बल्कि दिल्ली की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को भी आधुनिक स्वरूप में प्रस्तुत कर रही है। केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने निरीक्षण के दौरान कहा कि ऐतिहासिक स्थलों के आसपास इस प्रकार की सुविधाएं पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय पहचान को भी मजबूत करती हैं। उन्होंने विधायक गजेन्द्र यादव के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों की ऐसी दूरदर्शी सोच क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उल्लेखनीय है कि कुतुब मीनार सेल्फी प्वाइंट के अतिरिक्त महरौली के प्रमुख प्रवेश द्वार अंधेरिया मोड़ पर भी एक भव्य सेल्फी प्वाइंट विकसित किया गया है, जो क्षेत्र में आने वाले लोगों का स्वागत करता है और महरौली की विशिष्ट पहचान को प्रदर्शित करता है। इन दोनों परियोजनाओं ने स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों के बीच विशेष लोकप्रियता प्राप्त की है।

मेयर ने मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम एवं जन जागरूकता के लिए ऑटो रैली

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। मेयर प्रवेश वाही ने आज मच्छर जनित बीमारियों को रोकथाम एवं उनके प्रति जन जागरूकता का प्रचार करने के लिए ऑटो रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर 450 कर्मियों सहित 100 ऑटो रिक्शा को रवाना किया गया। प्रत्येक ऑटो रिक्शा पर मेयर का मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए किए जाने वाले उपायों का संदेश प्रसारित किया जाएगा एवं ऑटोरिक्शा पैम्फलेट, बैनर एवं फॉगिंग मशीन से लैस किए गए हैं। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त डॉ सतेंद्र सिंह दुर्सावत, निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक रावत, डॉ लल्लन राम वर्मा एवं दिल्ली नगर निगम के अधिकारीऔर कर्मचारी उपस्थित रहे। मेयर प्रवेश वाही ने बताया कि आज सिविक सेंटर स्थित दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय से ऑटो रिक्शा रैली का शुभारंभ किया है, जो दिल्ली नगर निगम के प्रत्येक 250 वार्डों में जाएगी। उन्होंने कहा कि यह ऑटो रिक्शा फॉगिंग मशीन एवं जन जागरूकता सामग्री जैसे मच्छर जनित बीमारियों से बचने के तरीके बताने वाले संदेश, पैम्फलेट एवं बैनर प्रसारित करेगी। मच्छर जनित बीमारियों के लिए निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों एवं फील्ड विजिट के अतिरिक्त यह रैली आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर महापौर द्वारा फॉगिंग अभियान का भी शुभारंभ किया गया।

सिकल सेल रोग: समय पर पहचान और उपचार से बचाई जा सकती हैं जिंदगियां



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सिकल सेल रोग (Sickle Cell Disease - SCD) एक गंभीर आनुवंशिक रक्त विकार है, जो आज भी एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है। यह बीमारी हीमोग्लोबिन को प्रभावित करती है, जो शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने का कार्य करता है। इस रोग में लाल रक्त कोशिकाएं सामान्य गोल आकार के बजाय दरांती (सिकल) के आकार की हो जाती हैं, जिससे रक्त प्रवाह बाधित होता है और एनीमिया, बार-बार दर्द के दौरे, संक्रमण तथा अंगों को नुकसान जैसी जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा एक्सटेंशन में सीनियर कंसलटेंट एवं रीजनल डायरेक्टर डॉ. तरुण वर्मा के अनुसार, सिकल सेल रोग हीमोग्लोबिनोपैथी नामक आनुवंशिक विकारों के समूह में आता है। इसमें दोषपूर्ण हीमोग्लोबिन बनने के कारण लाल रक्त कोशिकाएं असामान्य आकार ग्रहण कर लेती हैं, जिससे मरीजों को एनीमिया, दर्द के गंभीर दौरे और अंगों को नुकसान जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शनिवार, 20 जून, 2026

संक्षिप्त खबरें

विभाग बदले, जिम्मेदारियां बदलीं, लेकिन नजफगढ़ मार्ग का दर्द बरकरार

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली की प्रमुख यातायात धुरी माने जाने वाले नजफगढ़ मार्ग के मध्य विभाजक की बदहाली वर्षों बाद भी दूर नहीं हो सकी है। रखरखाव की जिम्मेदारी अलग-अलग विभागों को सौंपे जाने और सुधार के अनेक दावों के बावजूद उत्तम नगर से द्वारका मोड़ तक का हिस्सा आज भी अव्यवस्था, धूल और सुरक्षा संबंधी खतरों का प्रतीक बना हुआ है। कुछ माह पूर्व दिल्ली सरकार ने मेट्रो मार्गों के नीचे आने वाले प्रमुख मार्गों के सौंदर्यीकरण और रखरखाव की जिम्मेदारी दिल्ली मेट्रो रेल निगम को सौंपने का निर्णय लिया था। इस निर्णय के बाद स्थानीय लोगों को उम्मीद जगी थी कि लंबे समय से उपेक्षित इस मार्ग की तस्वीर बदलेगी, लेकिन स्थिति में कोई उल्लेखनीय सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। उत्तम नगर से द्वारका मोड़ के बीच मध्य विभाजक की हालत बेहद खराब बनी हुई है।

जेएनयू ने पीजी और एडीओपी दाखिला के लिए पहली सूची 25 को संभावित

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातकोत्तर (पीजी) और एडीओपी कार्यक्रमों का संशोधित प्रवेश कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके अनुसार, पहली मेरिट सूची 25 जून को अस्थायी रूप से जारी की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को 25 से 27 जून के बीच पूर्व नामांकन पंजीकरण, शुल्क जमा करने और सीट ब्लॉक करने की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। विश्वविद्यालय के अनुसार दूसरी मेरिट सूची तथा सुपरन्यूमेरेरी सीटों के लिए सूची तीन जुलाई को जारी की जाएगी। इसके लिए चयनित अभ्यर्थियों को तीन से पांच जुलाई तक पंजीकरण और शुल्क भुगतान करना होगा। चयनित विद्यार्थियों के दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन नौ, 10, 13, 14, 15, 16 और 17 जुलाई को किया जाएगा। रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों से अंतिम बार रुचि अभिव्यक्ति (एक्सप्रेशन ऑफ विलिंगनेस) 23 से 25 जुलाई तक मांगी जाएगी।

दिल्ली पुलिस का संयुक्त जागरूकता अभियान

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने राजधानी में नशे के खिलाफ अपनी मुहिम तेज कर दी है। नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने उत्तर और मध्य जिला पुलिस के साथ मिलकर नशे के हॉटस्पॉट इलाकों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। दिल्ली पुलिस की ओर से 12 जून से 26 जून 2026 तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न जिलों और विशेष इकाइयों की ओर से जागरूकता कार्यक्रम, जनसंपर्क अभियान और नशे के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, हर वर्ष 26 जून को अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य नशे के खिलाफ वैश्विक स्तर पर सहयोग बढ़ाना और लोगों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। अन्ना नगर और उषा माता मंदिर के पास चलाया गया अभियान 18 जून को क्राइम ब्रांच की एएनटीएफ ने उत्तर और मध्य जिले की एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड, स्थानीय थाना पुलिस और मधुमिता थिएटर के सहयोग से मध्य दिल्ली के आईटीओ स्थित अन्ना नगर और उत्तर जिला के उषा माता मंदिर के पास विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

दिल्ली से मऊ के लिए नियमित रेल सेवा शुरू

नई दिल्ली। पूर्वी उत्तर प्रदेश जाने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। रेलवे प्रशासन ने आनंद विहार टर्मिनल और मऊ के बीच नियमित रेल सेवा शुरू करने की घोषणा की है। यह सेवा 24 जून से यात्रियों के लिए उपलब्ध होगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, वर्तमान में संचालित विशेष रेल सेवा के स्थान पर अब नियमित एक्सप्रेस रेलगाड़ी चलाई जाएगी। इससे दिल्ली और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बीच यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को सुविधा मिलेगी। नई रेलगाड़ी आनंद विहार टर्मिनल से अपराह्न 3 बजे प्रस्थान कर अगले दिन प्रातः 5:45 बजे मऊ पहुंचेगी। वहीं मऊ से यह पूर्वाह्न 10:30 बजे रवाना होकर अगले दिन तड़के 3 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। मार्ग में इस रेलगाड़ी का ठहराव कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, जंघई, जौनपुर जंक्शन, शाहगंज, खोरासन रोड और मुहम्मदाबाद सहित प्रमुख स्टेशनों पर होगा।

ओ-जोन को कानूनी सुरक्षा देकर एक भी मकान नहीं टूटने देने का वादा निभाएं पीएम मोदी- संजीव झा

- दिल्लीवालों ने मोदी जी पर भरोसा कर ईडी पार्टी की सरकार बनाई, मकानों पर रोज चल रहे बुल्डोजर भरोसे को तोड़ रहे- संजीव झा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और बुराड़ी से विधायक संजीव झा ने शुक्रवार को ओ-जोन में शामिल कॉलोनियों में तोड़फोड़ की कार्रवाई को रोकने और इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए संसद में कानून बनाने की मांग को लेकर झड़ौदा पार्ट-3 में सिग्नेचर अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने दिल्लीवालों से वादा किया था कि एक भी मकान नहीं टूटेंगे। इसलिए अब वह ओ-जोन की कॉलोनियों को कानूनी सुरक्षा देकर एक भी मकान नहीं टूटने देने का अपना वादा पूरा करें। उन्होंने कहा कि दिल्लीवालों ने मोदी जी पर भरोसा कर ईडी पार्टी की सरकार बनाई थी, लेकिन मकानों पर रोज चल रहे बुल्डोजर उनके भरोसे को तोड़ रहे हैं। ऐसे में जब तक संसद में कानून नहीं बन जाता, ओ-जोन में रह रहे लाखों लोग हमेशा बुल्डोजर के डर के साए में जीते रहेंगे। बुराड़ी विधायक संजीव झा ने कहा कि हम 91 कॉलोनियों में हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं। इस अभियान के जरिए हम चाहते हैं कि प्रधानमंत्री संसद से लोगों को कानूनी संरक्षण दें। ईडी पार्टी के नेता, मंत्री, मुख्यमंत्री और सांसद लगातार आश्वासन दे रहे हैं कि मकान नहीं टूटेगा, लेकिन अगले ही दिन मकान टूट जाता है। जब तक सरकार कानूनी सुरक्षा नहीं देगी, तब तक उनकी बातों पर कोई भरोसा नहीं है। संजीव झा ने याद दिलाया कि लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी जी पर भरोसा करके वोट दिया था और प्रधानमंत्री ने कहा था कि एक भी मकान नहीं टूटेगा। आज आधी झुग्गियां उजाड़ दी गई हैं, कॉलोनियां उजाड़ दी गई हैं और रोज बुलडोजर चल रहा है। ये लोग बुलडोजर से डराने की कोशिश कर रहे हैं। जब तक लोग कानूनी तौर पर सुरक्षित नहीं होंगे, वे हमेशा बुलडोजर के साए में रहेंगे। इसलिए हस्ताक्षर अभियान चलाकर प्रधानमंत्री से लोगों को सुरक्षित करने की मांग की जा रही है। संजीव झा ने बताया कि इस हस्ताक्षर अभियान को संसद में भेजा जाएगा। अगर इसके बावजूद कानूनी सुरक्षा नहीं मिलती है, तो फिर लोगों को सड़कों पर आना पड़ेगा, इसके अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है। हम 91 कॉलोनियों के लोगों से आह्वान कर रहे हैं कि सब एकजुट होकर इस लड़ाई को लड़ेंगे और इनके अहंकार को चकनाचूर करेंगे। संजीव झा ने आगे कहा कि यह बड़ा दुर्भाग्य है कि एक गरीब पूरी जिंदगी की कमाई लगाकर अपना मकान बनाता है ताकि उसके बच्चे सुरक्षित रहें और आज उन पर बुलडोजर का खौफ दिखाकर इसकी आड़ में राजनीति की जा रही है। ईडी पार्टी के लोगों को लगता है कि लोग इनके बुलडोजर से डर जाएंगे, लेकिन ये गलतफहमी पाल कर बैठे हैं। लोग तब तक ही इंतजार कर रहे हैं जब तक इन्हें कानूनी संरक्षण मिलने की उम्मीद है। अगर यह संरक्षण नहीं मिला, तो लोग सड़कों पर आएंगे और उसी संसद के पास जाकर बैठेंगे, जहां जनता ने इन लोगों को चुनकर भेजा है। संजीव झा ने कहा कि इस अभियान में क्षेत्र के बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर अपने हस्ताक्षरों के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद की।

एक एफआईआर ने खोल दी ईडी पार्टी की सरकार में टेंडरों में हो रहे भ्रष्टाचार की पोल- सौरभ भारद्वाज

- चुनिंदा ठेकेदारों के साथ करोड़ों रुपए की बंदरबांट करने के लिए सरकारी टेंडर्स की शर्तों में बदलाव किया जा रहा- सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। ईडी पार्टी (भाजपा) की सरकार में दिल्ली के विभिन्न विभागों से जारी हो रहे टेंडरों में करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार हो रहा है। एक आरोप लक्ष्मी नगर थाने में दर्ज एक एफआईआर से हुआ है। यह एफआईआर की सोशल मीडिया और वाट्सएप ग्रुप पर तेजी से शेयर की जा रही है। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने बताया कि यह एफआईआर ईडी पार्टी से जुड़े लोग ही वाट्सएप ग्रुपों साझा कर रहे हैं। एफआईआर के मुताबिक, दिल्ली सरकार के करीबी पंकज जैन ने शिकायतकर्ता से टेंडर में गड़बड़ी को लेकर कमीशन मांगा और कमीशन नहीं मिलने पर जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि चुनिंदा ठेकेदारों के साथ करोड़ों रुपए की बंदरबांट करने के लिए सरकारी टेंडर्स की शर्तों में बदलाव किया जा रहा है। शुक्रवार को आप मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के अंदर जब से ईडी पार्टी की सरकार बनी है, टेंडरों के अंदर भ्रष्टाचार की खबरें लगातार आा रही हैं। कांवड़ प्रबंधन में लगने वाले टेंट हाउसों के टेंडर में गंभीर आरोप लग रहे हैं। अस्पतालों और डिस्पेंसरियों के अंदर दवा, उपकरण, चादर आदि खरीदनने से संबंधित टेंडर में लगातार आरोप लग रहे हैं। जल बोर्ड के टेंडर में भी लगातार आरोप लग रहे हैं। हर बार आरोप इस तरीके के लग रहे हैं कि ईडी पार्टी की सरकार के अधीन टेंडर्स की शर्तों के अंदर बदलाव करके अपने चुनिंदा ठेकेदारों के साथ करोड़ों रुपए की बंदरबांट की जा रही है। सौरभ भारद्वाज ने बताया कि गुरुवार शाम से एक एफआईआर व्हाट्सएप पर घूम रही है और ज्यादातर ईडी पार्टी से जुड़े लोग ही इस एफआईआर को फॉरवर्ड कर रहे हैं। मेरे पास खुद व्यक्तिगत तौर पर कई अलग-अलग स्रोतों से यह एफआईआर आई। जब पता किया गया कि किसने भेजी, तो पता चला कि ईडी पार्टी के ही किसी नेता ने भेजी है। ईडी पार्टी के लोग ही इस एफआईआर को भेज रहे हैं।

दिल्ली के पहले महिला पुलिस स्टेशन का शुभारंभ

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शुक्रवार को उत्तरी दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के पहले महिला पुलिस स्टेशन का उद्घाटन किया गया। इस कदम का मकसद महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करना और उनके खिलाफ होने वाले अपराधों से निपटने के तरीके को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित और सशक्त महिला ही प्रगतिशील समाज की नींव होती है। इस मौके पर दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा, पुलिस अधिकारी और महिला पुलिस स्टेशन की एसएचओ लक्ष्मी सिंह मौजूद रहीं। उपराज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस विजन से प्रेरित होकर कि नारी शक्ति ही राष्ट्र-निर्माण की आधारशिला है, यह महत्वपूर्ण संस्थान महिलाओं को बिना किसी डर के अपनी शिकायतें दर्ज कराने, न्याय पाने और सहायता प्राप्त करने के लिए एक सहयोगी और सुरक्षित वातावरण प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस की महिला-सुरक्षा से जुड़ी प्रमुख पहलों, जैसे पिंक बूथ और सशक्ति अभियान की भी समीक्षा की। पुलिस बल को राजधानी में ऐसे और केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि महिला-अनुकूल पुलिसिंग और तत्परता से कानून लागू करने की दिशा में एक नया मानक स्थापित किया जा सके।उपराज्यपाल ने कहा कि एक सुरक्षित और सशक्त महिला ही प्रगतिशील समाज की नींव होती है। हम सब मिलकर एक सुरक्षित, समावेशी और सशक्त विकसित दिल्ली के निर्माण की दिशा में काम करते रहेंगे।

ब्री कैंप की 700 झुग्गियों पर संकट, बेघर होने का डर

नई दिल्ली। लुटियंस दिल्ली स्थित ब्री कैंप झुग्गी बस्ती में रहने वाले 700 से अधिक परिवारों पर बेघर होने का खतरा मंडरा रहा है। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अधिकारियों ने झुग्गियों पर निशान लगाकर हटाने की तैयारी शुरू कर दी है, जिससे लोगों में चिंता बढ़ गई है। बस्ती के निवासियों का कहना है कि उन्हें दूर स्थित सवदा घेवरा में बसाए जाने की योजना से उनकी आजीविका प्रभावित होगी। अधिकांश परिवार आसपास के क्षेत्रों में कार्य कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं और विस्थापन की स्थिति में रोजगार संकट खड़ा हो सकता है। तोड़फोड़ की आशंका के बीच कई परिवार अपने घरों से दरवाजे, खिड़कियां और अन्य उपयोगी सामान निकालने में जुट गए हैं।

भारत बिल्डकॉन 2026 के दूसरे दिन व्यापारिक गतिविधियों में जबरदस्त तेजी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। भारत के बिल्डिंग मैटेरियल्स और कंस्ट्रक्शन उद्योग की प्रमुख प्रदर्शनी भारत बिल्डकॉन 2026 वन नेशन, वन एक्सपो के दूसरे दिन यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में उद्योग जगत की शानदार भागीदारी देखने को मिली। प्रदर्शनी में देश-विदेश के खरीदारों, आर्किटेक्ट्स, डेवलपर्स, कॉन्ट्रैक्टर्स, निमार्ताओं, व्यापारियों, नीति निमार्ताओं, सलाहकारों और उद्योग संगठनों की बड़ी उपस्थिति दर्ज की गई। प्रदर्शनी के दूसरे दिन व्यापक बिजनेस इंटरैक्शन, खरीदार-विक्रेता बैठकें, उत्पाद प्रदर्शन और ज्ञान-विनिमय सत्र आयोजित किए गए, जिससे भारतीय निमार्ताओं को अपने बाजार का विस्तार करने और वैश्विक व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुए।भारत बिल्डकॉन के निदेशक श्री विशाल आचार्य ने कहा, पहले दो दिनों में मिला जबरदस्त प्रतिसाद भारत के विनिर्माण क्षेत्र में वैश्विक विश्वास को दशार्ता है। अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और व्यापार प्रतिनिधिमंडलों की उपस्थिति भारतीय कंपनियों को निर्यात बढ़ाने का सीधा अवसर प्रदान कर रही है। भारत बिल्डकॉन के निदेशक श्री जितेंद्र कथीरिया ने कहा, इस तरह के बड़े आयोजन केवल प्रदर्शनी तक सीमित नहीं रहते बल्कि विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, आतिथ्य, परिवहन और सेवा क्षेत्रों में भी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं। यहां हो रही हजारों व्यापारिक बैठकें भविष्य में महत्वपूर्ण व्यावसायिक समझौतों का रूप ले सकती हैं। भारत का निर्माण और बिल्डिंग मैटेरियल्स क्षेत्र देश की आर्थिक वृद्धि के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक बनकर उभर रहा है। वर्तमान में निर्माण क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में लगभग 9 प्रतिशत योगदान देता है और 5.1 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करता है।

कैशलेस चिकित्सा सुविधा पर मुख्यमंत्री सहित जनप्रतिनिधियों का होगा अभिनंदन

नई दिल्ली। दिल्ली विद्युत बोर्ड पेंशनर्स एवं कर्मचारी-अधिकारी संयुक्त मोर्चा द्वारा डेसू पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा पुनः लागू किए जाने के उपलक्ष्य में सम्मान एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 24 जून को दोपहर 1:00 बजे शाह ऑडिटोरियम, सिविल लाइंस, कश्मीरी गेट बस अड्डे के निकट आयोजित होगा। मोर्चा के प्रधान हरिराम भारद्वाज और वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि समारोह में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, ऊर्जा मंत्री आशीष सूद तथा आरके पुरम के विधायक अनिल कुमार शर्मा का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के सकारात्मक प्रयासों से पेंशनरों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो सकी है, जिसके लिए आभार व्यक्त करने हेतु यह आयोजन किया जा रहा है।

सुशासन के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : तरनजीत सिंह संधू

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित सुशासन के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता शासन व्यवस्था को केवल मंच आधारित प्रणाली से आगे बढ़ाकर बुद्धिमत्ता आधारित प्रणाली में परिवर्तित करने की अभूतपूर्व क्षमता रखती है। अपने मुख्य वक्तव्य में उपराज्यपाल ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित व्यवस्थाओं से सार्थक और प्रभावी परिणाम तभी प्राप्त किए जा सकते हैं, जब वे भारत की भाषाई, सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक विविधता को समुचित रूप से प्रतिबिंबित करें। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विविधताओं से परिपूर्ण देश में तकनीकी समाधानों को स्थानीय आवश्यकताओं और वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप स्वदेशी कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षमताओं के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पारदर्शिता, आंकड़ों की गोपनीयता और जनविश्वास ऐसे मूलभूत तत्व हैं, जिन पर भविष्य की तकनीकी व्यवस्थाओं की सफलता निर्भर करेगी। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल तकनीकी प्रगति का माध्यम नहीं है, बल्कि यह प्रशासनिक दक्षता, जवाबदेही और जनसेवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का प्रभावी साधन भी बन सकती है।

अमर हो गए बवाना गांव के मास्टर धनीराम : डॉ दयानंद वत्स

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। शिक्षाविद डॉ दयानंद वत्स भारतीय ने कहा कि बवाना गांव का कहीं जिक्र हो और धनीराम मास्टर जी का नाम जुबान पर न आए, ऐसा हो ही नहीं सकता। आज मास्टरजी हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका अपनापन आज भी हमारे साथ है। अपने जीवनकाल और सेवाकाल में उन्होंने हजारों छात्रों को अच्छा इंसान बनाया। सामाजिक कामों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित होती थी। प्यार से लोग उन्हें धन्नी मास्टर के नाम से जानते और उच्चारित करते थे। मेरा उनसे लगभग 50 बरसों का साथ था। उससे पहले मेरे पूज्य पिताजी मास्टर ओमप्रकाश शर्मा जी बरवाला गांव दिल्ली वाले से उनका पारिवारिक रिश्तों थे। शिक्षाविद डॉ दयानंद वत्स भारतीय ने बताया कि मेरी उनसे आखिरी भेंट बापडोला गांव में प्रोफेसर राजबीर सिंह की माताजी की सत्रहवीं कार्यक्रम में हुई। मैंने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया और पूछा पहचाना आपने तो उन्होंने ना में सिर हिलाया। मैंने उन्हें बताया कि मैं बरवाला गांव से दयानंद वत्स। नाम सुनते ही वे मुझसे लिपट गए और बहुत खुशी व्यक्त की। इतनी लंबी आयु के बावजूद वह सभी सामाजिक कार्यक्रमों में शरीक होते थे। सिर पर ग्रामीण पगड़ी, धोती, कुर्ता उनके व्यक्तित्व को नई पहचान देता था। हजारों लोगों की उनसे जुड़ी लाखों यादें जुड़ी हैं। मास्टर धनी राम जी महामानव के रुप में सदैव के लिए अमर हो गए हैं। धन्नी मास्टर कभी मरा नहीं करते।

संस्थान का शोध नीति निर्माण और सामाजिक विकास में सहायक – प्रो. डॉ. मोतीलाल महामल्लिक

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

विकास अध्ययन, सामाजिक अनुसंधान और जनकल्याणकारी नीतियों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रो. डॉ. मोतीलाल महामल्लिक ने अपने अकादमिक अनुभव, शोध कार्यों और सामाजिक सरोकारों के माध्यम से विकास विमर्श को नई दिशा प्रदान की है । प्रो. महामल्लिक ने ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय, आजीविका संवर्धन, जनभागीदारी और सतत विकास जैसे विषयों पर व्यापक अध्ययन एवं शोध कार्य किए हैं। उनके शोध निष्कर्षों का उपयोग नीति निर्माण, शैक्षणिक संस्थानों और विकास संगठनों द्वारा किया जाता रहा है। उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में शोधपत्र प्रस्तुत कर संस्थान और राजस्थान का गौरव बढ़ाया है । शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में उनके निर्देशन में कई शोध परियोजनाएँ सफलतापूर्वक पूर्ण हुई हैं, जिनसे समाज के वंचित और ग्रामीण वर्गों के विकास संबंधी मुद्दों को समझने और समाधान खोजने में सहायता मिली है । शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध नवाचार और समाज के प्रति समर्पण के कारण प्रो. डॉ. मोतीलाल महामल्लिक को विभिन्न मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है। उनके कार्य युवा शोधार्थियों और शिक्षाविदों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

मंगोलपुरी में फर्नीचर दुकान में लगी भीषण आग

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में देर रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। संजय गांधी अस्पताल के पीछे स्थित ऑटो मार्केट के पास एक फर्नीचर की दुकान में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दमकल विभाग की कई गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन दुकान मालिक को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा। घटना रात करीब तीन बजे की है। स्थानीय लोगों ने अचानक दुकान से उठती आग की लपटें और धुआं देखा, जिसके बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की करीब आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया।

दिल्ली पुलिस ने ऑटो लिफ्टर को किया गिरफ्तार, चोरी की दो गाड़ियां बरामद

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। पूर्वी जिले की दिल्ली पुलिस ने वाहन चोरी और सड़क अपराध के खिलाफ एक ऑटोलिफ्टर को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में पुलिस ने चोरी की दो बाइक और चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किए। इस गिरफ्तारी से अलग-अलग थानों में दर्ज कुल चार चोरी के मामलों का खुलासा हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रोहित उर्फ ह्यपिस्टलह्ण के रूप में हुई है। उसे मधु विहार थाना पुलिस की टीम ने एक विशेष सूचना के आधार पर चलाए गए ऑपरेशन में पकड़ा। पुलिस के अनुसार, आरोपी लूट, छिनैती और वाहन चोरी जैसे कई आपराधिक मामलों में पहले से शामिल रहा है। यह कार्रवाई पूर्वी जिला पुलिस की उस लगातार मुहिम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य वाहन चोरी, छिनैती और अन्य सड़क अपराधों पर रोक लगाना है। इस ऑपरेशन के लिए एक विशेष टीम का गठन इंस्पेक्टर संदीप आर्य (मधु विहार थाने के कार्यवाहक एसएचओ) की देखरेख में और एसीपी मधु विहार सब-डिवीजन के समग्र मार्गदर्शन में किया गया था। टीम में हेड कांस्टेबल अरुण, सचिन त्यागी और नीरज शामिल थे। पुलिस को 16 जून को मुखबिर से सूचना मिली कि एक ऑटो लिफ्टर जोशी कॉलोनी स्थित तारावती अस्पताल के पास करीब 8,000 रुपये में चोरी का स्कूटर बेचने आने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके में निगरानी शुरू कर दी। उसी दिन शाम में संदिग्ध व्यक्ति बिना नंबर प्लेट वाली टीवीएस एन-टॉर्क स्कूटर पर वहां पहुंचा, जिसे पुलिस ने मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रोहित उर्फ पिस्टल बताया, जो पूर्वी दिल्ली के मंडावली का रहने वाला है। स्कूटर की जांच करने पर पता चला कि यह वाहन शकरपुर इलाके से चोरी हुआ था और इस संबंध में 15 जून को ई-एफआईआर दर्ज की गई थी।

सर्दियों में प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली सरकार ने जून में ही जारी किया विंटर एक्शन प्लान

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की ओर से सर्दियों में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए अभी से ही बड़े कदम उठाए जाने लगे हैं, जिसको लेकर दिल्ली सरकार की ओर से जानकारी साझा की गई है। सीएमओ दिल्ली की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी दी गई कि दिल्ली सरकार ने सर्दियों में प्रदूषण नियंत्रण के लिए जून में ही प्रोडक्टिव विंटर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट फ्रेमवर्क अधिसूचित कर दिया है, ताकि नागरिकों, उद्योगों, संस्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और निर्माण एजेंसियों को नवंबर से पहले पर्याप्त तैयारी का समय मिले और दिल्लीवासियों को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े। सीएमओ दिल्ली की ओर से एक्स पर बताया गया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में यह व्यवस्था सामान्यतः हर वर्ष 1 नवंबर से 28 फरवरी तक ग्रैप के साथ लागू रहेगी। सीएमओ की ओर से बताया गया कि वैध पीयूसीसी वाले वाहनों को ही पेट्रोल पंपों पर ईंधन मिलेगा। 1 नवंबर से 31 जनवरी तक दिल्ली के बाहर पंजीकृत गैर-बीएस फोर कमर्शियल वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। सीएनजी, ईवी, आपातकालीन सेवाओं और सरकारी कार्यों से जुड़े वाहनों को छूट मिलेगी। इसके साथ ही 1 नवंबर से 28 फरवरी तक अधिकृत पार्किंग स्थलों पर पार्किंग शुल्क दोगुना रहेगा। सरकार की ओर से बताया गया कि आवश्यकता पड़ने पर कार्यालयों के समय में बदलाव और सरकारी-निजी कार्यालयों में 50 प्रतिशत तक लोगों को बुलाने की व्यवस्था लागू की जा सकेगी।

पाकिस्तान में सिख दंपति की हत्या से रोष, न्याय की उठी मांग

नई दिल्ली। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में गुरुद्वारा के सेवादार दंपति की हत्या के बाद दिल्ली के सिख समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। घटना की व्यापक निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग उठाई गई है। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने इस घटना को अत्यंत दुखद और चिंताजनक बताया है। कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका तथा महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि सेवा कार्यों में समर्पित दंपति की हत्या मानवता के विरुद्ध गंभीर अपराध है।उन्होंने कहा कि गुरु घर की सेवा में लगे निहत्थे लोगों को निशाना बनाया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कमेटी ने पाकिस्तान सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा कठोर दंड सुनिश्चित करने की मांग की है। सिख समाज के विभिन्न संगठनों और प्रमुख व्यक्तियों ने भी घटना पर शोक व्यक्त करते हुए अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए दोषियों को उदाहरणात्मक दंड दिया जाना चाहिए।

पूर्व मंत्री इमरान हुसैन सम्मानित, जनसेवा और विकास कार्यों को मिली सराहना

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री एवं बल्लीमारान से तीन बार निर्वाचित विधायक इमरान हुसैन का प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक समारोह में अभिनंदन किया गया। एक्रेडिटेड जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा राष्ट्र टाइम्स के संपादक विजय शंकर चतुर्वेदी ने उन्हें सम्मानित करते हुए विशेष स्मारिका भेंट की। समारोह के दौरान विजय शंकर चतुर्वेदी ने इमरान हुसैन को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया और पुरानी दिल्ली में विकास कार्यों, जनसेवा तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इमरान हुसैन ने शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।अपने संबोधन में इमरान हुसैन ने राष्ट्र टाइम्स की निष्पक्ष और जनहितकारी पत्रकारिता की प्रशंसा करते हुए इसके 45 वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विजय शंकर चतुर्वेदी के पत्रकारिता जीवन के 53 वर्ष पूरे होने पर उन्हें बधाई देते हुए उनके योगदान को प्रेरणादायी बताया। इमरान हुसैन ने कहा कि स्वतंत्र और जिम्मेदार पत्रकारिता लोकतंत्र की मजबूती का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र टाइम्स ने वर्षों से जनसरोकारों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर अपनी विश्वसनीय पहचान बनाई है।

फरीदाबाद में मंत्री गुर्जर का राहुल गांधी पर पलटवार

● बोले- लोकतंत्र और न्यायपालिका पर भरोसा नहीं, हर मुद्दे पर पीएम की आलोचना करते है

प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबाद में कार्यक्रम में शामिल होते केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए। फरीदाबाद में कार्यक्रम में शामिल होते केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए। फरीदाबाद जिले के आईएमटी क्षेत्र में आयोजित आज एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नीट परीक्षा को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा देने वाले छात्र तनाव में नहीं हैं, बल्कि राहुल गांधी ज्यादा तनाव में नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार चुनाव हारने के बाद कांग्रेस नेता बौखलाए हुए हैं और देश में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि राहुल गांधी को लोकतंत्र और न्यायपालिका पर भरोसा नहीं है और वह हर मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल पूरे हो चुके हैं। इन 12 वर्षों में देश ने विकास के कई बड़े काम किए हैं। सरकार की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाने के लिए पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को फरीदाबाद के आईएमटी क्षेत्र में ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के तहत पौधारोपण और स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई। सफाई अभियान में शामिल, पौधे लगाए इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने उद्योगपतियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों के साथ मिलकर पौधे लगाए तथा सफाई अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति में उद्योगपतियों, डॉक्टरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम के दौरान आईएमटी क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों और कर्मचारियों की सुविधा के लिए एक क्लीनिक का भी शुभारंभ किया गया। हरियाणा में चल रहे एसआईआर को लेकर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर भी कृष्ण पाल गुर्जर ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह अभियान सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार चलाया जा रहा है। बीएलओ के भाजपा नेताओं के कार्यालयों में बैठकर काम करने के आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के पास बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हैं, जबकि कांग्रेस के पास कार्यकर्ताओं की कमी है। वहीं अन्य दलों के सांसदों और नेताओं के भाजपा में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के दरवाजे सभी के लिए खुले हैं। जो भी व्यक्ति भाजपा की नीतियों और विचारधारा में विश्वास रखता है, उसका पार्टी में स्वागत है।

गुरुग्राम में राहुल गांधी के जन्मदिन पर जश्न

● कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम, प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और राज बब्बर करेंगे शिरकत

प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम। में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया जा रहा है। जिसे लेकर कमान सराय स्थित कांग्रेस कार्यालय में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में उत्साह देखा जा रहा है। इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और कार्यालय को तिरंगे और गुब्बारों से सजाया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता और पूर्व सांसद राज बब्बर विशेष रूप से शिरकत करेंगे। उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश है। जैसे ही वरिष्ठ नेता कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे, उनका स्वागत के बाद केक काटा जाएगा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करेंगे। हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह इस कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संबोधित भी करेंगे। उनका मुख्य फोकस राहुल गांधी के ह्यमोहब्बत की दुकानह्न के संदेश और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर रहेगा। राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कार्यक्रम इसके साथ ही, दोपहर के इस मुख्य आयोजन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय स्तर पर गरीब और जरूरतमंद लोगों को फल, भोजन और मिठाई वितरित करने की भी योजना है। इस कार्यक्रम को आगामी राजनीतिक गतिविधियों और पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। क्योंकि संगठन इस तरह के कार्यक्रमों से कांग्रेसियों को एकजुट करने में जुटा है।

गुरुग्राम में कुत्तों के भौंकने पर गाड़ी चढ़ाई

● मार्केट में स्टंट कर रहा था, टायर की आवाज सुन जागे; एक मिनट तक पीछे दौड़ाई

प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम। में कुत्तों के भौंकने पर एक कार सवार ने उनके ऊपर गाड़ी चढ़ा दी। स्थानीय लोगों का कहना है- युवक काफी देर से मार्केट में स्टंट कर रहा था। जब टायरों से तेज आवाज निकलने लगी तो कुत्ते उसकी ओर भौंकने लगे। इसके बाद कार चालक ने कार बैक की और करीब एक मिनट तक कुत्तों के पीछे दौड़ाता रहा। इस दौरान कुत्ते गाड़ी से बचकर भागते रहे, एक कुत्ता तो टायर के पास से बचकर निकला। अब इस घटना का एक वीडियो भी सामने आई है। इसमें युवक स्टंटबाजी करते हुए एक ही जगह गाड़ी घुमा रहा है। इस दौरान खरीदारी करने आए कुछ लोग भी कार की टक्कर से बाल-बाल बचे। जसवंत यादव नाम के एक पशु प्रेमी में कार ड्राइवर के खिलाफ गुरुग्राम पुलिस को ऑनलाइन शिकायत भेजी है। सोशल मीडिया पर भी यूजर आरोपी ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। गाड़ी की स्पीड देख भागे कुत्ते: गुरुग्राम के मानेसर सेक्टर-1 में गुरुवार दोपहर मारुति स्विफ्ट कार सवार ने सड़क पर लेटे कुत्तों पर कार चढ़ा दी। इस घटना से जुड़ा 53 सेकेंड का एक वीडियो भी सामने आया है। कार इतनी स्पीड में थी कि कुत्ते उसे देखते इधर-उधर भागने लगे। सड़क पर उठती रही धूल: वीडियो में साफ दिख रहा है, कार सवार तेज स्वीड में कुत्तों को गाड़ी से कुचलने का प्रयास करता है। इस दौरान सड़क पर धूल उड़ती दिखाई देती है। जैसे ही गाड़ी आगे बढ़ती है, कुत्ते अलग-अलग दिशा में भागने लगते हैं। इस दौरान कार सवार ने एक ही जगह तीन बार गाड़ी को राउंड-राउंड घुमाया। गाड़ी के नीचे से क्रॉस हुआ: गाड़ी के देख कुछ भोंकने लगते हैं। इसके बाद ड्राइवर गुस्से में दोबारा कुत्तों के पीछे गाड़ी दौड़ाने लगता है। इस दौरान एक कुत्ता गाड़ी के नीचे आ गया, गाड़ी की स्पीड इतनी थी कि एक सेकेंड से भी कम समय में कुत्ते कार की दूसरी साइड से निकल गया। यह बेहद खतरनाक हरकत है। बाजार में हर समय ग्राहक, बच्चे और बुजुर्ग आते-जाते रहते हैं। सिर्फ सोशल मीडिया पर रील बनाने या स्टंट दिखाने के लिए लोगों और बेजुबान जानवरों की जान जोखिम में डालना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पुलिस को मामले पर कार्रवाई करनी चाहिए। - फुलकवर, शॉपिकपर आईएमटी मानेसर सेक्टर-1 मार्केट कोई रेस ट्रैक नहीं है। कार सवार ने जिस तरह वाहन चलाया, उससे बड़ा हादसा हो सकता था। अगर कोई राहगीर चपेट में आ जाता तो गंभीर परिणाम सामने आते। प्रशासन को वीडियो की जांच कर चालक की पहचान करनी चाहिए। - अनिल यादव, स्थानीय निवासी

गुरुग्राम में लॉ-एंड-ऑर्डर की 5 कंपनियां तैनात

● दंगा, प्रदर्शन और आपात स्थिति से निपटने को तैयार, अउझ के नेतृत्व में 535 जवान लगाए

प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम। जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं त्वरित रिस्पांस के लिए 5 विशेष लॉ-एंड-ऑर्डर कंपनियों का गठन किया गया है। ये कंपनियां इमरजेंसी और संवेदनशील मौकों पर तुरंत एक्टिव होंगी। नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर ने लॉ-एंड-ऑर्डर कंपनियों में 4 कंपनियां जोनवार बनाई हैं। जिनमें पुलिस की ईस्ट जोन, वेस्ट जोन, साउथ जोन और मानेसर जोन की एक-एक कंपनी शामिल है। इसके अतिरिक्त एक कंपनी पुलिस उपायुक्त मुख्यालय के अधीन कार्य करेगी। आवश्यकता पड़ने पर इन कंपनियों को जिले के किसी भी क्षेत्र में तत्काल तैनात किया जा सकेगा। प्रत्येक लॉ-एंड-ऑर्डर कंपनी में कुल 107 पुलिसकर्मी नियुक्त किए गए हैं। प्रत्येक कंपनी का नेतृत्व एसीपी रैंक के अधिकारी द्वारा कंपनी कमांडर के रूप में किया जाएगा, जबकि इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी असिस्टेंट कमांडर के रूप में कंपनी के संचालन एवं कॉर्डिनेशन की जिम्मेदारी निभाएंगे। 24 घंटे हाई-अलर्ट मोड ये कंपनियां चौबीसों घंटे हाई-अलर्ट मोड पर रहेंगी। किसी भी आपात स्थिति, दंगे, विरोध-प्रदर्शन या संवेदनशील घटना की सूचना मिलते ही इन्हें तुरंत वायरलेस संदेश के जरिए एक्टिव किया जाएगा। जोन की कंपनियां अपने इलाके में तुरंत मोर्चा संभालेंगी, जबकि मुख्यालय की रिजर्व कंपनी बैकअप के रूप में तैनात रहेगी। इनका संचालन मिलिट्री स्टाइल में होगा, जहां एसीपी रणनीति बनाएंगे और इंस्पेक्टर जमीन पर 107 जवानों के बल के साथ त्वरित एक्शन लेंगे। यह ढांचा गुरुग्राम पुलिस के रिस्पॉन्स टाइम को बेहद कम कर देगा। 5 कंपनियां और बनाई जाएंगी पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि गुरुग्राम में भविष्य की आवश्यकताओं एवं बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए 5 अतिरिक्त लॉ-एंड-ऑर्डर कंपनियों के गठन की भी योजना बनाई गई है। इन अतिरिक्त कंपनियों के गठन के बाद जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई करने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की क्षमता में और अधिक वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षित एवं संगठित स्वरूप में कार्य करने वाली ये कंपनियां गुरुग्राम पुलिस की कानून व्यवस्था बनाए रखने की क्षमता को और अधिक सशक्त करेंगी।

हरियाणा के 9 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी

● 2 दिन खराब रहेगा मौसम; पिछले हफ्ते 50% अधिक बारिश हुई, जिलावाइज डिटेल जानें

प्रात : किरण संवाददाता

हरियाणा में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज और कल मौसम खराब रहेगा। मौसम विभाग ने 9 जिलों में आंधी और बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, चरखी दादरी, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, नूंह और पलवल में आंधी के साथ बारिश की संभावना है। तीन दिन बाद 22 जून से एक और पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होगा, जिसके प्रभाव से दो दिन मौसम प्रभावित रहेगा। वहीं, कल हरियाणा के औसत तापमान में पिछले दिन के मुकाबले 1.6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इधर, प्रदेश में इस बार सामान्य से अधिक बारिश हुई है। पिछले एक सप्ताह के दौरान सामान्य से करीब 50 परसेंट अधिक बारिश हुई। सबसे अधिक बढ़ोतरी पलवल में दर्ज की गई, जहां 107 परसेंट अधिक बारिश हुई, वहीं अंबाला में सबसे कम बारिश हुई। हरियाणा में इस बार जून के महीने में भीषण गर्मी में भी जमकर बारिश हुई है। मौसम विभाग (क्टऊ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 1 जून से 18 जून तक पूरे हरियाणा में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई है। 1 जून से 18 जून के बीच पूरे हरियाणा में 26.4 टट बारिश दर्ज की जा चुकी है। इस पीरियड में सामान्य बारिश 24.9 टट मानी जाती है। इस बार हरियाणा में सामान्य के मुकाबले 6% अधिक बारिश हुई है। अगर केवल पिछले हफ्ते (12 जून से 18 जून) की बात करें, इस दौरान सामान्य 13.5 टट के मुकाबले 50% अधिक यानी 20.2 टट बारिश हुई। 23 जून तक मौसम बदलता रहेगा: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार, हरियाणा में मौसम 23 जून तक परिवर्तनशील रहने व बीच बीच में आंशिक बादलवाई और हवाओं की दिशा में बदलाव की संभावना है। पहाड़ों की तरफ बढ़ेगा पश्चिमी विक्षोभ: इस दौरानपश्चिमी विक्षोभ पहाड़ों की तरफ बढ़ने तथा राजस्थान व पंजाब के ऊपर साइक्लोनिक सरकुलेशन बनने की संभावना है।

हरियाणवी सिंगर से रेप, सब इंस्पेक्टर- सरकारी डॉक्टर पर FIR

● गायक बोली- रक्ने होटल बुला ड्रिंक पिलाई, शादी का वादा कर महीनों शोषण किया

प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबाद । हरियाणवी स्टेज डांसर-सिंगर से रेप मामले में होमगार्ड रकऔर पलवल सिविल अस्पताल के डॉक्टर के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इसके अलावा 2 हवलदारों के नाम भी एफआईआर में शामिल हैं। लेडी सिंगर ने होमगार्ड रकमनोज कुमार पर शादी का झांसा देकर कई महीनों तक रेप का आरोप लगाया था। महिला ने कहा था- एक केस के सिलसिले में थाने गई थी। वहां एक पुलिसकर्मी ने उसे मनोज से मिलवाया। मनोज ने मदद करने के लिए एक होटल में बुलाया, जहां उसे नशीला पदार्थ खिलाकर रेप किया गया। इसके बाद कई माह तक उसका शोषण किया गया। वहीं, आरोपी मनोज पहले से ही शादीशुदा है, उसके तीन बच्चे भी हैं। थाने में एसआई से मुलाकात हुईः पलवल की रहने वाली लेडी स्टेज डांसर-सिंगर ने 4 जून को पलवल शहर थाने में शिकायत में कहा था- फरवरी में वह बेटी के साथ एक मामले को लेकर थाने गई थी। यहां महेंद्र नाम के एक पुलिसकर्मी ने उसकी मुलाकात होमगार्ड रकमनोज से कराई। कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ दियाः महिला के अनुसार, इसके बाद मनोज केस में मदद करने के बहाने घर आया। उसने कहा था कि फरीदाबाद के एक होटल में आ जाए, वहां किसी अधिकारी से मिलवाना है। होटल पहुंचने के बाद मनोज ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ देकर बेहोश कर दिया। शादी का झांसा देकर महीनों तक रेपः महिला का कहना है कि बेहोशी की हालत में मनोज ने उसके साथ रेप किया। जब उसने मनोज की शिकायत करने की बात कही, तो आरोपी शादी का झांसा देने लगा। इसके बाद कई महीनों तक उसके साथ रेप किया गया।

नूंह में मिला गुरुग्राम के युवक का शवदिल्ली- अलवर रोड पर झाड़ियों में पड़ा

प्रात : किरण संवाददाता



नूंह। जिले से गुजरने वाले एनएच-248E (दिल्ली-अलवर रोड) पर गांव कांवर्सिका के पास शुक्रवार सुबह सड़क किनारे झाड़ियों में एक युवक का शव मिला। राहगीरों ने शव देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही रोजका मेव थाना पुलिस मौके पर पहुंची, घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस जांच में मृतक की पहचान गुरुग्राम जिले के सांचोली गांव निवासी 32 वर्षीय अब्दुल के रूप में हुई। पहचान होने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचित किया, जिसके बाद परिवार के सदस्य भी मौके पर पहुंच गए। रोजका मेव थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा मौत के कारणों का खुलासा प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत अधिक नशा करने के कारण हुई हो सकती है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने से पहले किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा। पुलिस ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास के लोगों से भी पूछताछ शुरू कर दी है। इसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि युवक वहां किन परिस्थितियों में पहुंचा और उसकी मौत कैसे हुई। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की गहनता से जांच कर रही है।

नशामुक्त अभियान की रूपरेखा बनाई

पलवल। जिले में 26 जून तक चल रहे ह्यनशामुक्त भारत पखवाड़ाह्न के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को उपायुक्त डॉ. जयेन्द्र सिंह छिल्लर ने अधिकारियों की बैठक ली। इसमें विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां तय की गईं और जागरुकता गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को अभियान को गांव-गांव और आमजन तक पहुंचाने पर विशेष जोर देने को कहा गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग अभियान को जन आंदोलन का रूप देने में सहयोग करें।

तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ

पलवल। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर जिला सचिवालय में तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी का गुरुवार को शुभारंभ खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने किया। इसके साथ आयोजित जनकल्याण शिविर में उन्होंने लोगों की शिकायतें सुनकर अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण ही विकास और सुशासन की पहचान है। जिला सचिवालय के भूतल पर सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से ह्य12 साल विश्वास के, विकास के एवं जन-कल्याण केह्न विषय पर विकास प्रदर्शनी लगाई गई है। गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। इसके बाद जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनकल्याण शिविर में मंत्री ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता और प्रशासन के बीच संवाद मजबूत करने के उद्देश्य से ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

गुरुग्राम में पकड़े बंगलादेशियों के मोबाइल से खुलासा

● एनसीआर में 100 से ज्यादा लोगों के छिपे होने की आशंका, 15 हजार में सीमा पार

प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम । जिले में 3 दिन पहले पकड़े गए 13 बांग्लादेशी नागरिकों से पुलिस पूछताछ में चौकाने वाली जानकारी सामने आई है। इन्होंने पुलिस के सामने अपने मददगारों के नाम उगले और गुरुग्राम के साथ दिल्ली एनसीआर में छिपकर रह रहे 100 से ज्यादा अवैध तरीके से भारत आए लोगों के बारे में जानकारी दी है। इस इनपुट के बाद गुरुग्राम क्राइम ब्रांच की टीमें बताई गई लोकेशनों पर संदिग्ध लोगों की स्क्रीनिंग कर रही है। इन्होंने खुलासा किया कि एजेंटों की मदद से प्रति व्यक्ति 15 हजार रुपए लेकर भारत-बांग्लादेश सीमा पार कराई जाती है। इन सभी 13 बांग्लादेशी नागरिकों को डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। जहां से इन्हें डिपोर्ट करने की कार्रवाई की जा रही है। डिटेंशन सेंटर भेजने से पहले पुलिस की अपराध शाखा इनसे लंबी पूछताछ कर रही है। बंगलादेशियों से बरामद मोबाइल की जब साइबर एक्सपर्ट्स जांच तो अवैध प्रवासियों के पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ। फोन से कई ऐसे वॉट्सऐप ग्रुप और मैसेंजर चैट्स मिले हैं, जिनके जरिए ये भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने और यहां बसने के लिए एक-दूसरे के संपर्क में थे। कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स से मिल रही जानकारी पुलिस इनके फोन नंबरों की कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स को खंगाल रही है, जिससे यह पता चला है कि गुरुग्राम और दिल्ली में इनके स्थानीय मददगार कौन हैं, जो काम दिलवाने से लेकर रहने की व्यवस्था तक करते है। सोशल मीडिया ऐप और फोन की जीपीएस लोकेशन हिस्ट्री के जरिए पुलिस उन ठिकानों का पता लगा रही है, जहां ये लोग पिछले कुछ महीनों के दौरान ठहरे थे या जहां इनके अन्य साथी वर्तमान में रह रहे हैं। कंस्ट्रक्शन साइट हॉट स्पॉट पुलिस ने गुरुग्राम में 100 से अधिक ऐसे हॉट-स्पॉट चिन्हित किए हैं, जहां अवैध प्रवासियों के छिपे होने की सबसे ज्यादा संभावना रहती हैं। इनमें अवैध झुग्गी-बस्तियां, चौक-चौराहे और निमार्णाधीन साइट्स सबसे ज्यादा हैं। यहां बड़े रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स, गगनचुंबी इमारतों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की साइट्स, जहां बड़े पैमाने पर बाहरी मजदूरों को काम पर रखा जाता है। इसके अलावा शहर के आउटर इलाकों, सेक्टरों के खाली प्लॉटों और एक्सप्रेस-वे के किनारे बसीं अवैध झुग्गियां, जहां बिना किसी पहचान पत्र के लोग आसानी से किराए पर रह जाते हैं। शहर के प्रमुख लेबर चौक जहां रोजाना सुबह देहाड़ी मजदूर काम की तलाश में इकट्ठा होते हैं। अवैध रूप से आए नागरिकों की तलाश जारी पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, सोसाइटियों के प्रबंधकों और मकान मालिकों से अपील गई है कि काम करने वाले या किराए पर रहने वाले हर व्यक्ति का पुलिस सत्यापन करवाना अनिवार्य है। यदि उन्हें अपने आसपास किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि दिखे, तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की तलाश के लिए पुलिस का सर्च अभियान जारी है। पुलिस दिन और रात में हॉट-स्पॉट इलाकों में जांच लोगों की नागरिकता की जांच कर रही है।

फरीदाबाद में फुटपाथ पर लहूलुहान मिला व्यक्ति का शव तीन बेटियों के पिता, दो दिव्यांग

● परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

फरीदाबाद। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के एसी नगर में रहने वाले 42 वर्षीय मनोज, जो तीन बेटियों के पिता थे और जिनमें से दो बेटियां दिव्यांग हैं, उनका शव शुक्रवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में घर से करीब 200 मीटर दूर फुटपाथ पर लहूलुहान अवस्था में मिला। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों ने मामले में हत्या की आशंका जताई है। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 6 बजे स्थानीय लोगों ने एसी नगर मोड़ के पास एक व्यक्ति को खून से लथपथ हालत में पड़ा देख सूचना पुलिस को दी। कोतवाली थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान करवाई, जिसके बाद मृतक की पहचान एसी नगर निवासी मनोज के रूप में हुई। उनके सिर के पीछे गंभीर चोट के निशान थे और काफी खून बहा हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। मृतक के भांजे पवन ने बताया कि सुबह पुलिस का फोन आने पर वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि उनके मामा का एक कान बुरी तरह कटा हुआ था और सिर के पीछे गहरी चोट लगी हुई थी। घटनास्थल पर काफी मात्रा में खून फैला हुआ था। पवन का कहना है कि आसपास के कुछ लोग इसे सड़क हादसा बता रहे हैं, लेकिन शरीर पर अन्य कोई चोट या घिसटने के निशान नहीं मिले। ऐसे में उन्हें आशंका है कि मनोज की हत्या की गई है। रिक्शा चलाकर परिवार चला रहे थे पवन ने बताया कि मनोज रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। परिवार में उनके माता-पिता और तीन बेटियां हैं। बड़ी बेटी की उम्र करीब 10 वर्ष है, जबकि दो छोटी बेटियां दिव्यांग हैं। उनकी पत्नी का निधन कोरोना काल में हो चुका है। उन्होंने बताया कि मनोज गुरुवार शाम रिक्शा चलाने के लिए घर से निकले थे, लेकिन रात को वापस नहीं लौटे। परिवार ने उनकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। वहीं पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए हैं तथा परिजनों और आसपास के लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं।

फरीदाबाद में रंगदारी कॉल मामले में नया खुलासा

● कारोबारी-आईबी रक्की मिलीभगत सामने आई; गैंगस्टरों कर पहुंचाई थी जानकारी, दोनों गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबाद । में शहर के कई कारोबारियों को विदेशी नंबरों से मिली रंगदारी की धमकियों के मामले में पुलिस जांच के दौरान बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया है कि कारोबारियों की निजी जानकारी एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा इकट्ठा कर खुफिया विभाग के एक कर्मचारी तक पहुंचाई गई थी। जहां से यह सूचना गैंगस्टरों तक पहुंच गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, हालांकि एक आरोपी को बाद में अदालत से जमानत मिल गई। करीब एक महीने पहले शहर के 8 कारोबारियों को अलग-अलग विदेशी नंबरों से फोन कर लाखों रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। फोन करने वाले खुद को कुख्यात गैंगस्टर गिरोह से जुड़ा बताते हुए रकम नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष जांच शुरू की और कॉल डिटेल और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। जांच अधिकारियों के अनुसार एक निजी समारोह में कुछ कारोबारी रंगदारी कॉल को लेकर चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान सेक्टर 9 के रहने वाले दीपक गोयल नामक व्यक्ति ने कथित रूप से ऐसी टिप्पणी की, जिससे मौजूद लोगों को उस पर शक हुआ। बताया जाता है कि उसने कहा था कि यदि मांग पूरी नहीं की गई तो जल्द ही कोई बड़ी घटना हो सकती है। यह सूचना बाद में पुलिस तक पहुंची, जिसके बाद उस पर नजर रखी जाने लगी। पूछताछ में सामने आया पूरा नेटवर्क पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान दीपक गोयल ने स्वीकार किया कि उसने शहर के कई कारोबारियों के नाम, पते और फोन नंबर एक आईबी सब-इंस्पेक्टर सिकंदर को उपलब्ध कराए थे। जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित अधिकारी ने यह जानकारी आगे अपराधियों तक पहुंचाई, जिसके बाद कारोबारियों को धमकी भरे फोन आने लगे। पुलिस के अनुसार दीपक गोयल मूल रूप से फतेहपुर बिल्लौच क्षेत्र का रहने वाला है और उसका परिवार लंबे समय से ईंट-भट्टे के व्यवसाय से जुड़ा रहा है। बताया जा रहा है कि उसने वर्षों पहले रियल एस्टेट क्षेत्र की कुछ बड़ी कंपनियों में निवेश किया था। इन कंपनियों के वित्तीय संकट में फंसने के बाद उसे भारी नुकसान उठाना पड़ा, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई। संपत्ति के सौदे से हुई थी पहचान जांच में सामने आया है कि एक प्रॉपर्टी डील के दौरान दीपक की मुलाकात आईबी के सब-इंस्पेक्टर सिकंदर से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और बाद में कारोबारियों की जानकारी साझा करने का सिलसिला शुरू हुआ। पुलिस अब मामले के अन्य संभावित कनेक्शन और गैंगस्टर नेटवर्क से जुड़े लोगों की भी जांच कर रही है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि, पुलिस ने 16 जून को इस केस में आईबी के सब-इंस्पेक्टर सिकंदर को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश जेल भेज दिया था। इसमें दीपक गोयल को कोर्ट बेल मिल चुकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कंटेनर की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

फरीदाबाद। जिले के बल्लभगढ़ क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक सडक हादसे में 35 वर्षीय सब्जी विक्रेता की मौत हो गई। वह रोजाना की तरह अपने लोडिंग ई-रिक्शा से डबुआ सब्जी मंडी सब्जी लेने जा रहा था। तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक की टक्कर से उनका ई-रिक्शा पलट गया और वह सडक पर गिर पड़े। इसके बाद कंटेनर उसके ऊपर चढ़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल भिजवा दिया। मृतक की पहचान बल्लभगढ़ की रघुवीर कॉलोनी निवासी मनोज (35) के रूप में हुई है। मनोज घर के पास ही सब्जी बेचने का काम करता था और हर दिन सुबह डबुआ सब्जी मंडी से सब्जियां खरीदकर लाता था। आज सुबह भी वह अपनी लोडिंग ई-रिक्शा से मंडी जाने के लिए निकला था। जब वह मुजेसर फ्लाईओवर से उतरकर बाटा रेड लाइट से करीब 150 मीटर पहले सर्विस लेन की ओर मुड़ा, तभी पीछे से आ रहे एक कंटेनर ट्रक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी।

उत्तर रेलवे
ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियन्ता / डीजल, उत्तर रेलवे, डीजल लोको शेड, तुगलकाबाद के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा केवल निर्धारित निविदा दस्तावेज में ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएगी।

कार्य विवरण	''कन्वेंशनल इलेक्ट्रिक लोको के लिए 5400 KVA ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत – @19.22 लाख प्रति यूनिट''
काम की जगह	डीजल शेड, तुगलकाबाद, नई दिल्ली – 110044
समापन की अवधि	01 साल
अनुमानित लागत राशि	₹ 41,35,901.68 /– GST सहित (इकतालीस लाख पैंतीस हजार नौ सौ एक और अड़सठ पैसे मात्र GST सहित)
बयाना राशि	₹ 82,700 /– (रु. बयासी हजार सात सौ मात्र)
तकनीकी योग्यता मापदंड	तकनीकी योग्यता मापदंड का विवरण निविदा फॉर्म के दूसरी शीट के खंड 10 पर दिया गया है।
वित्तीय योग्यता मापदंड	वित्तीय योग्यता मापदंड का विवरण निविदा फॉर्म के दूसरी शीट के खंड 10 पर दिया गया है।
ई–निविदा प्रपत्र प्राप्त करने व अपलोड करने की वेबसाइट	www.ireps.gov.in
ई–निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय	10.07.2026 को 12:00 बजे तक
ई–निविदा खुलने की तिथि व समय	10.07.2026 को 12:00 बजे के बाद
निविदा की वैधता	निविदा खुलने से 60 दिन
विनिधान	पी.एच.–21

निविदा प्रपत्र भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। विस्तृत कार्य विवरण, कार्य अनुभव और नियम व शर्तों के लिए कृपया निविदा प्रपत्र का अवलोकन करें।

निविदा सूचना सं.: टी.के.डी.–5400 के.वी.ए.–ट्रांस.–आर.एस.पी.26
दिनांक 18.06.2026 2108/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सम्पादकीय

करो योग, रहो निरोग

योग के नियमों का पालन करने के बाद अगर यौगिक क्रियाओं को किया जाता है तो मानव में शारीरिक व मानसिक स्तर पर आश्चर्यजनक रूप से अलौकिकता का सुधार होता है। आज आधुनिकता की इस अंधी दौड़ में इनसान को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है आज भागती दौड़ती दिनचर्या में समय का बहुत अभाव है। ऐसे में हमारे शरीर की फिटनेस के लिए योग जैसा कार्यक्रम चाहिए जो कम समय में बिना कोई धन खर्च किए आसानी से उपलब्ध हो। शहर तो शहर, ग्रामीण परिवेश में भी दैनिक जीवन की भौतिक सुख-सुविधाओं का विकास तो हुआ है, मगर इस सबसे मानव फिटनेस में काफी कमी आई है। हमारा पैदल चलना अब बहुत कम हो गया है। रक्त वाहन करने वाली शिराओं के लिए कोई भी कार्यक्रम नहीं है जो उन्हें ठीक रख सके। इसलिए अच्छे फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत भी महसूस हो रही है। स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। बिना अच्छे स्वास्थ्य के धन दौलत, पद प्रतिष्ठा व अन्य भौतिक सुख सुविधाएं सब बेमानी लगती हैं। लोगों का स्वास्थ्य उत्तम हो, इस सबके लिए इस कॉलम के माध्यम से बार बार योग के बारे में जानकारी देकर योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है। योग हर उम्र के लोग आसानी से थोड़ी सी जगह में भी कर सकते हैं। वर्तमान जीवन शैली के कारण मनुष्य के पास अपने स्वास्थ्य के लिए कोई भी कार्यक्रम नहीं है जो उनके स्वास्थ्य को सुधार कर व्यवस्थित रख सके। आज मानव ने विज्ञान में नए-नए शोध कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा क्षेत्र में इतनी प्रगति कर ली है कि इसके कारण जीवन काफी आसान तो हो गया है, मगर शारीरिक श्रम जो पहले यूं ही दिनचर्या में आसानी से हो जाता था, अब उसके लिए आज अलग से फिटनेस कार्यक्रम चाहिए होता है। समय बचाती दुनिया के लिए योग मुख्य विकल्प है, जो कम श्रम कर अधिक फिटनेस दे सकता है। इसलिए अब आम जनमानस के लिए योग के बारे में जानना जरूरी हो जाता है। सैकड़ों वर्ष पूर्व महर्षि पतंजलि ने योग को लिखित रूप में संग्रहित किया और योग सूत्र की रचना की। योग सूत्र की रचना के कारण पतंजलि को योग का जनक कहा जाता है। इस योग के महान ग्रंथ में योग के बारे में कहा गया है कि मन की वृत्तियों पर नियंत्रण करना ही योग है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि, यह अष्टांग योग के आठ सूत्र हैं। आठों अंगों में प्रथम दो यम व नियम को नैतिक अनुशासन, आसन, प्राणायाम व प्रत्याहार को शारीरिक अनुशासन व धारणा, ध्यान, समाधि को मानसिक अनुशासन बताया गया है। योग हमें यम एवं नियम द्वारा व्यक्ति के मन और मस्तिष्क को ठीक करने की सलाह देता है। आसन और प्राणायाम करने से पूर्व यदि व्यक्ति यम एवं नियमों का पालन नहीं करता है, तो उसे योग से पूर्ण स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल सकता है। यम और नियम की विस्तार से चर्चा जरूरी है। संयम मन, वचन और कर्म से होना चाहिए। इसका पालन न करने से व्यक्ति का जीवन व समाज दोनों दुष्प्रभावित होते हैं। इससे मन मजबूत और पवित्र होता है तथा मानसिक शक्ति बढ़ती है। सत्य, अहिंसा, असतेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह यह नियम व्यक्तिगत नैतिकता के हैं। मनुष्य को कर्तव्य परायण बनाने तथा जीवन को सुव्यवस्थित करने हेतु पांच नियमों का विधान किया गया है। ये नियम हैं शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय व ईश्वर प्राणिधान। यम यानी मन, वचन एवं कर्म से सत्य का पालन व मिथ्या का त्याग। जिस रूप में देखा, सुना एवं अनुभव किया हो उसी रूप में उसे बतलाना सत्य है। अहिंसा दूसरा सूत्र है। इसमें किसी को मारना ही केवल हिंसा का रूप नहीं है, बल्कि किसी भी प्राणी को कभी भी किसी प्रकार का दुख न पहुंचाना अहिंसा है। असतेय अर्थात चोरी न करना। छल से, धोखे से, झूठ बोलकर, बेईमानी से किसी चीज को प्राप्त करना भी चोरी है। जिस पर अपना अधिकार नहीं, उसे लेना भी इसी श्रेणी में आता है। ब्रह्मचर्य : मन वचन एवं कर्म से यौन संयम अथवा मैथुन का सर्वथा त्याग करना ब्रह्मचर्य है। सभी इंद्रिय जनित सुखों में संयम बरतना। अपरिग्रह : अपने स्वार्थ के लिए धन, संपत्ति एवं भोग की सामग्री में संयम न बरतना परिग्रह है। इसका अभाव अपरिग्रह है। आवश्यकता से अधिक संचय करना अपरिग्रह है। दूसरों की वस्तुओं की इच्छा न करना। मन, वचन एवं कर्म से इस प्रवृत्ति को त्यागना ही अपरिग्रह है। नियमों में शौच के अंतर्गत पानी मिट्टी आदि के द्वारा शरीर, वस्त्र, भोजन, मकान आदि के मल को दूर करना बाह्य शुद्धि माना जाता है। सद्भावना, मैत्री, करुणा आदि से की जाने वाली शुद्धि आंतरिक शुद्धि मानी जाती है। केवल अपने भौतिक शरीर का ध्यान रखना पर्याप्त नहीं है।

मोदी-ट्रम्प भेंट : हासिल क्या?

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच बहुप्रतीक्षित द्विपक्षीय मुलाकात फ्रांस में हुई। अवसर था- जी-7 शिखर सम्मेलन का जिसमें भारत को ब्राजील, मिस्र, केन्या और दक्षिण कोरिया के साथ विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। दोनों ने एक दूसरे की हमेशा की तरह प्रशंसा की परन्तु भारत-अमेरिका के बीच जो महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, उन पर कोई खास प्रगति होती नहीं दिखी। इसलिये इसका हासिल भारत को क्या होगा- यह फिलहाल सामने आना है, लेकिन इस मायने में भेंट को महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि करीब डेढ़ वर्ष बाद दोनों की मुलाकात ढीले पड़ चुके सम्बन्धों की नयी शुरूआत कही जा सकती है। उभय देशों के बीच कई तरह के मसले हैं जिन पर स्पष्ट बात न होना या कम से कम उनका सार्वजनिक न करना, इस वार्ता को संदेहों के घेरों से नहीं निकाल पायेगा। इसलिये भारत सरकार स्पष्ट करे कि इस बातचीत का आखिर हासिल क्या है और वह किस तरह से भारत के पक्ष में है। मुलाकात में क्या हुआ, इसकी सारी जानकारी अमेरिकी राष्ट्रपति ने ही दी। मोदी पूरे वक्त उनकी बगल में तो बैठे रहे परन्तु उन्होंने ट्रम्प के बयान में न कोई शब्द जोड़ा, न कहीं सफाई दी अथवा मुद्दे को विस्तार देने की जरूरत समझी। हालांकि ऐसा कोई पहली बार नहीं हुआ है जब मोदी किसी अन्य देश के प्रमुख से मिले परन्तु अपनी ओर से पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब दिया हो। भारत का नजरिया जो मोदी या कोई भारतीय कूटनीतिज्ञ स्पष्ट कर सकता है, वह भला दूसरे देश का प्रमुख किस प्रकार विश्व मीडिया के आगे रख पाएगा। इसलिये ऐसी मुलाकातों के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय या उस देश के भारतीय दूतावास से जारी प्रेस बयानों से ऐसी भेंट का निष्कर्ष सामने आ पाता है। भारत में मोदी-ट्रम्प की मुलाकात का सिर्फ इसलिये बेसब्री से इंतजार नहीं था कि यह दोनों के बीच लम्बे समय बाद होने वाली द्विपक्षीय वार्ता थी, बल्कि अनेक ऐसे मुद्दे इस समय हैं जो परस्पर रिश्तों को प्रभावित कर रहे हैं- इनमें से ज्यादातर तो भारत के लिये तल्खी लाने वाले ही हैं। सबसे ताजा मुद्दा है कुछ दिन पहले विवादग्रस्त होर्मुज स्ट्रेट के पास तीन भारतीय नाविकों की अमेरिकी गोलाबारी से मौत। उस मामले को भारत सरकार की ओर से मजबूत तरीके से तो क्या औपचारिक रूप से भी अमेरिका के सामने नहीं उठाया गया था। स्वयं नरेन्द्र मोदी ने इस पर एक वाक्य का तक बयान नहीं दिया। हालांकि एक पत्रकार द्वारा इस बाबत पूछे गये सवाल पर ट्रंप ने कह दिया कि, ह्यनाविकों का पेशा खतरे से भरा होता ही है। यह भारतीयों के लिये वैसे ही निराशाजनक रहा जिस प्रकार करीब दो-ढाई साल पहले अमेरिका ने भारत से डंकी रूट से गये लोगों की हथकड़ियां और कमर में जंजीरें बांधकर वायु सेना के जहाजों में गुलामों की तरह वापस भेज दिया था। इस मामले को लेकर देश भर में लोगों में दुख और उग्रता थी। भारत सरकार की ओर से विरोध में कोई बयान तक नहीं दिया गया। उल्टे विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर अमेरिका के इस कदम को यह कहकर तर्कसंगत बताया था कि हर देश के इमिग्रेशन सम्बन्धी कुछ नियम होते हैं। इस बातचीत के दौरान ऐसे कोई संकेत या साझा बयान देखने को नहीं मिल रहे हैं जो उन बिन्दुओं को स्पष्ट करे जिनका सम्बन्ध हाल के कुछ घटनाक्रमों से है। पाकिस्तान के साथ हुए ऑपरेशन को रोकने का श्रेय अमेरिकी राष्ट्रपति कई बार सार्वजनिक रूप से ले चुके हैं। उन्होंने न जाने कितनी बार कहा कि उन्होंने मोदी को निर्देश देकर यह रूकवाया था। जबकि इधर भारत में मोदी और उनकी सरकार का दावा रहा है कि लड़ाई को खुद भारत ने रोका था। इसके अलावा लम्बे समय तक ट्रम्प द्वारा दोनों देशों के बीच टैरिफ-टैरिफ का खेल खेला गया था। जब भी ट्रम्प की मर्जी होती भारतीय वस्तुओं की अमेरिका में आपूर्ति और बिक्री पर टैरिफ बढ़ाये गये जिसने भारतीय बाजार को बहुत बुरी तरह से प्रभावित किया है। सरकार को इसके विपरीत अमेरिका से आने वाले सामान के लिये छूट को भी मानना पड़ा था। दिखाने के लिये कुछ बयान जरूर ट्रम्प ने जारी किये हैं। उसके अनुसार यदि भारत पर किसी देश ने आक्रमण किया तो अमेरिकी भारत के साथ खड़ा होगा।

क्या निजीकरण से सुधरेगी स्वास्थ्य व्यवस्था?

उनकी मांग है कि सरकार को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। उनका कहना है कि समस्या की पहचान सही है, लेकिन समाधान पर गंभीर सवाल है। यदि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों और विशेषज्ञों की कमी है तो प्राथमिकता उन कमियों को दूर करने की होनी चाहिए। मध्यप्रदेश सरकार ने रीवा, देवास और गुना जिलों में कुछ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के संचालन के लिए आउटसोर्स प्रणाली पर आधारित एक पायलट परियोजना को मंजूरी दी है। मंत्रि-परिषद के अनुसार यह व्यवस्था उन स्वास्थ्य केंद्रों में लागू की जाएगी जहां चिकित्सकों के अधिकांश पद लंबे समय से रिक्त हैं। सरकार का दावा है कि इससे आम लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी और छोटी-मोटी बीमारियों के उपचार के लिए जिला अस्पतालों पर निर्भरता कम होगी। सरकार ने इस व्यवस्था को पांच वर्ष की पायलट परियोजना के रूप में लागू करने का निर्णय लिया है। इसके परिणामों का मूल्यांकन किया जाएगा और अनुभव सकारात्मक रहने पर इसे प्रदेश के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक विस्तारित किया जा सकता है।

राजु कुमार
(लेखक)

जन स्वास्थ्य अभियान, मध्यप्रदेश सहित स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे कई संगठनों ने सरकार के इस फैसले पर सवाल उठा रहे हैं। उनकी मांग है कि सरकार को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। उनका कहना है कि समस्या की पहचान सही है, लेकिन समाधान पर गंभीर सवाल है। यदि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों और विशेषज्ञों की कमी है तो प्राथमिकता उन कमियों को दूर करने की होनी चाहिए। मध्यप्रदेश सरकार ने रीवा, देवास और गुना जिलों में कुछ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के संचालन के लिए आउटसोर्स प्रणाली पर आधारित एक पायलट परियोजना को मंजूरी दी है। मंत्रि-परिषद के अनुसार यह व्यवस्था उन स्वास्थ्य केंद्रों में लागू की जाएगी जहां चिकित्सकों के अधिकांश पद लंबे समय से रिक्त हैं। सरकार का दावा है कि इससे आम लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी और छोटी-मोटी बीमारियों के उपचार के लिए जिला अस्पतालों पर निर्भरता कम होगी। सरकार ने इस व्यवस्था को पांच वर्ष की पायलट परियोजना के रूप में लागू करने का निर्णय लिया है। इसके परिणामों का मूल्यांकन किया जाएगा और अनुभव सकारात्मक रहने पर इसे प्रदेश के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक विस्तारित किया जा सकता है। जन स्वास्थ्य अभियान, मध्यप्रदेश सहित स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे कई संगठनों ने सरकार के इस फैसले पर सवाल उठा रहे हैं। उनकी मांग है कि सरकार को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। उनका कहना है कि समस्या की पहचान सही है, लेकिन समाधान पर गंभीर सवाल है। यदि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों और विशेषज्ञों की कमी है तो प्राथमिकता उन कमियों को दूर करने की होनी चाहिए, न कि संस्थानों के संचालन को आउटसोर्स व्यवस्था के हवाले करने की। यह बहस केवल तीन जिलों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक सीमित नहीं है। इसके केंद्र में यह सवाल है कि स्वास्थ्य सेवाओं में मौजूद कमियों का समाधान सरकारी संस्थाओं को मजबूत करके किया जाएगा या उनके संचालन की जिम्मेदारी धीरे-धीरे निजी क्षेत्र को सौंपी जाएगी। प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पहले से ही अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के ताजा आंकड़े बताते हैं कि कुपोषण के साथ-साथ मोटापा, मधुमेह और हृदय रोग जैसी गैर-संचारी बीमारियां भी बढ़ रही हैं। शिशु और मातृ स्वास्थ्य से जुड़े कई संकेतकों में भी प्रदेश को अभी लंबा रास्ता तय करना है। ऐसे समय में सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की जरूरत और बढ़ जाती है। ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी के अनुसार प्रदेश में 4134 उप स्वास्थ्य केंद्रों, 1045 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 245 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की कमी है। इसके साथ ही चिकित्सकों, विशेषज्ञों, नर्सिंग और पैरामेडिकल कर्मचारियों के बड़ी संख्या में पद रिक्त हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों के अधिकांश पद खाली होने के कारण बड़ी संख्या में मरीजों को जिला अस्पतालों के लिए रेफर करना पड़ता है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में जिला अस्पताल 100 से 200 किलोमीटर दूर हैं, जिससे उपचार में देरी और मरीजों की परेशानी बढ़ जाती है। यही वह पृष्ठभूमि है जिसमें सरकार का नया निर्णय सामने आया है। लेकिन इसे लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सिस्ट) का कहना है कि यदि समस्या डॉक्टरों और विशेषज्ञों की कमी है तो उसका समाधान नियमित भर्ती, बेहतर पदस्थापना, ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा के लिए प्रोत्साहन और स्वास्थ्य संस्थानों की क्षमता बढ़ाने में खोजा जाना चाहिए। उनका मानना है कि सरकारी व्यवस्था की कमियों को दूर करने के बजाय संचालन की जिम्मेदारी किसी बाहरी एजेंसी को सौंपना स्थायी समाधान नहीं माना जा सकता। मध्यप्रदेश में यह पहला अवसर नहीं है जब स्वास्थ्य संस्थानों को निजी भागीदारी के माध्यम से संचालित करने की कोशिश की गई हो। वर्ष 2015 में अलीराजपुर जिला अस्पताल और जोबट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऐसा प्रयोग किया गया था। जन स्वास्थ्य अभियान के अनुसार वह मॉडल अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाया और क्षेत्र के स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं देखा गया, नतीजतन सरकार को इसे वापस लेना पड़ा था। इसी तरह वर्ष 2024 में जिला अस्पतालों को पीपीपी मॉडल के माध्यम से मेडिकल कॉलेजों से जोड़ने के प्रस्ताव पर भी व्यापक विरोध हुआ था। तब चिकित्सक संगठनों और नागरिक समाज के विभिन्न वर्गों ने आशंका जताई थी कि इससे सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था कमजोर होगी। इसी कारण वर्तमान निर्णय को भी कई लोग एक अलग प्रशासनिक प्रयोग के बजाय स्वास्थ्य सेवाओं में निजी भागीदारी बढ़ाने की व्यापक प्रक्रिया के हिस्से के रूप में देख रहे हैं। उनकी चिंता यह है कि यदि यह मॉडल सफल घोषित किया गया तो भविष्य में इसका दायरा और बढ़ सकता है। स्वास्थ्य सेवा को सामान्य बाजार व्यवस्था की तरह नहीं देखा जा सकता। शिक्षा और स्वास्थ्य ऐसे क्षेत्र हैं जहां राज्य की भूमिका केवल नियामक की नहीं बल्कि सेवा प्रदाता की भी होती है। संविधान के नीति-निदेशक सिद्धांत भी जनस्वास्थ्य के संरक्षण और सुधार की जिम्मेदारी राज्य पर डालते हैं। इसलिए स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े किसी भी बड़े फैसले का मूल्यांकन केवल प्रशासनिक सुविधा के आधार पर नहीं किया जा सकता। डॉक्टरों की कमी, विशेषज्ञ सेवाओं का अभाव और प्रबंधन की कमजोरियां वास्तविक समस्याएं हैं। लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण प्रश्न है कि यदि किसी सरकारी अस्पताल में डॉक्टर नहीं हैं तो समाधान डॉक्टरों की नियुक्ति है या अस्पताल का संचालन निजी हाथों को सौंप देना। यदि स्कूलों में शिक्षकों की कमी हो तो उसका समाधान स्कूलों का निजीकरण नहीं माना जाता। यदि पुलिस बल में रिक्तियां हों तो थानों का संचालन निजी एजेंसियों को नहीं सौंपा जाता। उसी प्रकार स्वास्थ्य संस्थानों की समस्याओं का स्थायी समाधान भी उनकी क्षमता बढ़ाने, रिक्त पद भरने

श्रद्धा के केंद्रों में विश्वास का होता हनन

जब कोई श्रद्धालु किसी देवालय में अपनी मेहनत की कमाई का एक हिस्सा अर्पित करता है, तो वह केवल धन नहीं देता है, बल्कि अपने विश्वास, समर्पण और भावनात्मक लगाव को भी उस अर्पण में समाहित करता है। यही कारण है कि जब किसी धार्मिक स्थल में चढ़ावे, दान या संपत्ति के दुरुपयोग अथवा गबन की खबर सामने आती है, तो यह केवल आर्थिक अपराध नहीं रह जाता है। यह करोड़ों श्रद्धालुओं के विश्वास पर सीधा प्रहार बन जाता है। हाल के वर्षों में देश के कई प्रमुख धार्मिक स्थलों में वित्तीय अनियमितताओं और चढ़ावे के दुरुपयोग से जुड़े आरोप सामने आए हैं। ऐसे मामलों ने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि आखिर आस्था के केंद्रों में नैतिकता की सीमाएं लांघने का साहस लोगों को कहां से मिलता है? धार्मिक स्थलों में दिया जाने वाला दान सामान्य आर्थिक लेन-देन नहीं होता। एक गरीब मजदूर जब मंदिर की दानपेटी में दस रुपये डालता है, तो वह अपनी आर्थिक क्षमता नहीं, बल्कि अपनी श्रद्धा का प्रदर्शन करता है। एक किसान अपनी फसल का हिस्सा अर्पित करता है, एक व्यापारी अपनी कमाई का अंश देता है और एक गृहिणी अपनी बचत से कुछ राशि निकालकर ईश्वर के चरणों में समर्पित करती है।

जितेन्द्र कुमार सिन्हा
लेखक

भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं है, बल्कि आस्था, संस्कृति और अध्यात्म की हजारों वर्षों पुरानी परंपरा का जीवंत स्वरूप है। यहां मंदिर, मठ, गुरुद्वारे, मस्जिदें, चर्च और अन्य धार्मिक स्थल केवल पूजा-अर्चना के स्थान नहीं हैं, बल्कि करोड़ों लोगों की भावनाओं, विश्वासों और उम्मीदों के केंद्र भी हैं। जब कोई श्रद्धालु किसी देवालय में अपनी मेहनत की कमाई का एक हिस्सा अर्पित करता है, तो वह केवल धन नहीं देता है, बल्कि अपने विश्वास, समर्पण और भावनात्मक लगाव को भी उस अर्पण में समाहित करता है। यही कारण है कि जब किसी धार्मिक स्थल में चढ़ावे, दान या संपत्ति के दुरुपयोग अथवा गबन की खबर सामने आती है, तो यह केवल आर्थिक अपराध नहीं रह जाता है। यह करोड़ों श्रद्धालुओं के विश्वास पर सीधा प्रहार बन जाता है। हाल के वर्षों में देश के कई प्रमुख धार्मिक स्थलों में वित्तीय अनियमितताओं और चढ़ावे के दुरुपयोग से जुड़े आरोप सामने आए हैं। ऐसे मामलों ने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि आखिर आस्था के केंद्रों में नैतिकता की सीमाएं लांघने का साहस लोगों को कहां से मिलता है? धार्मिक स्थलों में दिया जाने वाला दान सामान्य आर्थिक लेन-देन नहीं होता। एक गरीब मजदूर जब मंदिर की दानपेटी में दस रुपये डालता है, तो वह अपनी आर्थिक क्षमता नहीं, बल्कि अपनी श्रद्धा का प्रदर्शन करता है। एक किसान अपनी फसल का हिस्सा अर्पित करता है, एक व्यापारी अपनी कमाई का अंश देता है और एक गृहिणी अपनी बचत से कुछ राशि निकालकर ईश्वर के चरणों में समर्पित करती है। इन सभी अर्पणों का आधार विश्वास होता है। श्रद्धालु यह मानकर दान देता है कि उसका योगदान धर्म, समाज और जनकल्याण के कार्यों में उपयोग होगा। इसलिए यदि उस धन का दुरुपयोग होता है, तो उसका प्रभाव केवल खातों और बैलेंस शीट तक सीमित नहीं रहता है, बल्कि लोगों की आस्था को भी चोट पहुंचाता है। धार्मिक संस्थानों का संचालन करने वाले ट्रस्ट, समितियां और प्रबंधन तंत्र केवल प्रशासनिक इकाइयां नहीं हैं। वे उस विश्वास के संरक्षक होते हैं जिसे करोड़ों लोगों ने उनके हाथों में सौंपा है। ऐसे में उनके ऊपर सामान्य संस्थाओं की तुलना में कहीं अधिक नैतिक जिम्मेदारी होती है। विडंबना यह है कि कई बार जिन लोगों के कंधों पर विश्वास की पताका लहरा रही होती है, वही लोग आरोपों के घेरे में आ जाते हैं। यह स्थिति और भी अधिक चिंताजनक बन जाती है क्योंकि जब एक सामान्य व्यक्ति चोरी करता है तो वह कानून तोड़ता है, लेकिन जब कोई धार्मिक संस्था से जुड़ा व्यक्ति ऐसा करता है तो वह कानून के साथ-साथ विश्वास और नैतिकता दोनों का उल्लंघन करता है। अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं है। यह भारत की सांस्कृतिक चेतना, सभ्यता और करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक है। इस मंदिर के निर्माण के लिए देश-विदेश के लाखों श्रद्धालुओं ने योगदान दिया। अनेक लोगों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दिया क्योंकि वे इसे केवल मंदिर निर्माण नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण का हिस्सा मानते थे। ऐसे में यदि मंदिर से जुड़े चढ़ावे या वित्तीय लेन-देन को लेकर कोई अनियमितता अथवा गबन का आरोप सामने आता है, तो उसे केवल ह्लशर्मनाकह्व कहकर छोड़ देना पर्याप्त नहीं हो सकता है। यह आवश्यक है कि आरोपों की निष्पक्ष जांच हो, तथ्य सामने आएं और यदि कोई दोषी पाया जाए तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। आस्था के इतने बड़े केंद्रों में पारदर्शिता केवल प्रशासनिक आवश्यकता नहीं है, बल्कि नैतिक अनिवार्यता भी है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर ऐसे लोगों को निजी लाभ के लिए नैतिक सीमाएं लांघने में संकोच क्यों नहीं होता? इसका उत्तर मानव स्वभाव की कुछ कमजोरियों में छिपा है। धन का आकर्षण, सत्ता का अहंकार और जवाबदेही की कमी अक्सर व्यक्ति को उसके मूल्यों से भटका देती है। जब किसी व्यक्ति को यह लगने लगता है कि उसके कार्यों पर पर्याप्त निगरानी नहीं है या वह प्रभावशाली पद पर बैठा है, तब उसके भीतर गलत कार्य करने का साहस बढ़ने लगता है। धार्मिक संस्थानों में यह समस्या और गंभीर हो जाती है क्योंकि वहां लोगों का विश्वास इतना अधिक होता है कि कई बार वे प्रबंधन की गतिविधियों पर प्रश्न उठाने से भी हिचकिचाते हैं। यही अंधविश्वास और जवाबदेही की कमी कुछ लोगों के लिए अवसर बन जाती है। कुछ लोग यह तर्क देते हैं कि धार्मिक संस्थाओं पर अधिक प्रश्न उठाने से श्रद्धा कमजोर होती है। लेकिन वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। पारदर्शिता श्रद्धा को कमजोर नहीं करती, बल्कि उसे मजबूत बनाती है। यदि किसी मंदिर, गुरुद्वारे या अन्य धार्मिक संस्थान की आय, व्यय और विकास कार्यों का पूरा विवरण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हो, नियमित ऑडिट हो और दान की प्रत्येक राशि का हिसाब स्पष्ट हो, तो लोगों का विश्वास और अधिक बढ़ेगा। आज डिजिटल युग में यह कार्य कठिन नहीं है। प्रत्येक बड़े धार्मिक संस्थान को अपनी आय-व्यय का वार्षिक विवरण सार्वजनिक पोर्टल पर उपलब्ध कराना चाहिए। दान के उपयोग का विवरण समय-समय पर श्रद्धालुओं के सामने रखा जाना चाहिए। स्थानीय और राज्य सरकारों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

ईरान और अमरीका का सहमति पत्र

युद्ध का हर्जाना बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है। यूएसए तीन सौ बिलियन डालर देने पर सहमत हो गया है। यह ठीक है कि सहमति पत्र में इसे निर्माण कार्यों के लिए दी जाने वाली राशि कहा गया है। लेकिन सब जानते और मानते हैं कि यह यूएसए द्वारा दिया जा रहा हर्जाना ही है। लड़ाई के लिए जो देश जिम्मेदार ठहराया जाता है, वह हर्जाना देता है, यह पुरानी परंपरा है। इसका अर्थ है कि अमरीका ने मान लिया है कि बिना किसी कारण से लड़ाई यूएसए ने छेड़ी थी और ईरान पीड़ित पक्ष है। इस तमाम हलचल से जिसमें हजारों लोग मारे गए, यूएसए को क्या मिला? खाड़ी देशों में उसके दबदबे और प्रतिष्ठा को ठेस लगी। इन देशों को महसूस होने लगा कि वाशिंगटन के भरोसे नहीं रहा जा सकता। मध्य पूर्व में ईरान की शक्ति का प्रदर्शन हो गया, जबकि यूएसए अपने इस अभियान से ईरान के प्रभाव को कम करना चाहता था। अमरीका महाशक्ति है और पूरी दुनिया को वह अपने प्रभाव में ला सकता है, इस भ्रम को ट्रंप ने यत्नपूर्वक तोड में सफलता प्राप्त की है यूएसए और ईरान में प्रमुख मुद्दों को लेकर आपसी सहमति बन गई है। सहमति शुरू ही यहां से होती है कि इन मुद्दों पर केवल यूएसए और ईरान ही नहीं बल्कि दोनों के पक्ष के अन्य देश भी इस सहमति पत्र से सहमत हैं। लेकिन सहमति पत्र में कहीं भी सहयोगी देशों के नामों का उल्लेख नहीं है। अलबत्ता दोनों देश एक दूसरे के खिलाफ सैनिक कार्रवाई बंद कर देंगे, इसका स्पष्ट उल्लेख किया गया गया है। पर इसके साथ एक दूसरा उल्लेख है कि लेबनान के खिलाफ भी सैनिक कार्रवाई खत्म की जाएगी। लेकिन लेबनान के खिलाफ सैनिक कार्रवाई तो यूएसए कर ही नहीं रहा था। लेबनान पर कार्रवाई इजरायल कर रहा है जिसका कारण वहां हिजबुल्लाह की आतंकी गतिविधियां हैं। यूएसए ने माना है कि वह ईरान को तीन सौ बिलियन डालर देगा ताकि वहां निर्माण कार्य फिर से शुरू हो सके। ईरान की मुख्य मांग यह भी थी कि अमरीका युद्ध में हुए नुकसान का हर्जाना दे। यूएसए ने यह भी मान लिया है कि वह ईरान पर लगाए गए तमाम प्रतिबंधों को समाप्त करेगा और ईरान अपना तेल अपने हिसाब से बेच सकता है। दरअसल यूएसए का राष्ट्रपति सार्वजनिक रूप से कह रहा था कि ईरान की सरकार बदली जाएगी। इस सहमति पत्र में यूएसए ने माना है कि वह ईरान के आंतरिक मामलों में दखलअंदाजी नहीं करेगा। मुख्य मसला होर्मुज का बन गया था। ईरान ने वहां से समुद्री जहाजों की आवाजाही ही बंद नहीं की थी, बल्कि उन पर शुल्क लगाना शुरू कर दिया था। इसके उत्तर में यूएसए ने ईरान के समुद्री मार्गों की ही घेराबंदी कर ली थी। इस सहमति पत्र में यूएसए ने अपनी घेराबंदी समाप्त करने की बात मान ली है। ईरान भी इस बात पर सहमत हो गया है कि वह ओमान के साथ बैठ कर होर्मुज का मसला सुलझाएगा। यूएसए अपने टैरिफ भी खत्म करेगा। मुख्य मसला ईरान द्वारा परमाणु बम बनाने को लेकर था। यूएसए ने ईरान पर जो सैनिक कार्रवाई शुरू की थी, उसका कारण भी यही बताया गया था। सहमति पत्र में इस मामले को लेकर ईरान ने इस बात पर सहमति जताई है कि वह परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। ईरान इस बात पर सहमत हो गया है कि उसके पास संवर्धित यूरेनियम का जो भंडार है, उसका समाधान अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा संगठन की निगरानी में निकालेगा। दोनों देश परमाणु ऊर्जा से जुड़े मुद्दों की संवेदनशीलता पर भी सहमत हो गए हैं। परमाणु ऊर्जा से संबंधित मसलों पर जो सहमति अब दिखाई जा रही है, ईरान युद्ध से पूर्व भी इन पर लगभग सहमत ही था। इसमें कोई नई बात दिखाई नहीं दे रही। केवल भाषा और वाक्य ही नए हैं। तब प्रश्न उठेगा ही कि यूएसए को इस सारे अभियान से क्या हासिल हुआ? ईरान की सरकार को वह बदल नहीं सका। ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनई को उसने अवश्य मारने में सफलता हासिल की लेकिन उसके उत्तर में ईरान ने भी ट्रंप पर ईनाम की घोषणा कर दी है। इस सहमति पत्र में वह वापस नहीं ली गई है। जहां तक परमाणु हथियारों का सवाल है, ईरान ने उनसे जुड़े जिन मुद्दों पर सहमति जताई है, उन पर वह युद्ध से पहले भी सहमत ही था। अलबत्ता इस सैन्य कार्रवाई से होर्मुज का नया मसला खड़ा हो गया है। ईरान पर अनेक प्रतिबंध लगाने के बावजूद अंत में अमरीका को पीछे हटना पड़ा। युद्ध का हर्जाना बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है। यूएसए तीन सौ बिलियन डालर देने पर सहमत हो गया है। यह ठीक है कि सहमति पत्र में इसे निर्माण कार्यों के लिए दी जाने वाली राशि कहा गया है। लेकिन सब जानते और मानते हैं कि यह यूएसए द्वारा दिया जा रहा हर्जाना ही है। लड़ाई के लिए जो देश जिम्मेदार ठहराया जाता है, वह हर्जाना देता है, यह पुरानी परंपरा है। इसका अर्थ है कि अमरीका ने मान लिया है कि बिना किसी कारण से लड़ाई यूएसए ने छेड़ी थी और ईरान पीड़ित पक्ष है।

संक्षिप्त खबरें

मंत्री के सामने मंच पर बेहोश होकर गिरे अमृतपुर विधायक

फरुखाबाद। मधुबन रिजॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य अचानक मंच पर बेहोश होकर गिर पड़े। घटना उस समय हुई जब प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह कार्यक्रम में मौजूद थे और मंच पर विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी भी उपस्थित थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार्यक्रम के दौरान विधायक सुशील शाक्य की तबीयत अचानक बिगड़ गई और वह मंच पर ही गिर पड़े। घटना के बाद कार्यक्रम स्थल पर कुछ देर के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई। मौजूद अधिकारियों, कार्यकर्ताओं और सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल उन्हें संभाला और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था कराई। सूचना मिलते ही चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंची और विधायक का स्वास्थ्य परीक्षण किया। प्रारंभिक तौर पर अत्यधिक गर्मी, थकान अथवा स्वास्थ्य संबंधी कारणों को घटना की वजह माना जा रहा है, हालांकि चिकित्सकीय जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। घटना के बाद कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने विधायक के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि विधायक की हालत फिलहाल स्थिर है और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय देखरेख उपलब्ध कराई जा रही है। मधुबन रिजॉर्ट में हुई इस घटना के बाद कार्यक्रम में मौजूद लोगों के बीच चिंता का माहौल रहा। वहीं समर्थकों और क्षेत्रीय नागरिकों ने विधायक के स्वास्थ्य को लेकर जानकारी जुटानी शुरू कर दी।

प्रगतिशील किसान बनकर विकसित भारत का लक्ष्य करें प्राप्त : जितेंद्र सिंह सेंगर

महोबा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा के 12 वर्षो के सफल कार्यकाल के अवसर पर उत्तर प्रदेश के महोबा जनपद में शुक्रवार को किसान भाई-बहनों के साथ सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनांतर्गत खरीफ गोष्ठी कर प्राकृतिक एवं प्रगति शील खेती कार्यशाला एवं किसान मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शुक्रवार को जनपद मुख्यालय स्थित सेवायोजन कार्यालय में प्रधानमंत्री कार्यकाल के 12 वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण होने पर किसान गोष्ठी एवं मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में हमीरपुर बांदा विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि प्राकृतिक खेती आज की जरूरत है, इससे न केवल मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, बल्कि किसानों को भी बेहतर लाभ मिलता है। खेती को प्रगतिशील बनाकर ह्यविकसित भारत 2047ह्न के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने कहा कि आज का किसान प्राकृतिक खेती कर और प्रगति शील किसान बनकर अपनी आय बढ़ा सकता है। सरकार की ओर से किसानों के कल्याण के लिए लगातार कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर किसानों का कल्याण कर रहीं हैं। किसान गोष्ठी में कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन चक्रपाणी त्रिपाठी ,जिलाध्यक्ष भाजपा मोहनलाल कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता , कार्यक्रम संयोजक रविन्द्र महेन्द्र, अभियान संयोजक योगेश मिश्रा, किसान मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष उर्मिला राजपूत , किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा समेत पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अन्नदाता किसान उपस्थित रहे हैं

खनन अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

फरुर्खाबाद। फरुर्खाबाद में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन अधिकारी संजय सिंह को 24,000 की रिश्वत लेते हुए शुक्रवार को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई उनके सरकारी आवास पर की गई, जहां एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को दबोचा। जानकारी के अनुसार, हरसिंहपुर गोवा निवासी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य आदेश यादव से मिट्टी खनन की परमिशन जारी करने के बदले 24,000 की रिश्वत मांगी गई थी। शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन टीम ने योजना बनाकर कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि रिश्वत की रकम खनन अधिकारी ने अपने चालक पंकज के माध्यम से ली थी। जैसे ही रकम का लेन-देन हुआ, टीम ने छापा मारकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। इस कार्रवाई के बाद खनन विभाग और प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। मामले में अब दस्तावेजों, कॉल डिटेल्स और अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

अयोध्या को मिली 125 विकास परियोजनाओं की सौगात
वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा का हुआ अनावरण

- 378 करोड़ से अधिक की लागत वाले राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय समेत कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

प्रात : किरण संवाददाता

अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या में विकास और विरासत के समन्वय को नई गति देते हुए महान वीरांगना झलकारी बाई की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर जनपद को 125 विकास परियोजनाओं की सौगात भी मिली, जिनका लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा गया कि आदरणीय प्रधानमंत्री ठंश्र्लेल्ट ट्ट्ठ के ह्यविरासत और विकासह्न के विजन को साकार करने की दिशा में डबल इंजन सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी कड़ी में अयोध्या में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आधारभूत संरचना से जुड़ी परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस दौरान 378 करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। साथ ही सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने इन परियोजनाओं को अयोध्या के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। वक्ताओं ने कहा कि इन विकास कार्यों से स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी सुविधाओं और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। अंत में जनपदवासियों को नई विकास परियोजनाओं की सौगात मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

देश का 7वां सबसे गर्म शहर बना काशी

- अगले पांच दिनों तक लू की चेतावनी; बाबा विश्वनाथ को चढ़ाया गया आम का रस

प्रात : किरण संवाददाता

वाराणसी। में एक बार फिर भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। लगातार बढ़ते तापमान के कारण काशी देश का सातवां सबसे गर्म शहर दर्ज किया गया है। शुक्रवार को शहर का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक लू चलने की चेतावनी जारी की है, जिससे आमजन के साथ-साथ किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार वाराणसी में हवा की रफ्तार लगभग 11 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई, जबकि वातावरण में 32 प्रतिशत नमी बनी रही। वहीं शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (अदक) 73 रहा, जिसे संतोषजनक श्रेणी में माना जाता है। हालांकि धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का घरों से निकलना मुश्किल कर दिया है। यूपी आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह के अनुसार प्रदेश में मौसमी गतिविधियां केवल छिटपुट स्थानों तक सीमित हैं। इसी कारण तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि अगले कुछ दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में गर्मी और लू का प्रभाव बना रह सकता है। भीषण गर्मी को देखते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। शुक्रवार को मंगला आरती के दौरान बाबा विश्वनाथ को मौसमी फलों का भोग अर्पित किया गया। विशेष रूप से लंगड़ा आम के रस का प्रसाद चढ़ाया गया तथा मां गंगा के पवित्र जल से उनका अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं और मंदिर प्रशासन ने बाबा विश्वनाथ से प्रार्थना की कि जल्द ही प्रदेशवासियों को इस भीषण गर्मी से राहत मिले। वाराणसी समेत पूर्वांचल के कई जिलों में धान की रोपाई की तैयारी शुरू हो चुकी है। ऐसे में बढ़ती गर्मी किसानों के लिए चिंता का विषय बन गई है। विशेषज्ञों के अनुसार धान की नर्सरी तैयार करने के लिए पर्याप्त नमी और पानी की आवश्यकता होती है। लगातार लू चलने और तापमान बढ़ने से खेतों की नमी तेजी से कम हो सकती है, जिससे धान की पौध प्रभावित होने का खतरा रहता है।

रील्स के कॉपोर्रेट पति अब वेब सीरीज में बने कातिल

- एक्टर कपिल कनपुरिया बोले- ठुकरा के मेरा प्यार-2 में दिखेगा घोर कनपुरिया अंदाज

प्रात : किरण संवाददाता

कानपुर। सोशल मीडिया पर रील्स के जरिए शादीशुदा ज़िंदगी और कॉर्पोरेट लाइफ का मजाकिया दर्द बयां करने वाले कपिल कनपुरिया (कपिल शुक्ला) अब ओटीटी की दुनिया में धमाल मचा रहे हैं। उनकी सुपरहिट वेब सीरीज ह्यठुकरा के मेरा प्यारह्न का सीजन 2 रिलीज हो चुका है। पहले सीजन में अपने ही जीजा की हत्या कर दर्शकों को चौंकाने वाले कपिल इस बार और बड़े धमाके का दावा कर रहे हैं। दैनिक भास्कर से खास बातचीत में अभिनेता कपिल कनपुरिया ने अपने किरदार के डार्क शेड्स, शूटिंग के दौरान के मुश्किलों और सोशल मीडिया पर परोसी जा रही वल्गरिटी (फूहड़ता) पर खुलकर बात की। पेश हैं बातचीत के मुख्य अंश: सवाल: पहले पार्ट की सफलता के बाद, सीजन 2 में दर्शकों के लिए क्या नया रोमांच है? अभिनेता: देखिए, यह किरदार मेरी असल ज़िंदगी और रील्स की इमेज से एकदम अलग है। पहले सीजन में मुझे बताया गया था कि यह बड़ा चुलबुला और कॉमेडी वाला किरदार होगा। मुझे अंदाजा नहीं था कि अंत में मुझसे जीजा जी की हत्या जैसा कांड करा दिया जाएगा। इस वजह से पहले सीजन में मुझे विलेनगिरी भी दिखानी पड़ी। सीजन 2 में अब सान्विका चौहान को पता चलेगा कि यह कांड मैंने किया है। इसके बाद मेरा स्वर्ग जाना तय होगा या नर्क, यह दर्शकों को देखना है। पहला सीजन आधा धमाका था, इस बार भयंकर वाला एटम बम फटेगा। फुल मौज आने वाली है। अभिनेता: सीरीज में एक से बढ़कर एक महारथी है। रवि शाह और डायरेक्टर साहिबा [illegible] के पास आउट हैं, गोविंद पांडे ने थिएटर में पीएचडी कर रखी है, और पुनीत सिंह ठाकुर हैं। इन सब दिग्गजों के संगठन और अनुभव से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। उन्हीं के संगम से यह रस उत्पन्न हो पाया है कि मैं अपने किरदार को अच्छे से निभा सका। उन्होंने बताया कि, इस सीरीज की शूटिंग मलिहाबाद ,मॉल, बक्शी का तालाब, चंद्रिका देवी और पुराने लखनऊ में हुई है। इस सीरीज के 50 एपिसोड में से 36 एपिसोड में आपको उनका अभिनय देखने को मिलेगा।

कानपुर में तेज धूप निकली, शाम को आंधी-बूंदाबांदी के आसार

- 1 दिन पहले 15 मिनट की बारिश ने बढ़ाई उमस, पारा 39.6 डिग्री पहुंचा

प्रात : किरण संवाददाता

कानपुर। शहर में सुबह से तेज धूप निकली हुई है। आसमान पूरी तरह साफ है। गर्मी और उमस ने सुबह से ही लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार दोपहर में तेज धूप के साथ तापमान 40 डिग्री तक जाने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञ बताते हैं कि शुक्रवार शाम के समय नमी के कारण हल्के बादल छा सकते और बूंदाबांदी हो सकती है। हालांकि, गुरुवार दोपहर तेज धूप के बीच महज 15 मिनट की बारिश ने उमस बढ़ा दी। अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। गुरुवार की बात करें तो दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में घने बादल छा गए। इसके बाद शहर के कई हिस्सों में करीब 20 मिनट तक हल्की बारिश और बूंदाबांदी हुई। बारिश के साथ चली तेज हवाओं ने गर्मी से राहत दिलाई और तापमान में करीब 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। बारिश के बाद उमस ने किया बेहाल हालांकि राहत ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। बारिश थमते ही गर्म जमीन से निकलने वाली नमी और भाप ने उमस को बढ़ा दिया। शाम होते-होते लोगों को चिपचिपी गर्मी का सामना करना पड़ा। देर शाम तक गर्म हवाओं से तो राहत रही, लेकिन बढ़ी हुई नमी ने लोगों को परेशान किए रखा। रात में भी उमस का असर बना रहा और लोग पसीने से तरबतर नजर आए। सीएसए की मौसम रिपोर्ट के अनुसार न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी बढ़ी मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि नमी का बहाव बढ़ रहा है। जिसकी वजह से बूंदाबांदी व बादल छाने जैसी स्थितियां बन रही हैं। इस समय कई साइक्लोनिक सकुर्लेशन व यूपी के ऊपर बादलों की श्रंखला बनी हुई है।

कागज पर चल रहा था स्कूल, स्वत

- रद्द हुई मान्यता:वाराणसी मंडल के 53 विद्यालय शामिल, दो सालों में नहीं हुए थे एक भी नए नामांकन

प्रात : किरण संवाददाता

माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज की ओर से प्रदेश के 465 स्ववित्तपोषित स्कूलों की मान्यता स्वतः समाप्त कर दी गई है। इसमें वाराणसी मंडल के 53 विद्यालय शामिल हैं। इस मंडल में गाजीपुर जनपद में सबसे ज्यादा 47 विद्यालय हैं। वाराणसी के चार विद्यालय हैं जिसमें आरएनएस इंटर कॉलेज नरिया, लालता प्रसाद सिंह आदर्श इंटर कालेज तेंदुई, एसवीएचएस बच्छांव व सीएफआई माडल सेकेंडरी स्कूल दीनदासपुर स्कूल हैं। परिषद ने यह निर्णय विद्यालयों के शैक्षणिक सत्र 2024-2025 और 2025-2026 में छात्रों के परीक्षा में शामिल नहीं होने और कक्षाएं संचालित नहीं करने के कारण लिया है। परिषद के सचिव भगवती सिंह की ओर से यह सूची जारी की गई थी। वहीं वाराणसी के क्षेत्रीय बोर्ड कार्यालय के अपर सचिव भास्कर मिश्रा ने बताया कि लगातार दो सत्रों से परीक्षा में कोई छात्र शामिल न होने और कक्षाएं संचालित न करने के कारण इन स्व-वित्तपोषित विद्यालयों की मान्यता स्वतः समाप्त हो गई है।

भागवत कथा के मुख्य आयोजक की गोली मारकर हत्या

- आगरा में पूजा करने गए युवक पर बरसाईं गोलियां, पुरानी रंजिश में वारदात की आशंका

प्रात : किरण संवाददाता

आगरा। में बृहस्पतिवार रात करीब 8 बजे भागवत कथा के मुख्य आयोजक की मंदिर परिसर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना श्रीमद्भागवत कथा में विराम के दौरान मंदिर में पूजा का दीपक रखने गए थे, तभी पहले से घात लगाए हमलावर ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली पेट और सीने में लगीं, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोग अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में एक वर्ष पुराने विवाद और पुरानी रंजिश को हत्या की वजह माना जा रहा है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जबकि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है। जैतपुर थाना क्षेत्र के रूपपुरा गांव में का मामला है। जानकारी के अनुसार प्रदीप मिश्रा अपने घर के सामने आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के मुख्य आयोजक थे। गांव में बाल विकास के तत्वावधान में कथा का आयोजन चल रहा था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे थे। बृहस्पतिवार रात कथा में विराम होने के दौरान प्रदीप मिश्रा घर के निकट स्थित मंदिर में पूजा का दीपक रखने और पूजा-अर्चना करने पहुंचे थे। मंदिर के आसपास पहले से घात लगाए बैठे हमलावर ने प्रदीप मिश्रा को देखते ही ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलियां उनके पेट और सीने में लगीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर गिर पड़े। गोली चलने की आवाज सुनते ही परिजन और ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर ले जाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए इटावा जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। इटावा जिला अस्पताल के ईएमओ के अनुसार- जैतपुर क्षेत्र से परिजन गोली लगने से घायल युवक को लेकर आए थे। जांच के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है। एक साल पुराने विवाद से जुड़ा मामल

पुलिस की प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे पुरानी रंजिश की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार करीब एक वर्ष पहले प्रदीप मिश्रा के परिवार में आयोजित जन्मदिन समारोह के दौरान गांव के ही एक युवक से विवाद हुआ था। आरोप है कि उस समय युवक नशे की हालत में था और कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया था। तभी से आरोपी रंजिश रखे हुए था। मृतक प्रदीप मिश्रा खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे और तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। उनकी मौत से पत्नी अर्चना, 18 वर्षीय पुत्र ऋषभ और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और नामजद आरोपों सहित सभी पहलुओं की गहन जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कानपुर में रिटायर दरोगा के बेटे को गोली मारी

- - दो दिन बाद सदमे में ताऊ की हार्टअटैक से मौत, पुलिस 3 आरोपियों को ढूंढ रही

प्रात : किरण संवाददाता

कानपुर। के कल्याणपुर में पुरानी रंजिश ने एक परिवार पर कहर बरपा दिया। कैंसर पीड़ित मां को देखने हैदराबाद से आए युवक को पार्क में बुलाकर दबंगों ने पहले शराब पिलाई, फिर मारपीट कर गोली मार दी। ये घटना मंगलवार की है। भतीजे को गोली मारे जाने के बाद गुरुवार को सदमे में ताऊ को हार्टअटैक आया और उनकी मौत हो गई। आवास विकास-3 निवासी रविंद्र सिंह पुलिस विभाग से दरोगा पद से रिटायर हैं। परिवार में पत्नी और दो बेटे संदीप सिंह और प्रदीप सिंह हैं। प्रदीप हैदराबाद में निजी कंपनी में काम करता है। प्रदीप मंगलवार को हैदराबाद से मां को देखने घर आया था। प्रदीप के पेट में गोली लगी है, उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी ने बताया- घटना की सूचना दो दिन बाद गुरुवार को पुलिस को दी गई। अब मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई है। घायल और नामजद आरोपी पिछले 15-16 वर्षों से एक-दूसरे को जानते हैं। तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पार्क में बुलाकर पहले शराब पिलाई, फिर हमला परिजनों के अनुसार मंगलवार देर रात गजानन पार्क के पास कुछ युवकों ने फोन कर प्रदीप को बुलाया। आरोप है कि वहां उसे शराब पिलाई गई और फिर किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने पहले प्रदीप के साथ बेल्ट और घूंसों से मारपीट की। इसके बाद जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पहली गोली चूक गई, लेकिन दूसरी गोली उसके पेट में जा लगी। गोली लगते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। अस्पताल में भर्ती, ताऊ को आया हार्ट अटैक घायल प्रदीप को उसके दोस्तों ने निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे रीजेंसी रेफर किया गया। परिजनों के अनुसार, जैसे ही घटना की सूचना मिली, सभी अस्पताल पहुंचे। इसी दौरान ताऊ रामजी सिंह को खून से लथपथ हालत देखकर हार्ट अटैक आ गया और इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। भाई संदीप सिंह ने बताया कि एक ही दिन में दो बड़ी घटनाओं ने पूरे परिवार को तोड़ दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में दबंगों का आतंक है और अब परिवार घर छोड़ने को मजबूर हो गया है।

आगरा में ठेकेदार से लूट की कोशिश

- बदमाश से भिड़ गया युवक, पेट में गोली मारकर फरार

प्रात : किरण संवाददाता

आगरा। के थाना सिकंदरा क्षेत्र में भगवती ढाबा के पास बाइक सवार बदमाशों ने ठेकेदार की चेन लूटने की कोशिश की। बाइक से सड़क पर गिरे तीन बदमाशों में से एक को पीड़ित ने दबोच लिया। इस पर उसने तमंचे से युवक को गोली मार दी और तीनों बदमाश फरार हो गए। ठेकेदार पेट में गोली लगने से घायल हो गया। हालांकि पुलिस ने वारदात का कारण रंजिश बताई है। रुनकता निवासी बंटी सिकरवार इंडस्ट्रियल एरिया स्थित जूता फैक्ट्री में ठेकेदार है। गुरुवार रात को वह बाइक से फैक्ट्री से घर जा रहे थे। परिजनों ने बताया कि भगवती ढाबा के पास रात 9 बजे बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाशों ने बंटी के गले से सोने की चेन लूटने का प्रयास किया। इस पर बंटी और बाइक सवार बदमाश सड़क पर गिर पड़े। बंटी ने विरोध करते हुए एक बदमाश को दबोच लिया। इस पर उसने तमंचे से बंटी को गोली मार दी। पेट में गोली लगने से बंटी खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़े। बाइक सवार बदमाश बिना चेन लूटे ही फरार हो गए। सूचना पर फैक्ट्री कर्मचारी और पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को सिनर्जी हास्पिटल में भर्ती कराया गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस हमलावरों की पह गिरफ्तारी के लिए थाना पुलिस के साथ ही एसओजी दबिश दे रही थी।

शिवपुर से उठा दुलदुल का जुलूस, उमड़े जायरीन

अंजुमनों ने की नौहाख्वानी, आज दालमंडी से गुजरेगा पहला जुलूस

वाराणसी। मोहर्रम का महीना शुरू होते ही शिया बहुल इलाकों में सदा ए या हुसैन गूंज रही है। इसी क्रम में वाराणसी के शिवपुर से गुरुवार की रात अंजुमन पंजतनी ने दुलदुल का जुलूस उठाया। जिसमें कई मौलानाओं ने तकरीर की और वाराणसी की 12 अंजुमनों ने नौहाख्वानी व मातम किया। मरहूम एखलाक हुसैन के इमामबाड़े से उठे इस जुलूस ने 2 किलोमीटर का सफर 7 घंटे में पूरा किया। जुलूस की मजलिस को मौलाना फिरोज हैदर ने जुलूस की मजलिस को खिताब फरमाया और इमाम हुसैन के जीवन पर प्रकाश डाला। जुलूस उठें पर अंजमुन पंजतनी, अंजुमन हैदरी, अंजुमन जव्वादिया आदि अंजुमनों ने नौहाख्वानी व मातम किया। जुलूस अल सुबह वापस इमामबारगाह पर समाप्त हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में जायरीन उमड़े। इमाम हुसैन ने हुर का मुकद्दर बदल दिया मौलाना फिरोज हैदर ने जुलूस उठने से पहले मजलिस को खिताब फरमाते हुए कहा - इमाम हुसैन की करबाला की जमीन पर लाने के लिए हुर ने मजबूर किया। लेकिन ये वही हूर था जिसके लश्कर को बीच में भूखा-प्यासा देखकर इमाम हुसैन ने अपने लश्कर का पूरा पाने पीला दिया था। यही हुर 10 मोहर्रम को हक की तरफ लौट आया और इमाम हुसैन की तरफ से यजीदी लश्कर से जंग की और शहीद हो गए। आज हुर; हुर अलैहिस्सलाम है। उन्होंने कहा इमाम हुसैन ने हुर का मुकद्दर बदल दिया। अंजुमन पंजतनी ने की मातम की शुरूआत बाद मजलिस अलम, दुलदुल का जुलूस उठाया गया। जुलूस उठने पर सबसे पहले मकामी अंजुमन; अंजुमन पंजतनी ने नौहा मातम किया। इमामबाड़े से बाहर निकलने पर अंजुमनों ने नौहा मातम शुरू किया। जगह-जगह तकरीर भी हुई। जिसे अलग-अलग जिलों से मौलानाओं ने खिताब फरमाया। गाजीपुर से आये मौलाना सैयद ताहिर गाजीपुर ने भी तकरीर किया। मौलाना सैयद ताहिर गाजीपुरी ने तकरीर करते हुए कहा - इमाम हुसैन ने कर्बला की जमीन पर शहादत पेश कर हर खास ओ आम को यह पैगाम दे दिया की इंसानियत से बड़ी कोई चीज नहीं और हमें हमेशा हक पसंद होना चाहिए। उन्होंने कर्बला के मैदान में शहादत पर्श कर इस्लाम को जिंदा कर दिया। सुबह खत्म हुआ जुलूस जुलूस अपने कदीमी रास्तों से होता हुआ अल सुबह वापस इमामबाड़े में आकर समाप्त हुआ।

काशी में भगवान परशुराम के स्वरूप में राहुल गांधी

- जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने दुग्धाभिषेक किया, बोले- फरसे से लोकतंत्र विरोधियों का नाश करेंगे

प्रात : किरण संवाददाता

वाराणसी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का आज 56वां जन्मदिन है। वाराणसी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की भगवान परशुराम के स्वरूप में पूजा की। मां गंगा की बीच धारा में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दुग्धाभिषेक किया। कार्यकर्ताओं ने 11 किलो लड्डू का केक बनाकर काटा। राहुल गांधी के दीघार्यु, स्वस्थ और सफल जीवन की कामना की। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि राहुल गांधी सत्ता में बैठे अधर्मी, दुराचारी और लोकतंत्र के विरोधी, संविधान को न मानने वाले लोगों लोगों के खिलाफ खड़े रहते हैं। देश में लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। वह आम आदमी की आवाज उठाते हैं। हमारे नेता संघर्ष के प्रतीक हैं। जिस तरह से जिस तरह से बाबा परशुराम ने इस धरती से राक्षसों, अधर्मियों और अत्याचारियों का विनाश किया था। उसी तरह हमारे नेता राहुल गांधी भी ऐसे लोगों का नाश करेंगे। जो लोग देश का संविधान नहीं मानते। लोकतंत्र के विरोधी हैं। नाव से गंगा की बीच धारा में पहुंचे, यहां पूजा अर्चना की शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ता नाव से गंगा नदी के बीच में पहुंचे। उनके हाथ में एक वाटरप्रूफ कटआउट था। इस कटआउट में राहुल गांधी को भगवान परशुराम के स्वरूप में दिखाया गया। उनके एक हाथ में फरसा था। दूसरे हाथ में भारत के संविधान की किताब है। कार्यकताओं ने मंत्रोच्चारण के साथ उनका रूद्राभिषेक किया। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की राजनीति सत्ता प्राप्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि वह समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और अधिकार पहुंचाने की सोच पर आधारित है। इसी भावना के तहत उनके जन्मदिन को सेवा, संकल्प और प्रार्थना के रूप में मनाया गया। कहा कि राहुल गांधी जी अगले चुनाव में प्रधानमंत्री बनकर हम लोगों के सामने आए। ये हमारा भाव है, इसलिए हमने उन्हें परशुराम के स्वरूप में दिखाया है। यह लोकतांत्रिक देश है। यहां सबको स्वतंत्रता है।

शादी के नाम पर ठगी करने वाली युवतियों पर FIR

- AI फोटो भेजकर लोगों को फंसाती थी, बाराबंकी के युवक से 4 लाख हड़पे थे

प्रात : किरण संवाददाता

कानपुर। में शादी कराने का झांसा देकर एक दिहाड़ी मजदूर से लाखों रुपये ठगने के मामले में साइबर थाने में तीन युवतियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि युवतियों ने शादी का भरोसा दिलाकर बाराबंकी के एक मजदूर से करीब 4 लाख रुपए हड़प लिए और बाद में शादी करने से इंकार कर दिया। बाराबंकी के रामनगर निवासी चंद्रेश दिहाड़ी मजदूरी कर अपना गुजारा करता है। उसकी उम्र करीब 40 साल है और वह शादी कर परिवार बसाना चाहता था। इसी दौरान उसके पास प्रीती नाम की युवती का फोन आया। उसने खुद को मैरिज ब्यूरो से जुड़ा बताते हुए शादी कराने का भरोसा दिलाया। चंद्रेश के मुताबिक सबसे पहले मैरिज ब्यूरो में रजिस्ट्रेशन कराने के नाम पर उससे 3 हजार रुपये लिए गए। इसके बाद एक युवती की फोटो भेजी गई। फोटो पसंद आने पर लड़की का मोबाइल नंबर देने के लिए 4 हजार रुपये और मांगे गए। चंद्रेश ने रकम जमा कर दी। इसके बाद अलग-अलग बहानों से लगातार पैसे मांगे जाते रहे। कभी प्रोफाइल शुल्क, कभी प्रक्रिया शुल्क तो कभी अन्य खर्चों का हवाला देकर उससे रुपये जमा कराए गए। चंद्रेश मजदूरी से जोड़ी गई अपनी बचत इन लोगों को देता रहा। चंद्रेश ने बताया कि उसकी फोन पर लड़की से बात कराई गई। बाद में लड़की की कथित मां से भी बातचीत कराई गई, जिन्होंने शादी के लिए सहमति जता दी। इससे उसे भरोसा हो गया कि रिश्ता तय हो जाएगा। इसी भरोसे में वह लगातार पैसे देता रहा। लेकिन कुछ समय बाद लड़की ने कम आय होने का हवाला देकर शादी से इंकार कर दिया। दूसरी लड़कियों ने भी दिया झांसा जब चंद्रेश ने मैरिज ब्यूरो से संपर्क किया तो उसकी बात राधिका और पूर्वी नाम की युवतियों से कराई गई। उन्होंने भी शादी कराने का भरोसा दिया और अलग-अलग मदों में रुपये लिए। हालांकि बाद में उन्होंने भी शादी कराने से मना कर दिया। चंद्रेश का आरोप है कि इस पूरे खेल में उसकी करीब 4 लाख रुपये की जमा पूंजी ठग ली गई। सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद कार्रवाई ठगी का एहसास होने पर चंद्रेश ने 25 मई 2026 को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की जांच के बाद साइबर थाने में राधिका, पूर्वी और प्रीती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। साइबर थाना प्रभारी सतीश यादव ने बताया कि आरोपियों का मनी ट्रेल देखा जा रहा है। एसबीआई, आईसीआईसीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा और आईडीएफसी में खुले 7 खातों की डिटेल मांगी गई है। इसके लिए ईमेल किया गया है। 4 खातों की डिटेल क्राइम ब्रांच को मिल चुकी है जिसमें अब तक 41 लाख का ट्रांजेक्शन मिला है। यह पूरा पैसा खातों से निकाला जा चुका है।

देवर के प्यार में पति की हत्या करवाई

- आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए थे; आगरा में 4 महीने पहले ही हुई थी शादी

प्रात : किरण संवाददाता

आगरा। ये कबूलनामा रेस्टोरेंट कर्मी अमित के छोटे भाई भोलू का है। अमित की 19 फरवरी को ही शादी हुई थी। बुधवार को उसका खून से लथपथ शव खेत में मिला था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में अमित के गले की हड्डी टूटी मिली थी। सिर की 4 हड्डियां भी चकनाचूर मिलीं। पुलिस ने 24 घंटे में हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी भोलू और उसकी भाभी खुशी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने गुरुवार को मामले का खुलासा कर दिया था। प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने बताया कि सुल्तानपुरा छोटी बस्ती सदर निवासी अमित कुमार (22) कैंट स्थित पंडित जी ढाबे पर वेटर का काम करते थे। 4 महीने पहले अमित की शादी प्रेमनगर निवासी खुशी के साथ हुई थी। बुधवार सुबह सात बजे वह घर से शौच जाने की बात कह कर निकले थे। एक घंटे बाद घर से 100 मीटर की दूरी पर अमित का शव झाड़ियों में खून से लथपथ पड़ा मिला। सिर और चेहरा पर गहरे चोट के निशान थे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। रिपोर्ट में पत्थर से सिर और चेहरा कूचने की बात सामने आई थी। इस बीच अमित के छोटे भाई भोलू ने ढाबे पर काम करने वाले एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने अमित के घर से लेकर ढाबे तक के सीसीटीवी खंगाले। एक फुटेज में अमित के पीछे उसका छोटा भाई भोलू जाता हुआ नजर आया। दूसरी फुटेज में वह हत्या के बाद बदहवास हालत में भागता हुआ दिखाई दिया। गुरुवार को अमित के शव का अंतिम संस्कार होने के बाद पुलिस ने अमित के घर पहुंची। भोलू से पूछताछ की। फिर उसे थाने लेकर आ गई। भोलू ने पूछताछ में बताया कि भाई की शादी के कुछ दिन बाद ही भाभी से अवैध संबंध हो गए थे। हम दोनों एक साथ रहना चाहते थे। 14 जून को अमित ने मुझे और भाभी को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। इसको लेकर घर में झगड़ा हुआ था। इसके बाद भाभी ने मुझसे कहा कि जब तक तुम्हारा भाई जिंदा है, तब तक हम एक नहीं हो पाएंगे। उसने कहा था कि भाई की मौत के बाद घरवाले हम दोनों की शादी करा देंगे। इसके बाद हम दोनों ने भाई की हत्या करने की प्लानिंग की। भोलू ने पूछताछ में बताया कि 17 जून को भाई अमित घर से निकला। अमित शौच करने के लिए बैठा ही था, तभी पीछे से मैं पहुंच गया। उसके सिर पर सीमेंट के पत्थर से हमला कर दिया। हमला होते ही अमित जमीन पर गिर पड़ा। फिर मैंने उसके चेहरे पर कई वार किए। इसके बाद गमछे से उसका गला घोट दिया। जब भाई मर गया तो मैं वहां से भाग निकला। इस बीच, गुरुवार सुबह जब पुलिस भोलू को थाने ले गई तो खुशी घबरा गई। उसने फंदा लगाकर सुसाइड करने का प्रयास किया। मगर घर में मौजूद लोगों ने उसे बचा लिया। कुछ देर बाद पुलिस दोबारा घर पहुंची और खुशी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पुलिस पूछताछ में जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया। डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया- भोलू को हत्या और खुशी को हत्या का षड्यंत्र रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

गोरखपुर में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की भव्य तैयारी

गोरखपुर। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य और व्यवस्थित ढंग से मनाने के लिए जनपद प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन तारामंडल स्थित दिग्विजयनाथ पार्क में सुबह 6 बजे से किया जाएगा, जिसमें जनपद के आला अधिकारी, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में आमजन स्वेच्छा से भाग लेंगे। इस आयोजन को सफल और प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कार्यक्रम में आने वाले प्रतिभागियों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी प्रतिभागी सुबह 5:30 बजे तक दिग्विजयनाथ पार्क में पहुंच जाएं, ताकि 6 बजे से शुरू होने वाले सामूहिक योग सत्र में समयबद्ध तरीके से सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। योग दिवस के इस विशेष आयोजन में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर देश-प्रदेश के लोगों को संबोधित करेंगे और योग के महत्व पर अपने विचार साझा करेंगे। प्रशासन द्वारा पार्क में साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था, चिकित्सा सहायता, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। नगर निगम और संबंधित विभागों को विशेष रूप से साफ-सफाई और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

विद्युत करंट की चपेट में आने से दो किसानों की दर्दनाक मौत

अमेठी। उत्तर प्रदेश के अमेठी जनपद अंतर्गत जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के हरपालपुर गांव में शुक्रवार सुबह धान की रोपाई के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। धान रोपाई के लिए खेत में भरे जा रहे पानी के दौरान अचानक हाई वोल्टेज करंट प्रवाहित होने लगा। जिसकी चपेट में आने से दो किसानों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची स्थानीय कोतवाली पुलिस जांच तथा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हरपालपुर गांव निवासी हीरालाल प्रजापति अपनी ट्यूबवेल पर धान लगाने के लिए खेत में पानी भरने हेतु सुबह करीब पांच बजे खेत गए हुए थे। इसी दौरान वह विद्युत करंट की चपेट में आ गए। तभी वहां से गुजर रहे इस गांव के रामबोध यादव को लगा कि हीरालाल को दौरा पड़ा हुआ है और वह उन्हें बचाने के लिए तत्काल हीरालाल के पास पहुंचे और जैसे ही हीरालाल को छुआ वह भी विद्युत करंट की चपेट में आ गए और दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। खेत में ट्यूबवेल से पानी भरा जा रहा था। आशंका है कि कहीं पर तार खुला हुआ था जिससे खेत में करंट उतर आया, दोनों किसान उसकी चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलसकर अचेत हो गए। मौके पर पहुंचे परिजनों व ग्रामीणों ने दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर (ट्रॉमा सेंटर) पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद हीरालाल प्रजापति (52) पुत्र गुरुदीन प्रजापति और रामबोध यादव (55) पुत्र शिवबरत यादव को मृत घोषित कर दिया। दो किसानों की एक साथ मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि अस्पताल में मृत घोषित किए जाने के बाद परिजन दोनों शवों को बिना पुलिस को सूचना दिए घर ले गए। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। इस घटना के संबंध में जगदीशपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा अभी तक सूचित नहीं किया गया है। बाहरी व्यक्तियों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी प्रकाश में आई है। फिलहाल पुलिस मौके पर जा रही है। घटना की जांच पड़ताल की जाएगी और परिजनों की स्वीकृति पर पंचायतनामा तथा पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जाएगी।

योग दिवस की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा प्रशासन, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

कहा- योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करें

प्रात : किरण अवनीश त्यागी

बिजनौर। आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य, सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। शुक्रवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी नामित नोडल अधिकारियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिलाधिकारी ने योग दिवस की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत की प्राचीन योग परंपरा को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इसलिए कार्यक्रम का आयोजन पूरी गरिमा, उत्साह और जनसहभागिता के साथ किया जाए। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, चिकित्सा सहायता, पार्किंग, सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, सरकारी विभागों के कर्मचारियों और आम नागरिकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राकेश कुमार, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. आरती गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और योग संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जनपद में आधार सेवाएं हुईं आसान, कई केंद्रों पर नामांकन और अपडेट की सुविधा उपलब्ध

- नया आधार नि:शुल्क, मोबाइल अपडेट के लिए 75 और बायोमैट्रिक अपडेट के लिए 125 रुपये निर्धारित
- योग दिवस की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा प्रशासन, डीएम ने दिए सख्त निर्देश
- कहा- योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करें

बिजनौर। आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य, सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। शुक्रवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी नामित नोडल अधिकारियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिलाधिकारी ने योग दिवस की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत की प्राचीन योग परंपरा को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इसलिए कार्यक्रम का आयोजन पूरी गरिमा, उत्साह और जनसहभागिता के साथ किया जाए। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, चिकित्सा सहायता, पार्किंग, सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, सरकारी विभागों के कर्मचारियों और आम नागरिकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राकेश कुमार, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. आरती गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और योग संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बिजनौर में खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई : दूध, दही, खोया और पनीर के 12 नमूने जांच को भेजे

जिलाधिकारी के निर्देश पर चला विशेष अभियान, रिपोर्ट में गड़बड़ी मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता

बिजनौर, संवाददाता। जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने विशेष अभियान चलाते हुए दूध, दही, खोया और पनीर सहित कुल 12 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चांदपुर, नजीबाबाद, हल्दौर, स्योहारा और बिजनौर शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों, डेयरियों और खाद्य इकाइयों का निरीक्षण किया। अभियान के दौरान मिश्रित दूध के कई नमूनों के साथ दही, खोया और पनीर के नमूने भी लिए गए। अधिकारियों के अनुसार सभी नमूनों को विधिवत सी ल कर प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी नमूने में मिलावट या खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित कारोबारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी ।मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम आशीष मौर्य के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डी.के. वर्मा, राजीव कुमार, नरेश कुमार, अनिल कुमार, शम्भू दयाल एवं रेनू सिंह शामिल रहे

अहसन जमील ने समर्थको सहित उत्साहपूर्वक मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

प्रातः किरण संवाददाता बिजनौर/स्योहारा। कांग्रेस नगर अध्यक्ष अहसन जमील ने अपने समर्थको व पार्टी कार्यकर्ताओ के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने केक काटकर उनके दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की तथा संगठन की मजबूती का संकल्प लिया। इस मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष अहसन जमील ने कहा कि ह्लराहुल गांधी देश के युवाओं, किसानों, मजदूरों और आम जनता की आवाज बनकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं ।उनकी विचारधारा और जनहित की राजनीति से प्रेरित होकर कांग्रेस कार्यकर्ता संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य कर रहे हैं। हम सभी उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना करते हैं ।ह्व उन्होंने कहा कि ह्लराहुल गांधी संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक सद्भाव की रक्षा के लिए लगातार आवाज उठा रहे हैं। उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी देश में भाईचारे और विकास की राजनीति को आगे बढ़ाने का काम कर रही है ।ह्वउन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान खोल रखी है उन्होंने आगे कहा कि नफरत छोड़ो भारत जोड़ो। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे और सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल मे मनाया गया । इस अवसर पर अथर जमील . पूर्व प्रदेश महासचिव श्रम विभाग राहुल शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष हरि सिंह सागर जिला सचिव राशिद हुसैन, नौबत सिंह, भूरा , तनवीर अहमद, ऋतिक पाल, मोनू कुमार, लताफत हुसैन, दिलशाद हुसैन, शाह आलम, आजर जलीस, बबलू इकबाल, अब्दुल्ला परवेज अहमद, अफरोज खान, यूनुस हुसैन, अरशद हुसैन, शाहनवाज हुसैन, इकबाल अहमद, कैफ हुसैन, इरफान अहमद, जानिब हुसैन, नजाकत हुसैन, रईस अहमद, इदरीस अहमद, लईक अहमद, रमीज अहमद, इमरान अहमद, खालिद हुसैन, अफजाल अहमद, आदि सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आग लगने से शादी के लिए रखा कीमती सामान व साढ़े पांच लाख की नगदी जलकर खाक

प्रात : किरण संवाददाता

लोनी। शुक्रवार को लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की संगम विहार कॉलोनी स्थित एक मकान की ऊपरी मंजिल में आग लग गई। आग पर जबतक काबू पाया जा सकता, तब तक वहां लड़की की शादी के लिए रखा कीमती सामान व लाखों रुपए की नगदी जलकर खाक हो गई। आग लगने का कारण कथित तौर पर शॉर्ट सर्किट माना जा रहा हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक संगम विहार कॉलोनी में रहने वाले गुड्डू के मकान की ऊपरी मंजिल में अचानक आग लग गई। आज इतनी ध्यानक थी कि देखते ही देखते उसने विकराल रूप धारण कर लिया। और इससे पहले कि पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचती उससे पूर्व ही लाखों का कीमती सामान व नगदी जलकर खाक हो गई। पीड़ित गृह स्वामी अनुसार अग्निकांड में उसका वह सामान, जेवरात तथा कपड़े आदि के अलावा करीब 5:30 लख रुपए की नगदी भी जलकर राख गए जो उसने अपनी पुत्री की शादी के लिए जोड़कर रखा हुआ था। पुलिस के मुताबिक इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

देश-विदेश से उमड़ा अजादारों का सैलाब

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। गमगीन फि जा और नम आँखों के दरमियान 3 मुहर्रम का ऐतिहासिक और पारंपरिक जुलूस इमामबारगाह वालिया पचदरा से पूरी अकीदत के साथ निकाला गया। कर्बला के शहीदों की याद में निकाले गए इस जुलूस में चारों तरफ ह्लया हुसैन, या हुसैनह्न की सदाएं गूंजती रहीं।इमामबारगाह से शुरू होकर यह जुलूस बेहद सलीके और तरतीब के साथ शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए गुजरा। जुलूस का गश्त बेहद प्रभावमयी था, जिसमें अजादारी की पुरानी रिवायतों की झलक साफ देखने को मिली। जुलूस में सबसे आगे ऊँटों का एक विशाल काफिला चल रहा था, जो कर्बला के ऐतिहासिक सफर की याद दिला रहा था। काफिले के ठीक पीछे खूबसूरत आराइश और हुसैनी बाजे की मातमी धुनें माहौल को और अधिक गमगीन बना रही थीं। जुलूस में शामिल पवित्र आलम मुबारक, शबीह-ए-ताबूत और इमाम हुसैन के वफादार घोड़े की शबीह ह्लजुल्जनाहह्न के दीदार के लिए अजादारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी ।जुलूस के दौरान अजादार और आम लोग खसूसी नौहे पढ़ रहे थे। जिसमें कर्बला के मजलूमों के मसाब (दुख) सुनकर हर आँख नम थी।नौहाख्वानी के साथ-साथ अजादारों ने इमाम बारगाह में सीनाजनी (मातम) की, जिससे पूरा माहौल ह्लहुसैन हुसैन हुसैनह्न की गूंज से लबरेज हो गया। इस ऐतिहासिक जुलूस में अकीदतमंदों की बहुत बड़ी संख्या ने शिरकत की। स्थानीय लोगों के अलावा, देश के विभिन्न हिस्सों से आए जायरीन और बड़ी संख्या में विदेशी अजादारों ने भी जुलूस में शामिल होकर अपनी अकीदत के फूल पेश किए। जुलूस को सफल और शांतिपूर्ण निकालने में ज़िला मजिस्ट्रेट, अमरोहा द्वारा मोहर्रम कार्यक्रम आयोजन हेतु तदर्थ कमेटी के सदस्य ज़िया एजाज, लियाकत अली, बाकर रजा नकवी,नदीम नकवी, शहजाद रजा, कासिम जैदी का सहयोग रहा। तथा जुलूस का

संचालन अंजुमन रजाकारान-ए-हुसैनीह्न द्वारा किया गया। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों और शहर की प्रमुख हस्तियों ने मुस्तैदी से अपनी ज़िम्मेदारियां निभाईं, जिनमें मुख्य रूप से खुर्शीद जैदी (जनरल सेक्रेटरी),गुलाम सज्जाद (काइद)

इमदाद आबिदी (नायब काइद)

डॉ. चंदन नकवी, इकबाल खां सैयद मुज्तबा,जाफर रजा,दायम रजा, खुर्रम हसन,शाने मुज्तबा ,संचालन कर रहे थे। इनके अलावा अंजुमन के अन्य वालंटियर्स, सामाजिक कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में अजादार जुलूस के आखिर तक साथ चलते रहे। सिकंदर रजा मुत्तवल्ली प्रशासन और स्थानीय लोगों के सहयोग से जुलूस अपने मुकर्ररा रास्तों से होता हुआ शांतिपूर्ण ढंग निश्चित समय पर संपन्न हुआ।

भारत भारती की संपन्न हुई गोष्ठी में राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समस्या पर दिया बल

प्रात : किरण संवाददाता

लोनी। गोल्ड क्राउन, अंकुर विहार में भारत भारती की संपन्न हुई भव्य विचार गोष्ठी में राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता पर विशेष बल दिया गया। मिली जानकारीनुसार भारत भारती संगठन द्वारा डीएलएफ अंकुर विहार, लोनी स्थित गोल्ड क्राउन बैंक्वेट हॉल में एक भव्य विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना था। गोष्ठी में विभिन्न राज्यों, वर्गों और समुदायों से आए महिला एवं पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान भारत भारती संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय पतालय जी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की पहचान उसकी विविधता में निहित एकता है। उन्होंने कहा कि भारत भारती संगठन का लक्ष्य देश के प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक सद्भाव और भारतीय होने के गौरव का भाव जागृत करना है। उन्होंने कहा कि जाति, भाषा, क्षेत्र और पंथ के आधार पर विभाजित होने के बजाय सभी को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। श्री पतालय ने कहा कि भारत भारती संगठन समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़कर एक सशक्त और समरस भारत के निर्माण की दिशा में कार्य कर रहा है। उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री विवेकानंद जी ने कहा कि गाजियाबाद आज एक ह्ललघु भारतह्व के रूप में दिखाई देता है, जहां देश के लगभग सभी प्रदेशों के लोग निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत भारती का उद्देश्य इसी विविधता को एकता के सूत्र में बांधना है।

तेज गति से आ रही है नियंत्रित बस दुकान में घुसी, अनहोनी टली

प्रात : किरण संवाददाता

लोनी। शुक्रवार सुबह लोनी तिराहे के निकट तेज गति से भाग रही एक रोडवेज बस अनियंत्रित होकर दुकान में जा घुसी। गामिनत यह रही कि कोई अनहोनी घटना होने से टल गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार जिस समय तेज गति से आती हुई अनियंत्रित रोड बस दुकान में घुसी उस समय वहां पर कोई नहीं था। दुर्घटना की जोरदार आवाज सुनकर उस ओर दौड़कर आए लोगों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। नागरिकों एवं जेसीबी की मदद से दुकान में फसी बस को किसी तरह बाहर निकाला जा सका।

पीएम सूर्य घर योजना से हर घर बनेगा ऊर्जा आत्मनिर्भर, 300 यूनिट तक मिलेगी मुफ्त बिजली: मांगेराम चौहान

प्रात : किरण संवाददाता

मुरादाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना देश में स्वच्छ ऊर्जा और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बनकर उभर रही है। सामाजिक कार्यकर्ता मांगेराम चौहान ने कहा कि सौर ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत का आधार है और सूर्य देव का मानवता को मिला अमूल्य वरदान है। इस योजना के माध्यम से आम परिवार न केवल बिजली बिल से राहत पा रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी 2024 को शुरू हुई इस योजना के तहत देशभर में एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के अंतर्गत 1 से 3 किलोवाट क्षमता के सोलर सिस्टम पर केंद्र सरकार द्वारा अधिकतम 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी दी जाती है। वहीं उत्तर प्रदेश में राज्य सरकार की अतिरिक्त सहायता के साथ कुल सब्सिडी 1.08 लाख रुपये तक उपलब्ध हो सकती है। मांगेराम चौहान ने कहा कि तीन किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम प्रतिमाह लगभग 300 यूनिट बिजली का उत्पादन करता है, जिससे अधिकांश परिवारों का बिजली बिल लगभग शून्य हो सकता है। यदि अतिरिक्त बिजली का उत्पादन होता है तो उसे ग्रिड में भेजकर उपभोक्ता अतिरिक्त आय भी अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक भारतीय नागरिक होना चाहिए, उसके नाम पर आवासीय मकान और वैध बिजली कनेक्शन होना आवश्यक है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है और आधिकारिक पोर्टल पर पंजीकरण के बाद डिस्कॉम की स्वीकृति मिलने पर अधिकृत विक्रेता से सोलर सिस्टम स्थापित कराया जा सकता है। सब्सिडी की राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती है। उन्होंने कहा कि सोलर पैनलों की आयु लगभग 25 वर्ष होती है, जिससे लंबे समय तक बिजली पर होने वाला खर्च बचाया जा सकता है। हालांकि छत की उपयुक्तता, अधिकृत विक्रेताओं की उपलब्धता और जागरूकता की कमी जैसी कुछ चुनौतियां हैं, लेकिन सरकार इन्हें दूर करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मांगेराम चौहान ने नागरिकों से अपील की कि वे इस महत्वाकांक्षी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और स्वच्छ, सस्ती तथा टिकाऊ ऊर्जा अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ह्लसूर्य शक्ति से सशक्त भारतह्व की परिकल्पना अब तेजी से साकार हो रही है।

इंदिरा पार्क में गूंजा योग का संदेश, योग सप्ताह के पांचवें दिन अधिकारियों, विद्यार्थियों और संस्थाओं ने किया सामूहिक योगाभ्यास

प्रात : किरण अवनीश त्यागी

बिजनौर। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को इंदिरा पार्क में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातः 6 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, विभिन्न सामाजिक एवं योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के प्रति अपनी जागरूकता और प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक प्रशांत महर्षि, श्रीमती सद्भावना, अर्जुन सिंह नागर एवं सुनील राजपूत ने आयुष मंत्रालय के निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। प्रशिक्षकों ने योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए नियमित योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विमल कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो स्वस्थ शरीर, संतुलित मन और सकारात्मक जीवन का आधार है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को जन-जन का उत्सव बनाने के लिए सभी के सहयोग और सहभागिता की सराहना की। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राकेश कुमार, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरती गुप्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुरेश कुमार, डॉ. शैलेंद्र यादव तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। योगेंद्र पाल सिंह योगी ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्रीड़ा भारती, गोविंदा मॉर्निंग क्लब, गायत्री परिवार, आईएनओ सहित विभिन्न योग संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बिजनौर एवं नेहरू स्टेडियम के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति अपनी जागरूकता का परिचय दिया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. विमल कुमार ने सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों, सहयोगी संस्थाओं एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए योग सप्ताह के आगामी कार्यक्रमों में भी अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। योग सप्ताह के अंतर्गत आयोजित हो रहे कार्यक्रमों को लेकर जनपद में उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

स्वास्थ्य कर्मियों ने किया योगाभ्यास, करो योग, रहो निरोग का दिया संदेश

प्रात : किरण संवाददाता

स्योहारा (बिजनौर)। उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के निदेशानुसार संचालित ह्लकरो योग, रहो निरोगह्व अभियान के तहत शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्योहारा में विशेष योग प्रशिक्षण एवं योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें चिकित्सकों, सीएचओ, फार्मासिस्ट, आशा, आशा संगिनी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हरेवली से आए योग प्रशिक्षक लोकेंद्र सिंह ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, अनुलोम-विलोम एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए योग करने की सही विधि और आवश्यक सावधानियों की भी जानकारी दी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने बताया कि प्रदेश सरकार के आयुष एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14 से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले मरीजों एवं स्थानीय लोगों को भी नियमित योग अपनाने के लिए जागरूक किया जाएगा। डॉ. स्नेही ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है, तनाव कम होता है तथा अनेक बीमारियों से बचाव संभव है । यदि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन कुछ समय योग को दे, तो वह स्वस्थ जीवन जी सकता है और अस्पतालों पर निर्भरता भी कम होगी। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक लोकेंद्र सिंह, सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही, फार्मासिस्ट प्रदीप रावत, हरीश रोहिल्या, हेल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, वीर सिंह, कनिष्ठ सहायक शुभम शर्मा सहित अस्पताल का समस्त चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा।

लोनी बॉर्डर क्षेत्र में होटल-ढाबों की आड़ में खुले हैं महखाने, जिम्मेदार अनजान

प्रात : किरण संवाददाता, सुशील शर्मा

लोनी। लोनी बॉर्डर क्षेत्र में होटल और ढाबे की आड़ में शराब पिलाने का गोरखधंधा खूब फल-फूल रहा है। कार्रवाई नहीं होने के कारण इस अवैध धंधे से जुड़े हुए लोगों के हौसले बुलंद हैं। ऐसा नहीं है कि पुलिस प्रशासन या फिर आबकारी विभाग को इसकी जानकारी नहीं है. मगर इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़े करता है। प्रशासन की नाक के नीचे धड़ल्ले से खुलेआम किए जा रहे इस गोरखधंधे के पीछे कहीं ना कहीं विशेष संरक्षण प्राप्त होने की आशंका को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता है. जो अपनी जेब भरने के लिए शासकीय नीति के खिलाफ काम करने में भी संकोच नहीं कर रहे। बतादे कि लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में अनेक स्थानों पर खुलेआम शराब पिलाने का अवैध कारोबार करने वालों की शिकायत मिलने पर विगत वर्षों पूर्व में तैनात रे एसएसपी द्वारा कार्यवाही करते हुए उनपर पूर्ण रुप से अंकुश लगा दिया गया था. मगर कुछ माह बंद रहने के बाद यह धंधा पुनः फलने-फूलने लगा जो आजकल अपने पूरे शबाब पर हैं। यहां अनेक स्थान ऐसे है जहां होटल, ढाबो आदि पर केवल शराब पिलाने का धंधा खुलेआम संचालित हैं। हालात ऐसे है कि यहां सुबह दिन निकलने के साथ जाम छलकने का शुरू हुआ यह सिलसिला देर रात तक चलता है। लोगों को अपने यहां बैठाकर शराब पिलाने का धंधा करने वाले इन होटलों/ढाबों के संचालक शराबियों के लिए गिलास, पानी के अतिरिक्त वेज या नॉनवेज खाद्य सामग्री आदि परोसने का भी विशेष इंतजाम रखते है। जाम से जाम टकराने के दौरान नशे में धुत शराबियों के बीच यहां अक्सर लड़ाई-झगड़ा होना भी आम बात है। यही नहीं कई बार वहां से गुजरने वाली युवतियो को भी इन शराबियों की अश्लील फब्तियों का शिकार होना पड़ता है। अफसोस तो इस बात का है कि चौकी/थाने के निकट होते हुए भी इन मयखानों का संचालन बेखौफ जारी है जो संबंधित विभागीय अधिकारियों की कार्यपालिका को संदिग्ध बनाता है।

-पुलिस आयुक्त से मिलकर प्रतिनिधि मंडल करेगा कार्रवाई की मांग

होटल के नाम पर गैर सामाजिक इन अवैध मयखानों के चलते क्षेत्रवासी नाराज हैं। स्थानीय नागरिकों ने इनके संचालकों संग पुलिस मिलीभगत का आरोप लगाया है। रोषित लोगों का कहना है कि उक्त गंभीर प्रकरण की शिकायत को लेकर जल्दी ही उनका एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस आयुक्त से मिलेगा और उन्हें इस अवैध धंधे की विस्तृत जानकारी से अवगत कराते हुए उनपर अंकुश लगाने की मांग करेगा। होटल के नाम पर गैर सामाजिक इन अवैध मयखानों के चलते क्षेत्रवासी नाराज हैं ।स्थानीय नागरिकों ने इनके संचालकों के साथ पुलिस मिलीभगत का आरोप लगाया है। रोषित लोगों का कहना है कि उक्त में शिकायत को लेकर जल्दी ही उनका एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस आयुक्त से मिलेगा और उन्हें इस अवैध धंधे की विस्तृत जानकारी से अवगत कराते हुए इस गंभीर प्रकरण में तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई की मांग करेगा। लोनी बॉर्डर क्षेत्र में स्थित कई होटलो और ढाबों के संचलको द्वारा लोगों को अपने यहां बैठाकर उन्हें अवैध रूप से शराब पिलाये जाने की शिकायत मिली है। मामले में तुरंत जांच कर ऐसे लोगों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अनुज वर्मा (आबकारी अधिकारी)

3 मोहर्रम के ऐतिहासिक जुलूस में गूंजा नोहा– मेरी भी लाश न खेमे में जाएगी भाई

प्रात : किरण संवाददाता

नौगांवां सादात। अंजुमन हैदरी रज़ि० नौगांवां सादात के तत्वावधान में शुक्रवार को पारंपरिक एवं ऐतिहासिक 3 मोहर्रम का जुलूस अकीदत और गमगीन माहौल में निकाला गया। जुलूस मोहल्ला बंगला स्थित हींगा वाली मस्जिद से दोपहर दो बजे बरामद हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अजादारों ने शिरकत कर इमाम हुसैन (अ.स.) और शोहदाए कर्बला को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। जुलूस के शुभारंभ पर मौलाना मोहम्मद अब्बास ने मसाइबे आले मुहम्मद (अ.स.) बयान करते हुए कर्बला के दर्दनाक वाकियात का ज़िक्र किया। उन्होंने बताया कि इमाम हुसैन (अ.स.) ने अपने नाना हजरत मुहम्मद (स.अ.व.) के दीन की हिफाजत के लिए कर्बला में बनी असद के कबीले से जमीन खरीदकर अपने खयाम स्थापित किए थे। जुलूस में सबसे आगे मर्सियाख़्वां अली अंसार मर्सिया पढ़ते हुए चल रहे थे। उनके पीछे 18 अलम-ए-मुबारक, अमारियों का काफिला, जुल्जनाह और अंजुमन हैदरी का परचम शामिल था। नोहाख़्वां अली सज्जाद एवं जाहिद नौगांवनवी ने ह्लसदा गाजी के थी लब पर बड़ी मुश्किल है बाबाह्व नोहा पेश कर माहौल को गमगीन बना दिया। हफ्ता बाजार में आदिल अब्बास और एजाज ने ह्लजहरा की दुआओं से ज़िंदा है अजादारह्व नोहा पेश किया, जबकि बड़ी इमली पर नोहाख़्वां दानिश ने अपने कलाम से अजादारों को भावुक कर दिया। शफरीद में अली शब्बार नौगांवनवी द्वारा पढ़ा गया नोहा मेरी भी लाश न खेमे में जाएगी भाईह्व सुनकर हजारों अजादार अश्कबार हो गए।

संक्षिप्त खबरें

राजस्थान में तबादलों से बैन हटा, पांच जुलाई तक होंगे ट्रांसफर

जयपुर। राजस्थान सरकार ने लंबे इंतजार के बाद सरकारी कर्मचारियों के तबादलों पर लगी रोक हटा दी है। सरकार ने 19 जून से 5 जुलाई तक यानी 16 दिनों के लिए ट्रांसफर-पोस्टिंग पर लगा बैन हटाने का आदेश जारी किया है। पिछले कई महीनों से कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच तबादलों को लेकर चल रही चर्चाओं पर सरकार के इस फैसले से विराम लग गया है। आदेश के अनुसार, तबादलों में एकल महिला, विधवा, परित्यक्ता तथा कैंसर, हृदय रोग, दिमाग, फेफड़े और किडनी जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रसित कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाएगी। यह आदेश सरकारी विभागों के साथ-साथ निगमों, बोर्डों और स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मचारियों पर भी लागू होगा। हालांकि सरकार ने दो प्रमुख विभागों को तबादला प्रक्रिया से अलग रखा है। शिक्षा विभाग में कार्यरत तृतीय श्रेणी शिक्षकों (ग्रेड थर्ड टीचर्स) और चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों के तबादले नहीं किए जाएंगे। चिकित्सा विभाग में नर्सिंग ऑफिसर, लैब टेक्नीशियन, डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्यकर्मी इस प्रक्रिया से बाहर रहेंगे।

तेज आंधी में प्लांट की दीवार गिरने से मजदूर महिला की मौत

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में गुरुवार शाम हुई तेज आंधी, तूफान और बारिश के बीच एक दर्दनाक हादसा हो गया। लाखा ग्राम पंचायत अंतर्गत आश्रित ग्राम चिराईपानी स्थित महालक्ष्मी कास्टिंग प्लांट की बाउंड्री वॉल अचानक भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में आकर एक महिला मजदूर की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य मजदूर घायल हो गए। पूंजीपथरा थाना पुलिस से आज शुक्रवार सुबह प्राप्त जानकारी के अनुसार, ओम रूपेश उद्योग और महालक्ष्मी उद्योग के बीच बनी बाउंड्रीवॉल के समीप कुछ मजदूर झोपड़ी बनाकर निवास कर रहे थे। गुरुवार शाम करीब छह बजे मौसम ने अचानक करवट ली और तेज आंधी-तूफान के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान बाउंड्रीवॉल मजदूरों की झोपड़ी पर गिर गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों द्वारा जेसीबी मशीन की मदद से मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल महिला मजदूर रंभा प्रधान को अस्पताल ले जाने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। वहीं दो अन्य घायल मजदूरों को उपचार के लिए रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बिलासपुर में होगा भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम

बिलासपुर। बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रातः 6:45 बजे से 7:45 बजे तक स्वर्गीय बी.आर. यादव स्मृति राज्य प्रशिक्षण खेल परिसर, बहतराई में जिला प्रशासन द्वारा भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक बिलासपुर अमर अग्रवाल, विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक, विधायक तखतपुर धर्मजीत सिंह, विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला, विधायक कोटा अटल श्रीवास्तव, विधायक मस्तूरी दिलीप लहरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, महापौर पूजा विधानी, क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष रजनीश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

नीट-2026: परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा विशेष ट्रेनों का संचालन

प्रात: किरण संवाददाता

बिलासपुर/रायपुर। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-2026) में शामिल होने वाले हजारों अभ्यर्थियों और उनके परिजनों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने विशेष यात्री सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था की है। परीक्षा अवधि के दौरान संभावित अतिरिक्त भीड़ और यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने विशेष मेमू/पैसेंजर ट्रेनों का संचालन करने, 10 ट्रेनों में 40 अतिरिक्त सामान्य श्रेणी के कोच जोड़ने तथा हसदेव एक्सप्रेस का अस्थाई विस्तार करने का निर्णय लिया है। रेलवे अधिकारियों से आज शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार नीट परीक्षा के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं विभिन्न शहरों में स्थित परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए रेल यात्रा का सहारा लेते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए यह विशेष योजना तैयार की गई है ताकि अभ्यर्थियों को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कोरबा-दुर्ग-कोरबा के बीच चार विशेष मेमू ट्रेनें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 20 और 21 जून को कोरबा और दुर्ग के बीच चार विशेष मेमू पैसेंजर ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। 20 जून को गाड़ी संख्या 06801 कोरबा-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल सुबह 10 बजे कोरबा से रवाना होकर चांपा, जांजगीर-नैला, अकलतरा, बिलासपुर, बिल्हा, भाटापारा, तिल्दा-नेवरा, रायपुर एवं भिलाई पावर हाउस सहित सभी प्रमुख स्टेशनों में ठहरते हुए शाम 4:15 बजे दुर्ग पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06802 दुर्ग-कोरबा मेमू पैसेंजर स्पेशल शाम 7:05 बजे दुर्ग से रवाना होकर रात 12:45 बजे कोरबा पहुंचेगी। 21 जून को परीक्षा दिवस पर गाड़ी संख्या 06803 कोरबा-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल सुबह 4 बजे कोरबा से रवाना होगी और सुबह 10:50 बजे दुर्ग पहुंचेगी। वहीं गाड़ी संख्या 06804 दुर्ग-कोरबा मेमू पैसेंजर स्पेशल शाम 7:05 बजे दुर्ग से प्रस्थान कर रात्रि 12:45 बजे कोरबा पहुंचेगी। इन विशेष ट्रेनों के संचालन से कोरबा, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, रायपुर, भिलाई और दुर्ग क्षेत्र के हजारों परीक्षार्थियों को सीधा लाभ मिलने की संभावना है।

कोटा में युवाओं से संवाद सिर्फ एक फेल्ड स्टंट: राठौड़

प्रात: किरण संवाददाता

जोधपुर। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हालिया कोटा दौरे और युवाओं से संवाद को लेकर तीखा हमला बोला। राखी ने राहुल और कहा कि री-नीट परीक्षा में जब सिर्फ तीन दिन बाकी हैं, ऐसे समय में कोटा में एक छात्र का सुसाइड नोट पढ़ना बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। इससे परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र मानसिक दबाव और भावनात्मक तनाव में आ सकते हैं। भाजपा महिला मोर्चे की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ एक दिन के दौरे पर शुक्रवार को जोधपुर पहुंचीं, जहां पार्टी और मोर्चा पदाधिकारियों ने साफा पहनाकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए महिला सशक्तिकरण, पंचायत एवं निकाय चुनावों में महिलाओं की भागीदारी, महिला सुरक्षा, संगठन में महिलाओं के प्रतिनिधित्व, कांग्रेस सरकार के कार्यकाल, पेपर लीक प्रकरण तथा राहुल गांधी के कोटा दौरे सहित कई मुद्दों पर विस्तार से अपनी बात रखी। राठौड़ ने कहा कि राहुल के पास सिर्फ फील्ड का कोई अनुभव या ज्ञान नहीं है, फिर भी वे ऐसी राजनीति कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। राहुल बच्चों की भावनाओं से खेल रहे हैं, जिसका उन्हें अधिकार नहीं है। जनता इनके चेहरे पर विश्वास नहीं करेगी, जिनके राज में पेपर लीक हुए हो। उन्होंने अपने अध्यापन के दिनों को याद करते हुए कहा, मैंने सात साल आईआईटी के छात्रों को गणित पढ़ाई है, इसलिए मैं बच्चों की मानसिकता और उनके ट्रॉमा को अच्छे से समझती हूं राठौड़ ने पिछली कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह वही चेहरा है, जिसके कार्यकाल में 18 में से 17 पेपर लीक हुए।

परमेश्वरी धाम मंदिर से दानपेटी की नकदी व आभूषण चोरी

प्रात: किरण संवाददाता

महासमुंद। जिले के पिथौरा स्थित प्रसिद्ध परमेश्वरी धाम मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने दानपेटी और भगवान के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। मंदिर प्रबंधन और पुजारी के अनुसार, सोना-चांदी के आभूषणों और नकदी सहित करीब दो लाख रुपये की चोरी हुई है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। मामले की सूचना मिलते ही पिथौरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती रात अज्ञात चोर मंदिर परिसर में घुसे और दानपेटी तोड़कर उसमें रखी नकदी लेकर फरार हो गए। चोरों ने मंदिर में विराजमान भगवान के सोने-चांदी के आभूषण भी चोरी कर लिए। शुक्रवार को सुबह जब मंदिर के पुजारी और श्रद्धालु पूजा करने के लिए पहुंचे, तब चोरी की जानकारी सामने आई। मंदिर के पुजारी ने बताया कि चोरी हुए सोने-चांदी के आभूषण और दान पेटी में रखी नकदी को मिलाकर करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पिथौरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ-साथ चोरों की तलाश में जुट गई है।

जर्जर हवेली का छज्जा गिरने से महिला की मौत

प्रात: किरण संवाददाता

जयपुर। परकोटा क्षेत्र में जर्जर भवनों की अनदेखी एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। सुभाष चौक थाना क्षेत्र स्थित चौकड़ी गंगापोल के लवाण का घेर में गुरुवार दोपहर जर्जर हवेली का हिस्सा गिरने से एक महिला की मौत हो गई। चौंकाने वाली बात यह है कि इसी हवेली में आठ दिन पहले छत का प्लास्टर गिरने से पांच माह के एक मासूम की भी जान चली गई थी। लगातार दूसरे हादसे के बाद प्रशासन और नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे जर्जर हवेली के एक हिस्से में तोड़फोड़ का कार्य चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मकान मालिक समीर अपने किराएदार के साथ गुमटी का छज्जा तोड़ रहा था। इसी दौरान मकान के पास स्थित करीब तीन फुट चौड़ी गली से पड़ोस में रहने वाली शाकीरा (60) गुजर रही थीं। तभी छज्जे का मलबा अचानक उनके ऊपर आ गिरा। हादसे में शाकीरा के सिर, गर्दन, कंधे और पेट में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां से एसएमएस अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान शाम करीब चार बजे उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि छज्जा तोड़ने के दौरान न तो गली में लोगों की आवाजाही रोकी गई थी और न ही किसी प्रकार के सुरक्षा उपाय किए गए थे। बिना सुरक्षा प्रबंधों के जर्जर हिस्से को तोड़े जाने के कारण यह हादसा हुआ। गौरतलब है कि इसी हवेली में 11 जून को भी दर्दनाक हादसा हुआ था। दूसरी मंजिल पर बने एक कमरे की छत का प्लास्टर गिरने से पांच माह के मासूम अब्दुल कादिर की मौत हो गई थी। बच्चे के पिता राशिद हुसैन कलर-पेंट का काम करते हैं और घटना के समय घर से बाहर गए हुए थे। बच्चे की मां नाजिश ननिहाल जाने की तैयारी कर रही थीं, जबकि मासूम कमरे में लेटा हुआ था। तभी छत का प्लास्टर उसके ऊपर आ गिरा। गंभीर रूप से घायल मासूम को एसएमएस ट्रोमा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मृतक मासूम के पिता राशिद हुसैन का आरोप है कि हवेली की खस्ताहाल स्थिति को लेकर कई बार मकान मालिक को अवगत कराया गया था। स्थानीय लोगों ने भी भवन की मरम्मत कराने अथवा उसे खाली करवाने की मांग की थी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

ट्रेलर के पलटने से मोटरसाइकिल दो युवकों की दबने से मौत

प्रात: किरण संवाददाता

बिलासपुर। बिलासपुर के रतनपुर थानांतर्गत बहन के लिए मोमोज लेकर लौट रहे दो सगे भाइयों की सड़क हादसे में मौत हो गई। बिलासपुर-कटघोरा नेशनल हाईवे पर कोयले से लदा तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर नाली निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में जा घुसा और पलट गया। हादसे के दौरान मोटरसाइकिल सवार दोनों भाई ट्रेलर की चपेट में आ गए और उसके नीचे दब गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। आज शुक्रवार को पोस्टमार्टम उपरांत शवों को परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार बेलतरा निवासी संदीप रजक (23) और उसका छोटा भाई प्रदीप रजक (16) ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करते थे। संदीप ट्रेलर चालक था, जबकि प्रदीप मैकेनिक का काम करता था। दोनों अपने परिवार के साथ बेलतरा के पास स्थित बेलपारा गांव में रहते थे। बताया जा रहा है कि बस स्टैंड के पास स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने नेशनल हाईवे किनारे नाली निर्माण के लिए करीब 4 महीने पहले खुदाई की गई थी। नेशनल हाईवे अथॉरिटी के विरोध के बाद निर्माण कार्य रोक दिया गया, लेकिन खुदाई वाला हिस्सा और निर्माण सामग्री सड़क किनारे ही पड़ी रही। गुरुवार रात करीब 8 बजे बिलासपुर की ओर जा रहा कोयले से लदा तेज रफ्तार ट्रेलर (सीजी 12 बीएच 2296) खुदाई वाले हिस्से के पास पहुंचते ही चालक कंट्रोल खो बैठा और ट्रेलर पलट गया। उसी दौरान वहां से गुजर रही मोटरसाइकिल उसकी चपेट में आ गई। ट्रेलर के नीचे दबने से दोनों भाइयों की जान चली गई। रिश्तेदारों के अनुसार संदीप और प्रदीप काम खत्म करने के बाद होटल गए थे।

कृत्रिम जनादेश तैयार करना लोकतंत्र और जनादेश का अपमान : सचिन पायलट

प्रात: किरण संवाददाता

जयपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि राजनीतिक एजेंडा पूरा करने के लिए कृत्रिम जनादेश तैयार करने का प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता के जनादेश का अपमान है। पायलट ने कहा कि देश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को सरकार चलाने के लिए बहुमत दिया है, लेकिन दो-तिहाई बहुमत नहीं दिया। ऐसे में जो जनादेश जनता ने नहीं दिया, उसे राजनीतिक जोड़-तोड़ के माध्यम से कृत्रिम रूप से तैयार करने की कोशिश लोकतंत्र की भावना के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले जो विधेयक गिर चुका था, उसे दोबारा लाने की कोशिश मैन्युफैक्चर्ड मैंडेट के जरिए की जा रही है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को तोड़कर, सांसदों को इधर-उधर कर और कृत्रिम बहुमत बनाकर संवैधानिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का प्रयास देश की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। परिसीमन के मुद्दे पर पायलट ने कहा कि इसकी एक निर्धारित संवैधानिक प्रक्रिया है। पहले जनगणना होनी चाहिए, उसके बाद आयोग का गठन किया जाना चाहिए और फिर परिसीमन की प्रक्रिया आगे बढ़नी चाहिए। बिना निर्धारित प्रक्रिया और ठोस आधार के परिसीमन करना केवल राजनीतिक उद्देश्य साधने का प्रयास है। पायलट ने कहा कि देश की जनता सब देख रही है और समझ रही है कि भाजपा अपने राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने के लिए किस प्रकार के रास्ते अपना रही है।

छत्तीसगढ़ के कृषि विकास मॉडल का अध्ययन करने पहुंचा महाराष्ट्र का विधायक दल

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज शुक्रवार को राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में महाराष्ट्र के विधायक प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से छत्तीसगढ़ में धान खरीद व्यवस्था, किसानों के हित में संचालित योजनाओं, कृषि क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री साय ने प्रतिनिधिमंडल का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है और यहां की बड़ी आबादी खेती-किसानी पर निर्भर है। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को लाभकारी बनाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को बस्तर की समृद्ध आदिवासी कला एवं संस्कृति के प्रतीक बस्तर आर्ट का स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया।मुख्यमंत्री ने बताया कि, प्रदेश में किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष में लगभग 141 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है, जो देश में धान खरीद के सबसे बड़े अभियानों में से एक है। उन्होंने कहा कि, किसानों की सुविधा के लिए प्रदेशभर में लगभग 2700 धान उपार्जन केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जहां पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित तरीके से धान की खरीद की जाती है। धान के सुरक्षित भंडारण के लिए संग्रहण केंद्रों और गोदामों का व्यापक नेटवर्क विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, राज्य सरकार का प्रयास है कि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए पंजीयन से लेकर धान तौल, परिवहन और भुगतान तक की प्रक्रिया को तकनीक आधारित और सरल बनाया गया है। किसानों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जा रहा है।

जब्त आठ सौ से अधिक कार्टन अवैध शराब नष्ट

प्रात: किरण संवाददाता

जयपुर। अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हरमाड़ा थाना पुलिस और आबकारी विभाग ने गुरुवार को संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए वर्षों से जब्त पड़ी भारी मात्रा में अंग्रेजी और देसी शराब को नष्ट कर दिया। न्यायालय के आदेश की पालना में दौलतपुरा थाना क्षेत्र के निकट विशेष रूप से गहरा खड्डा खुदवाकर 800 से अधिक कार्टन अवैध शराब का निस्तारण किया गया। कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अमले की गतिविधियां क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रहीं। कार्यवाहक थाना प्रभारी राम अवतार ने बताया कि यह कार्रवाई जिला आबकारी अधिकारी जयपुर शहर महिपाल सिंह के निर्देशन में संपन्न हुई। अभियान में सहायक आबकारी अधिकारी शिवकुमार चौधरी, सहायक आबकारी अधिकारी सीमा कांवत तथा हरमाड़ा थाना कार्यवाहक थाना प्रभारी राम अवतार की निगरानी में पूरी प्रक्रिया को अंजाम दिया गया। कार्रवाई से पूर्व निर्धारित स्थल पर व्यापक तैयारियां की गईं और बड़ा खड्डा खोदा गया, जहां अधिकारियों एवं मजदूरों की मौजूदगी में एक-एक कर शराब के कार्टनों को खाली कर नष्ट किया गया। कार्यवाहक थाना प्रभारी ने बताया कि आबकारी अधिनियम एवं अवैध शराब तस्करी से जुड़े कुल 94 प्रकरणों में जब्त शराब कई वर्षों से न्यायालय में विचाराधीन मामलों के चलते मालखानों में सुरक्षित रखी गई थी। हाल ही में न्यायालय से निस्तारण के आदेश प्राप्त होने के बाद सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए शराब को नष्ट करने की कार्रवाई की गई। अधिकारियों के अनुसार नष्ट की गई शराब में बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब, देसी शराब तथा विभिन्न ब्रांडों की शराब शामिल थी। यह शराब अवैध तस्करी, अवैध परिवहन तथा आबकारी नियमों के उल्लंघन के मामलों में जब्त की गई थी। निस्तारण की पूरी प्रक्रिया आबकारी विभाग और पुलिस अधिकारियों की कड़ी निगरानी में संपन्न कराई गई, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता की संभावना न रहे। भारी मात्रा में शराब के निस्तारण को देखते हुए मौके पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए। पुलिस और आबकारी विभाग की टीम पूरे अभियान के दौरान सतर्क रही। खड्डे में शराब उड़ेलने और कार्टनों को नष्ट करने की प्रक्रिया विधिवत पूरी की गई।

छात्रों-युवाओं के मुद्दों पर कांग्रेस के राजस्थान में 20 से 27 जून तक होंगे कार्यक्रम

प्रात: किरण संवाददाता

जयपुर। छात्रों और युवाओं के सामने बढ़ते शिक्षा एवं रोजगार संकट, प्रश्नपत्र लीक, परीक्षाओं के रद्द होने, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और बढ़ती बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने देशव्यापी अभियान शुरू किया है। कांग्रेस का कहना है कि इन गंभीर समस्याओं के बावजूद केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री मौन बने हुए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी ने 17 जून से कोटा में ह्यछात्रों की गूंज रैलीह्व के साथ इस अभियान की शुरूआत की है। अभियान के तहत राजस्थान की सभी जिला कांग्रेस कमेटियां आगामी सात दिनों में प्रेस वार्ताओं और जन प्रस्तुतियों का आयोजन कर राहुल गांधी के संदेश और छात्रों-युवाओं से जुड़े मुद्दों को आमजन तक पहुंचाएंगी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया चेयरपर्सन स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा के निर्देशानुसार 20 से 27 जून के बीच सभी जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में कोटा की छात्रों की गूंज रैली में राहुल गांधी द्वारा प्रस्तुत मूल प्रस्तुति का प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन आयोजनों में पार्टी के प्रवक्ता, विधायक, पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधि, सांसद एवं सांसद प्रत्याशी, एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित पार्टी के सभी अग्रिम संगठनों, विभागों और प्रकोष्ठों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। कांग्रेस ने इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं, स्कूल और कॉलेज के छात्रों, शिक्षाविदों, प्रबुद्ध नागरिकों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा नागरिक समाज के सदस्यों को भी शामिल करने का निर्णय किया है।

खेलने निकला नौ वर्षीय मासूम कुएं में मृत मिला

प्रात: किरण संवाददाता

भरतपुर। सेवर थाना क्षेत्र के मलाह गांव में एक नौ वर्षीय मासूम का शव कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। बच्चा गुरुवार शाम घर से खेलने के लिए निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। करीब पांच घंटे की तलाश के बाद उसका शव घर से करीब तीन किलोमीटर दूर एक कुएं में मिला। मलाह गांव निवासी रविकांत ने बताया कि उनका बेटा गुड्डा (9) गुरुवार शाम करीब 5 बजे घर से खेलने की बात कहकर निकला था। शाम करीब 7 बजे तक उसके घर नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद ग्रामीणों को सूचना दी गई और सभी लोग बच्चे की खोज में जुट गए।करीब पांच घंटे तक तलाश के दौरान परिजन और ग्रामीण गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर एक कुएं के पास पहुंचे। कुएं में देखने पर गुड्डा का शव पड़ा दिखाई दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने रात में ही शव को बाहर निकाला और उसे भरतपुर के आरबीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां शव को मोर्चरी में रखवाया गया। शुक्रवार सुबह बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर घटना का खुलासा करने की मांग की है। परिजनों के अनुसार, गुड्डा तीसरी कक्षा का छात्र था। वह दो भाइयों में बड़ा था, जबकि उसका छोटा भाई प्रिंस महज चार वर्ष का है। मासूम की असामयिक मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे गांव में शोक की लहर है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और बच्चे की मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

परिवीक्षाकालीन कर्मचारियों को भी मिलेगा राज्य बीमा कवर

प्रात: किरण संवाददाता

जयपुर। सरकार ने परिवीक्षाकालीन राज्य कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए उन्हें भी राज्य बीमा योजना के दायरे में शामिल करने का निर्णय किया है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार निदेशालय राज्य बीमा एवं प्रावधाई निधि विभाग (एसआईपीएफ) जयपुर ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। राजस्थान सरकारी कर्मचारी बीमा नियम, 1998 के नियम 8 के उपनियम (2) के तहत अब परिवीक्षाकालीन कर्मचारियों को नियुक्ति के बाद आने वाले प्रथम मार्च माह से राज्य बीमा योजना का लाभ दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों को सेवा के शुरूआती दौर से ही सामाजिक सुरक्षा और बीमा संरक्षण प्रदान करना है। विभाग द्वारा जारी प्रावधानों के अनुसार परिवीक्षाकालीन कर्मचारियों के पारिश्रमिक से राज्य बीमा प्रीमियम के रूप में प्रतिमाह 800 रुपये की निश्चित राशि काटी जाएगी। यह नई व्यवस्था 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी मानी जाएगी। राज्य बीमा प्रीमियम की कटौती मार्च के देय अप्रैल 2026 के वेतन बिल, एरियर अथवा एसआईपीएफ पोर्टल 3.0 पर उपलब्ध डिजिटल सुविधा के माध्यम से की जा सकेगी। संयुक्त निदेशक प्रह्लाद कुमार मीणा ने बताया कि इस निर्णय से परिवीक्षाकालीन कर्मचारियों को भी राज्य बीमा योजना का लाभ मिलेगा और उन्हें सेवा के प्रारंभिक चरण से ही वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

ट्रेंचिंग ग्राउंड की सुलगती आग से बढ़ी परेशानी

प्रात: किरण संवाददाता

धमतरी। धमतरी शहर के सोरिद वार्ड स्थित बागतराई रोड के ट्रेंचिंग ग्राउंड में 24 मई से लगी आग पूरी तरह नहीं बुझ पाई है। कचरे के विशाल ढेर के भीतर अब भी आग सुलग रही है, जिससे लगातार जहरीला धुआं निकल रहा है। धुएं का असर आसपास के रिहायशी इलाकों तक पहुंच रहा है और लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दिन-रात उठने वाले धुएं के कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन और घुटन जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेंचिंग ग्राउंड में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक, पालीथिन, गीले-सूखे कचरे और अन्य अपशिष्ट पदार्थों का ढेर जमा है। अंदर ही अंदर सुलगती आग के कारण धुआं लगातार फैल रहा है। हवा चलने पर इसका प्रभाव दो किलोमीटर तक महसूस किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह और रात के समय स्थिति सबसे अधिक खराब हो जाती है। जानकारी के अनुसार 24-25 मई को ट्रेंचिंग ग्राउंड में आगजनी की घटना हुई थी। आग लगने के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। आग की ऊंची लपटें देखकर लोगों ने तत्काल नगर निगम और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसके बाद दमकल कर्मियों ने घंटों मशक्कत कर आग पर काबू पाया था। हालांकि आग की बाहरी लपटें शांत हो गईं, लेकिन कचरे के भीतर अब भी आग सुलग रही है। निगम प्रशासन का कहना है कि आग को बुझाने का प्रयास किया गया था, लेकिन अंदर जमा कचरे में धधक रही आग पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकी है। ट्रेंचिंग ग्राउंड में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और अग्निशमन संसाधनों की कमी भी चिंता का विषय बनी हुई है। सोरिद वार्ड के निवासियों ने ट्रेंचिंग ग्राउंड से निकल रहे धुएं को लेकर नाराजगी जताई है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अलवर में होगा सामूहिक योगाभ्यास

प्रात: किरण संवाददाता

अलवर। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को अलवर सहित पूरे राजस्थान में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय और ग्राम पंचायत स्तर तक सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अलवर जिले का मुख्य समारोह इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित होगा, जिसमें प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर आमजन के साथ योगाभ्यास करेंगे। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। प्रशासनिक अधिकारियों को विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। प्रमुख शासन सचिव नवीन जैन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत राज्यभर में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रभारी मंत्रियों तथा विभिन्न बोर्ड एवं आयोगों के अध्यक्षों को जिम्मेदारी दी गई है। सभी प्रभारी जनप्रतिनिधि 20 जून को अपने-अपने जिलों में पहुंचकर तैयारियों की समीक्षा करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रमों के तहत उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी अजमेर तथा उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवाभीलवाड़ा में आयोजित योग दिवस समारोह में भाग लेंगे।

कांकेर के जिला शिक्षा अधिकारी निलंबित

कांकेर। स्कूल शिक्षा विभाग ने कांकेर के तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल को निलंबित कर दिया है। उन पर प्रधान अध्यापकों की पदोन्नति के बाद शासन के निर्देशों के खिलाफ जाकर पदस्थापना आदेश में संशोधन करने का आरोप है। दरअसल प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति के बाद काउंसलिंग के जरिए शिक्षकों की पदस्थापना की गई थी। आरोप है कि तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल ने शासन के निर्देशों के विपरीत बिना काउंसलिंग किए ही पदांकित स्थान में संशोधन कर दिया। मामले की शिकायत मिलने पर विभाग ने जांच दल गठित किया था। जांच में अशोक पटेल को दोषी पाया गया। जिसके बाद टीम ने अपनी रिपोर्ट जेडी बस्तर को सौंपी। जेडी बस्तर ने अनुशंसा के साथ रिपोर्ट स्कूल शिक्षा विभाग को भेजी। शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार अशोक कुमार पटेल, मूल पद प्राचार्य टी संवर्ग, ने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही, स्वेच्छाचारिता और अनुशासनहीनता बरती। उनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत गंभीर कदाचार है। राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम-9 (1) (क) के तहत अशोक पटेल को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय लोक शिक्षण संचालनालय, नवा रायपुर नियत किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

किराएदार भाइयों ने मकान मालिक के साथ मारपीट की

लोनी। लोनी थाना क्षेत्र में दुकान खाली कराने के लेकर हुए विवाद में किराएदार भाइयों ने मकान मालिक के साथ मारपीट की। पीड़ित ने मामले की शिकायत सहायक पुलिस आयुक्त से की। पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लोनी थाना क्षेत्र की गीतांजलि विहार कॉलोनी में मुकेश कुमार रहते हैं। उन्होंने पुलिस आयुक्त को दिए शिकायती पत्र में बताया कि कुछ समय पूर्व मकान में बनी एक दुकान दो भाइयों अशोक गुप्ता व आकाश गुप्ता को किराए पर दी थी। उन्होंने बताया कि वह पिछले आठ माह से दोनों भाइयों को दुकान खाली करने के लिए बोल रहे थे। बावजूद इसके दोनों भाई दुकान खाली नहीं कर रहे। आरोप है कि पिछले वर्ष 12 दिसंबर 2025 को दोनों भाइयों ने उनके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की और उन पर ही मुकदमा दर्ज करा दिया। उसके बाद दोनों ने दुकान खाली करने के बाद भी अपना ताला लगा दिया। आरोप है कि एक भाई दुकान के आगे आलू बेचने का कार्य करता है। सहायक पुलिस आयुक्त लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर दोनों भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

वाहन चोरी व टप्पेबाजी करने वाले दो गिरफ्तार

ट्रांस हिंडन। कौशांबी थाना पुलिस ने शुक्रवार तड़के वाहन चोरी करने वाले गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिलाओं को बातों में फंसाकर टप्पेबाजी भी करते हैं। आरोपियों से चोरी की तीन बाइक और नगदी मिली हैं। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि सूचना के आधार पर यूपी गेट के पास पुलिस टीम वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान एक बाइक पर आ रहे दो संदिग्ध युवक पुलिस को देख भागने लगे। टीम ने पीछा कर उन्हें दबोच लिया। आरोपियों की पहचान न्यायखंड-3 निवासी राहुल और दिल्ली के न्यू अशोक नगर निवासी विकास के रूप में हुई। आरोपियों से मिली बाइक नोएडा के सेक्टर-34 थानाक्षेत्र से चोरी की निकली। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने झाड़ियों से दो अन्य बाइक बरामद की, जो दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-10 और लक्ष्मी नगर थानाक्षेत्र से चोरी की गई थी। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 12 तारीख को वैशाली सेक्टर-4 के एक पार्क में महिला को अपनी बातों में फंसाकर रुपये और सोने के कुंडल व चैन उतरवा लिए थे।

एसआरसीए अकादमी ने 10 विकेट से मैच जीता

गाजियाबाद। जीपी क्रिकेट मैदान में आयोजित वेदांत कप क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा मैच वीसीपी जूनियर्स इलेवन और एसआरसीए अकादमी के बीच खेला गया। मैच में एसआरसीए अकादमी ने 10 विकेट से मैच जीता। वीसीपी जूनियर्स इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 26.5 ओवरों में 127 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। ध्रुव कुमार ने 16 रन और सर्वज्ञ ने 14 रनों का योगदान दिया। विरोधी दल कुमार ने तीन और अंतरिक्ष ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरसीए अकादमी ने 9.1 ओवर में बिना विकेट खोए 128 रन बना लिए। प्रशांत कुमार ने नाबाद 62 और विराज कुमार ने नाबाद 57 रन की पारी खेली। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रशांत कुमार को दिया गया।

कार का शीशा तोड़ लैपटॉप-टेबलेट चुराए

ट्रांस हिंडन। कौशांबी थानाक्षेत्र में बदमाशों ने कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप-टेबलेट समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। वारदात 13 जून की है। मामले में गुरुवार को मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शालीमार गार्डन में रहने वाले डॉ. सृजन पांडेय 13 जून की रात वैशाली मेट्रो स्टेशन के पास दोस्त साहिल सोनी से मिलने गए थे। स्टेशन के पास उन्होंने कार खड़ी की थी। सृजन पांडेय ने बताया कि मुलाकात के बाद रात करीब साढ़े 10 बजे लौटे तो कार का पिछला शीशा टूटा था। अंदर रखा बैग गायब था, जिसमें लैपटॉप, टेबलेट, चार्जर, इयरफोन समेत अन्य दस्तावेज रखे थे। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रहे हैं। पहचान कर बदमाशों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

सपा ने अधिवक्ता-बैनामा लेखकों को समर्थन किया

गाजियाबाद। समाजवादी पार्टी ने अधिवक्ता और बैनामा लेखकों को समर्थन किया है। शुक्रवार को सपा जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने तहसील परिसर पहुंचकर हड़ताल पर बैठे अधिवक्ता और बैनामा लिखने वाले लेखकों को समर्थन किया। सपा जिलाध्यक्ष ने बताया प्रदेश सरकार पंजीयन एवं निबंध विभाग द्वारा दस्तावेज के पंजीकरण का कार्य निजी संस्थाओं को दे रही है। इसका प्रदेश भर में विरोध किया जा रहा है। सपा हड़ताल पर बैठे अधिवक्ता और बैनामा लेखकों के साथ है। इस मौके पर विकास यादव, सुभाष, अभिषेक गर्ग और नितिन त्यागी आदि मौजूद रहे।

हनुमान द्वार का शुभारंभ हुआ

ट्रांस हिंडन। कौशांबी स्थित पैसिफिक मॉल के सामने पुलिस चौकी के पास मुख्य प्रवेश द्वार का नामकरण हनुमान द्वार के रूप में शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर कौशांबी थाना प्रभारी अजय शर्मा ने द्वार का विधिवत शुभारंभ किया। पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने बताया कि लंबे समय से स्थानीय लोग इस प्रवेश द्वार का नाम हनुमान द्वार रखने की मांग कर रहे थे। उन्होंने इस पहल को सफल बनाने के लिए पवन गुप्ता और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और प्रसाद वितरण भी किया। हनुमान द्वार के निर्माण और नामकरण से लोगों में उत्साह और खुशी का माहौल है। इस मौके पर राकेश जाखोतिया, सुनील गांधी, पवन गुप्ता, विनय महेश्वरी, उर्मिला अरोड़ा, अवधेश कटिहार, मनीष जैन, गौरव वर्मा अन्य लोग उपस्थित रहे।

राहुल गांधी के जन्मदिवस पर कांग्रेस कार्यकताओं ने किया सेवा कार्य

मजदूर बस्ती में बांटी खाद्य सामग्री

प्रात : किरण संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्ध नगर द्वारा ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एक मजदूर बस्ती में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मीठे जल, फल एवं खाद्य सामग्री का वितरण कर राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और देशहित में उनके संघर्षों की सफलता की कामना की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्ध नगर के अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने किया। उन्होंने उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी का सार्वजनिक जीवन सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित रहा है।दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा कि वर्तमान समय में देश बेरोजगारी, महंगाई, प्रश्नपत्र लीक, किसानों की समस्याओं, सामाजिक असमानता और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़े अनेक गंभीर मुद्दों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में राहुल गांधी लगातार जनता, युवाओं और छात्रों की आवाज बनकर इन मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपने राजनीतिक जीवन में अनेक चुनौतियों और विरोधों का सामना किया, लेकिन जनहित के मुद्दों पर कभी समझौता नहीं किया। उनकी यात्राओं, जनसंवाद कार्यक्रमों और संघर्षों ने देश के करोड़ों युवाओं, किसानों, मजदूरों तथा वंचित वर्गों में नई उम्मीद जगाई है। कांग्रेस कार्यकताओं के लिए भी उनका संघर्ष प्रेरणा का स्रोत है। दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा कि राहुल गांधी के जन्मदिवस को सेवा, समर्पण और जनकल्याण के रूप में मनाने की परंपरा कांग्रेस की विचारधारा को दशार्ती है। इसी भावना के अनुरूप मजदूर बस्ती में जरूरतमंद लोगों और बच्चों के बीच मीठे जल, फल तथा खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।

4.8 करोड़ की बैंक लोन धोखाधड़ी में आरोपी को नहीं मिली राहत

प्रात : किरण संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। 4.5 करोड़ रुपये के बैंक लोन फजीर्वाड़े और जाली दस्तावेजों के जरिए धोखाधड़ी के चर्चित मामले में आरोपी ताहिर हुसैन को अदालत से राहत नहीं मिली है। अदालत ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। मामला थाना सूरजपुर में दर्ज अपराध से संबंधित है। अभियोजन के अनुसार स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने गाजियाबाद के कौशांबी स्थित एक कार्यालय पर दबिश देकर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान एक बड़े संगठित गिरोह का खुलासा हुआ, जो फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाते और संपत्तियों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर विभिन्न बैंकों से करोड़ों रुपये के ऋण हासिल कर रहा था। विवेचना में सामने आया कि दिल्ली स्थित मृतका रतना वासुदेव की संपत्ति के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसकी जाली रजिस्ट्री कराई गई। इसके बाद एचडीएफसी बैंक से करीब 4 करोड़ 80 लाख रुपये का होम लोन स्वीकृत कराया गया। गिरोह ने टीएसए सॉफ्टवेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और ट्रिप्टेक प्राइवेट लिमिटेड जैसी कंपनियों का उपयोग करते हुए फर्जी कर्मचारी प्रोफाइल तैयार किए। इन प्रोफाइलों के आधार पर विभिन्न बैंकों से ऋण प्राप्त किए गए। कई व्यक्तियों के नाम पर फर्जी पहचान पत्र बनाकर बैंक खाते खुलवाए गए और वित्तीय संस्थानों को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाया गया। बरामद दस्तावेजों में कई ऐसे पहचान पत्र शामिल थे जिन पर दूसरे नाम अंकित थे लेकिन फोटो आरोपी का लगा हुआ था।

डिग्री सिर्फ एक शुरूआत, असली सफलता मुश्किलों का सामना करने की क्षमता : अनुराग सिंह ठाकुर

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में आयोजित दीक्षांत समारोह में शुक्रवार को 484 विद्यार्थियों को डिप्लोमा प्रदान किया गया। संस्थान के विभिन्न परिसरों के इस स्नातक बैच ने 24.11 लाख प्रति वर्ष का सर्वोच्च वेतन पैकेज प्राप्त किया। इस दीक्षांत समारोह में शामिल हुए लोकसभा सांसद और भारत सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आप प्रोफेशनल दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं, याद रखें कि आपकी डिग्री सिर्फ एक शुरूआत है, असली सफलता मुश्किलों का सामना करने की क्षमता, ईमानदारी और लगातार सीखते रहने में है। आप सिर्फ नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनें और भारत के लिए समाधान तैयार करें। 2047 तक विकसित भारत बनने की देश की यात्रा में योगदान देने का इससे बेहतर समय कभी नहीं रहा। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन शरद जयपुरिया ने कहा कि आज का दिन सिर्फ दीक्षांत समारोह नहीं है। यह आपकी लगन, आपके त्याग, आपकी सीख और आपके बदलाव का जश्न है। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के वाइस चेयरमैन श्रीवत्स जयपुरिया ने कहा कि आप एक ऐसी दुनिया में कदम रख रहे हैं, जिसे एआई आकार दे रहा है। आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ तेजी से बदलाव आ रहे हैं। आपकी क्षमता इस बात में नहीं कि आप क्या जानते हैं, बल्कि आपके सीखने, अपने आप को ढालने और विकसित होने पर निर्भर करती है।

बिना सुरक्षा उपाय बेसमेंट की खुदाई कराने वाले पर मुकदमा

प्रात : किरण संवाददाता

गाजियाबाद। विजयनगर सेक्टर-नौ में बिना सुरक्षा उपायों के बेसमेंट की खुदाई कराने वाले निर्माणकर्ता के खिलाफ जीडीए ने मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि बेसमेंट निर्माण के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपाय न किए जाने से पड़ोसी मकान की नींव प्रभावित हो गई और भवन में दरारें पड़ गईं। इससे आसपास रहने वाले लोगों की जान-माल पर खतरा उत्पन्न हो गया है। जीडीए के अवर अभियंता प्रशांत मिश्रा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि विजयनगर सेक्टर-नौ स्थित भूखंड संख्या ए-116 पर निर्माणकर्ता विनोद यादव की ओर से भवन निर्माण कराया जा रहा है। जांच में पाया गया कि निर्माण कार्य स्वीकृत मानचित्र से अलग तरीके से किया जा रहा था। इस पर प्राधिकरण ने 26 मई को अवैध निर्माण का वाद दर्ज करते हुए कारण बताओ नोटिस और निर्माण रोकने का आदेश दिया था। आरोप है कि इसके बावजूद निर्माणकर्ता ने न तो संतोषजनक जवाब दिया और न ही निर्माण कार्य बंद किया। जीडीए की ओर से नौ जून को पुनः नोटिस भी भेजा गया, लेकिन इसका भी असर नहीं हुआ। निर्माणकर्ता ने रात और अवकाश के दिनों में चोरी-छिपे निर्माण कार्य जारी रखा। अवर अभियंता का कहना है कि बेसमेंट की खुदाई के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई। न तो बैरिकेडिंग कराई गई और न ही आसपास की संरचनाओं को सुरक्षित रखने के लिए कोई तकनीकी उपाय अपनाए गए। इसके कारण पड़ोसी की नींव के नीचे की मिट्टी खिसक गई और भवन में दरारें पड़ गईं। स्थिति ऐसी बन गई कि भवन को नुकसान होने के साथ-साथ किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका पैदा हो गई। अवर अभियंता ने यह भी बताया कि निरीक्षण के दौरान कई बार निर्माणकर्ता को मौखिक रूप से सुरक्षा मानकों के अनुरूप कार्य करने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन निर्देशों को नजरअंदाज किया गया। एसीपी कोतवाली उपासना पांडेय का कहना है कि शिकायत के आधार पर 18 जून को निर्माणकर्ता के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है।

निवेश के नाम पर कारोबारी से 11.90 लाख की ठगी

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा। साइबर अपराधियों ने निवेश करने पर अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर कारोबारी से 11.90 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेक्टर-134 स्थित कॉसमॉस सोसाइटी निवासी अतुल शर्मा ने पुलिस को शिकायत दी कि अज्ञात साइबर ठगों ने 13 अगस्त 2024 से सात फरवरी 2025 के बीच निवेश पर अधिक लाभ का लालच देकर उन्हें अपने जाल में फंसा लिया। आरोपियों ने विभिन्न माध्यमों से संपर्क कर निवेश योजनाओं की जानकारी दी और मोटे मुनाफे का भरोसा दिया। पीड़ित का आरोप है कि ठगों ने झूठे वादों और भ्रामक जानकारी के आधार पर उनसे अलग-अलग चरणों में कुल 11 लाख 90 हजार रुपये निवेश करवा लिए। बाद में जब उन्होंने अपनी रकम और मुनाफा वापस लेने का प्रयास किया तो आरोपियों ने संपर्क तोड़ दिया। इसके बाद उन्हें अपने साथ साइबर ठगी होने का अहसास हुआ। अतुल शर्मा ने नौ जून 2025 को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन काफी समय तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ित ने बताया कि ठगी के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक परेशानी का भी सामना करना पड़ा। उन्होंने पुलिस से आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और ठगी गई रकम वापस दिलाने की मांग की है।

अजय संतोष को मुंबई मास्टर्स शतरंज में तीसरा स्थान मिला

नोएडा। शहर के अजय संतोष पर्वतारेड्डी का अंतरराष्ट्रीय शतरंज में शानदार प्रदर्शन जारी है। गुरुवार समाप्त हुई मुंबई मास्टर्स शतरंज प्रतियोगिता में इस खिलाड़ी ने तीसरा स्थान हासिल किया। करीब एक महीने पहले वह ग्रैंड मास्टर्स नॉर्म की पहली प्रतियोगिता भी क्वालिफाई कर चुके हैं। उनका लक्ष्य साल के अंत तक ग्रैंड मास्टर बनने का है। सेक्टर-51 निवासी अजय संतोष पर्वतारेड्डी ने मुंबई के विश्व व्यापार केंद्र में समाप्त हुई प्रतियोगिता में उन्होंने नौ राउंड में छह अंक प्राप्त किए। पहला स्थान भारत के ग्रैंड मास्टर इनियन पी को मिला। वहीं रूस के ग्रैंडमास्टर बोरिस सावचेंको दूसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में कई देशों के शीर्ष ग्रैंडमास्टर्स और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने भाग लिया। 15 वर्षीय अजय संतोष ने हाल ही में 2500 फिडे रेटिंग पार कर चुके हैं। वहीं इस वर्ष बाकू ओपन में अपना पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म भी हासिल कर चुके हैं। ग्रैंडमास्टर बनने के लिए उन्हें अब दो और ग्रैंड मास्टर नॉर्म की जरूरत है। इससे पहले भी अजय के नाम कई उपलब्धियां हैं। उन्होंने कम उम्र में ही शतरंज कई प्रतियोगिताओं मे शानदार प्रदर्शन किया है। अजय ने 14 साल की उम्र में ही राष्ट्रमंडल शतरंज अंडर-18 की दो स्पधाओं में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। वहीं रैपिड स्पर्धा में रजत पदक झटका था। राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिताएं जीत चुके हैं। इंटरनेशनल मास्टर अजय संतोष लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके पिता ने उन्हें ज्यादा से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग दिलाने के लिए ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित अपना फ्लैट बेच दिया था। अब वह सेक्टर-51 में किराए के फ्लैट में रह रहे हैं।

चार वर्ष में गायब 7809 मोबाइल फोन लौटाए

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर ने आधुनिक तकनीक, सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से एक दिसंबर 2022 से 31 मई 2026 तक चोरी और गुम हुए 7809 मोबाइल फोन बरामद किए। ये फोन उनके मालिकों को लौटा दिए गए। इन फोन की अनुमानित कीमत 23 करोड़ 55 लाख 80 हजार 450 रुपये आंकी गई। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में जिला पुलिस जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में मोबाइल चोरी और गुमशुदगी की शिकायतों पर विशेष ध्यान दिया गया। तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर चोरी और गुम हुए मोबाइल फोनों का पता लगाया गया और उन्हें बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि मोबाइल चोरी या गुम होने पर लोगों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक परेशानी का भी सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए जिला पुलिस ने मोबाइल बरामदगी को प्राथमिकता में रखा और इसके लिए तकनीक आधारित पुलिसिंग को मजबूत किया। सीईआईआर पोर्टल और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से पुलिस ने न केवल मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस की, बल्कि कई मामलों में चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़ा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बरामद मोबाइल फोन समय-समय पर आयोजित होने वाले मिशन सहयोग कार्यक्रम के माध्यम से उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे जाते रहे हैं।

कार का शीशा तोड़ लैपटॉप-टेबलेट चुराए

ट्रांस हिंडन। कौशांबी थानाक्षेत्र में बदमाशों ने कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप-टेबलेट समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। वारदात 13 जून की है। मामले में गुरुवार को मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शालीमार गार्डन में रहने वाले डॉ. सृजन पांडेय 13 जून की रात वैशाली मेट्रो स्टेशन के पास दोस्त साहिल सोनी से मिलने गए थे। स्टेशन के पास उन्होंने कार खड़ी की थी। सृजन पांडेय ने बताया कि मुलाकात के बाद रात करीब साढ़े 10 बजे लौटे तो कार का पिछला शीशा टूटा था। अंदर रखा बैग गायब था, जिसमें लैपटॉप, टेबलेट, चार्जर, इयरफोन समेत अन्य दस्तावेज रखे थे। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्वत ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रहे हैं।

आईएमएस नोएडा में योग कार्यशाला का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा ने योग कार्यशाला का आयोजन हुआ। शुक्रवार को सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बतौर प्रशिक्षक योग गुरु वैशाली गौतम ने प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार, योग, ध्यान, व्यायाम एवं प्राणायाम कराएं। वहीं योग शिविर के दौरान विश्व योगासन चैम्पियनशिप 2026 के स्वर्ण पदक विजेता आकाश शर्मा, संस्थान के स्टाफ, फैकल्टी एवं छात्रों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।योग कार्यशाला की शुरूआत योग गुरु वैशाली गौतम ने ऊँ की ध्वनि एवं सूर्य नमस्कार से कराया। उन्होंने कहा कि इंसान को जीवन जीने के लिए शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की जरूरत है। हम योग के माध्यम से अपनी चिंताओं से दूर होकर आध्यात्मिक सशक्तिकरण का आरंभ कर सकते हैं। आध्यात्मिक जागृति हमें व्यर्थ और नकारात्मक भावों से दूर कर सकारात्मक विचारों की शक्ति देता है। आईएमएस के वाइस प्रेसिडेंट चिराग गुप्ता ने योग शिविर की सराहना करते हुए कहा कि आज की तेज रफ्तार जिंदगी में योग एक ऐसी साधना है जो व्यक्ति को आंतरिक रूप से सशक्त बनाती है। हमारे छात्रों के समग्र विकास के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। वही योग दिवस पर कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए प्रतिभागियों को बधाई देते हुए आकाश शर्मा ने कहा कि जीवन को खुशहाल बनाने के लिए स्वस्थ शरीर के साथ-साथ स्वस्थ मस्तिष्क का होना जरूरी है। योग एक ऐसा माध्यम है जिनसे इन दोनो ही जरूरतों की पूरा किया जा सकता है। वहीं आज के कार्यक्रम की संयोजक एवं आईएमएस स्पोर्ट्स क्लब की हेड रीना मैसी ने कहा कि प्रत्येक आसन और मुद्रा को करने की कुछ आवश्यक नियम हैं। आप चाहे तो अपने घर के बालकनी में आवश्यक नियम का पालन करते हुए योग कर सकते हैं। योग हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ हमें स्फूर्ति प्रदान करता है।

ट्रक की टक्कर से महिला गंभीर

गाजियाबाद। मसूरी थानाक्षेत्र में बाजार जा रही एक महिला को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर है। घटना के करीब 13 दिन बाद पीड़िता के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। भूड़गढ़ी निवासी पंकज कुमार ने मसूरी थाने में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि मां राजवीरी बीते पांच जून को बाजार जा रही थीं। जब वह बस स्टैंड के पास पहुंचीं तो एक ट्रक चालक ने वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मां सड़क पर गिर गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने मां को संभाला और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

ग्रेनो में 14 बकायेदार बिल्डरों से 315 करोड़ रुपये वसूले जाएंगे

प्रात : किरण संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। प्राधिकरण ने बकाया जमा न करने वाले 14 बिल्डरों के खिलाफ सख्ती शुरू कर दी है। लगभग 315 करोड़ रुपये वसूलने के लिए वसूली प्रमाणपत्र (आरसी) जारी की है। इन परियोजनाओं में 9269 फ्लैट खरीदार फंसे हैं, जो पिछले 10 सालों से मालिकाना हक पाने का इंतजार कर रहे हैं। बकाया जमा नहीं करने पर बिल्डरों की संपत्ति जब्त की जा सकती है। दरअसल अधूरी पड़ी पुरानी परियोजनाओं में फंसे फ्लैट खरीदारों और बिल्डर की समस्याओं के समाधान के लिए शासन के निर्देश पर फरवरी 2024 में अमिताभ कांत समिति की सिफारिशें लागू की गई थीं। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में इसके दायरे में 98 बिल्डर परियोजनाएं आती हैं, जिनमें 60 हजार से अधिक खरीदार फंसे थे। समिति की सिफारिशों के तहत बकाया राशि का 25 फीसदी जमा करने पर प्राधिकरण ने रजिस्ट्री की अनुमति देना शुरू कर दिया है। अब तक 84 बिल्डर परियोजनाओं द्वारा 1592.7 करोड़ रुपये जमा कराए जा चुके हैं।अधिकारी के मुताबिक 3-4 बार नोटिस और समय देने के बाद भी 14 बिल्डर अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों का लाभ लेने के लिए आगे नहीं आए और बकाया राशि जमा नहीं किया। इस पर सख्ती करते हुए प्राधिकरण ने एसजेपी इंफ्राकॉन, एसडीएस इंफ्राटेक, इंटेलेक्ट प्रोमोटर्स, निवास प्रोमोटर्स, बीएस बुल्डटेक, न्यूटेक ला पालासिया, अर्थकॉन कंस्ट्रक्शन, विहान डवलपर्स, राजहंस इंफ्राटेक, आईडियल रियलटी सोल्यूशन, टाउन पार्क बुल्डकॉन और धन्या प्रोमोटर्स से बकाया वसूली के लिए आरसी जारी की है। इन बिल्डरों पर 315 करोड़ रुपये बकाया हैं।

फ्लैट की सजावट का बचा काम कराने की मांग आयोग ने की निरस्त

प्रात : किरण संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। फ्लैट की साज सज्जा के कार्य को एग्रीमेंट के अनुसार नहीं करने का कारण बताकर दूसरी कंपनी से नहीं कराया जा सकता है। जिस कंपनी से एग्रीमेंट किया है, उसको ही करना होगा। ऐसे ही एक मामले में अधूरे कार्य को दूसरे कंपनी से कराने के खर्च दिलाने के लिए दायर वाद को जिला उपभोक्ता आयोग ने खारिज कर दिया। ग्रेटर नोएडा के मी-सैटलर निवासी डॉ.अपूर्वा अस्थाना ने मैसर्स सजावट इंटिनियर परजैक्ट प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि की बातों में आकर अपने फ्लैट के सौंदर्यकरण का कार्य कराने का मन बनाया। 26 अगस्त 2017 को दोनों के बीच एग्रीमेंट हुआ। जिसमें कंपनी को 40 दिन में कार्य पूरा करना था। एग्रीमेंट के अनुसार सारा काम होने पर शत प्रतिशत पर 9 लाख रुपये का भुगतान करने था। काम करने की एवज में 87 फीसदी भुगतान कर दिया गया। उन्होंने फ्लैट पर 40 दिन बीत जाने के बाद कार्य का अवलोकन किया। फ्लैट पर केवल 40-45 फीसदी काम ही हुआ था। एग्रीमेंट में जो लिखित में मानक दिए थे उनके अनुसार गुणवत्ता वाले सामान का इस्तेमाल नहीं किया गया। इसको लेकर जब कंपनी के प्रतिनिधि से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जो कार्य किया गया है वह सही किया है। इसलिए आगे का कार्य जब आप भुगतान करेगा तब कार्य किया जाएगा। उन्होंने जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। जो अधूरा कार्य छोड़ा है उसे पूरा कराने में खर्च राशि को ब्याज समेत दिलाने की गुहार लगाई गई। आयोग ने सुनवाई के दौरान कंपनी की ओर से किसी ने अपना पक्ष नहीं रखा एक पक्षीय सुनवाई के दौरान शिकायत कर्ता अपने कथन को सिद्ध करने में असफल रही है। जिसके चलते आयोग ने वाद को निरस्त कर दिया है।

दलित विधवा से पड़ोसी ने की छेड़छाड़

ट्रांस हिंडन। खोड़ा थानाक्षेत्र में पड़ोसी ने दलित विधवा महिला से सरेराह छेड़छाड़ की। विरोध पर आरोपी व उसके भाई ने परिवार को जान से मारने की धमकी दी और जातिसूचक शब्द कहे। पीड़िता ने घटना की वीडियो के साथ शिकायत दी, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। खोड़ा की एक कॉलोनी में महिला बच्चों के साथ रहती हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि पति की मौत के बाद से पड़ोसी बब्लू मिश्रा लगातार परेशान कर रहा है। आते-जाते रास्ता रोककर मोबाइल नंबर मांगता है। 14 मई को आरोपी ने रास्ते में रोककर उनसे अश्लील हरकत की। पीड़िता ने हाथ झटककर विरोध किया तो आरोपी ने गाली-गलौज कर जातिसूचक शब्द कहे। आरोप है कि बबलू के पास तमंचा था, जिसे दिखाते हुए उसने उन्हें व बच्चों को मारने की धमकी दी। आरोपी के भाई आलोक ने भी उन्हें धमकाया। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने घटना का वीडियो बना लिया था। पहले वह चुप रहीं, लेकिन जब आरोपी नहीं माने तो पुलिस से शिकायत की।

ठगों ने महिला के खाते से छह लाख रुपये उड़ाए

प्रात : किरण संवाददाता

गाजियाबाद। साइबर अपराधियों ने बिना इंदिरापुरम क्षेत्र की रहने वाली महिला के खाते से 6.16 लाख रुपये निकाल लिए। गौर करने वाली बात यह है कि महिला के पास न तो कोई कॉल या मैसेज आया और न ही कोई ओटीपी साझा किया गया। इसके बावजूद आठ बार में खाते से रकम निकाल ली गई। साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंदिरापुरम के शक्तिखंड-4 में रहने वाली बबीता ने साइबर थाने में शिकायत देकर बताया कि उनका खाता पंजाब नेशनल बैंक में है। दो जून 2026 को उनके खाते से लगातार आठ यूपीआई ट्रांजेक्शन हुए। इन ट्रांजेक्शन में उनके खाते से कुल 6.16 लाख रुपये निकल गए। पीड़िता के मुताबिक, सभी ट्रांजेक्शन बिना उनकी जानकारी और अनुमति के हुए हैं। उन्होंने बताया कि घटना के दौरान उन्हें किसी प्रकार की फ्रॉड कॉल नहीं आई और न कोई ओटीपी प्राप्त हुआ। इसके अलावा उन्होंने अपने बैंक खाते, डेबिट कार्ड, यूपीआई या इंटरनेट बैंकिंग से जुड़ी कोई जानकारी भी किसी व्यक्ति के साथ साझा नहीं की थी। खाते से रकम निकलने के बाद उन्होंने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई और उसके बाद साइबर थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह का कहना है कि शिकायत के आधार पर 18 जून को साइबर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। ट्रांजेक्शन से संबंधित तकनीकी विवरण जुटाकर जालसाजों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है।

बेकाबू कैंटर की टक्कर से महिला की मौत, पति घायल

प्रात : किरण संवाददाता

गाजियाबाद। सिहानी गेट थानाक्षेत्र में जीटी रोड पर गुरुवार रात तेज रफ्तार कैंटर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में पति ने थाने में शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, नेहरू नगर निवासी निग्रह कुमार आर्य अपनी 46 वर्षीय पत्नी कल्पना आर्य के साथ 18 जून की रात बाइक पर भाटिया मोड़ पुल की ओर से राकेश मार्ग स्थित कमला क्वार्टर जा रहे थे। रात करीब पौने दस बजे जब वह पंचवटी के रास्ते के सामने स्थित क्रॉसिंग के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे कैंटर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दंपती सड़क पर जा गिरे। हादसे में कल्पना आर्य गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि निग्रह कुमार को भी चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पहले उन्हें शंकरलाल अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते संतोष मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान कल्पना आर्य की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मोरक्को के स्टार फुटबॉलर अशरफ हकीमी अपील खारिज

दुष्कर्म मामले में फंसा नोरा का रूमर्ड बॉयफ्रेंड ! ट्रायल तय होने पर तोड़ी चुप्पी

न्यूयॉर्क, एजेंसी। मोरक्को के स्टार फुटबॉलर और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के डिफेंडर अशरफ हकीमी के खिलाफ रेप के आरोपों से जुड़े मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के फैसले को बरकरार रखा है और उनकी अपील खारिज कर दी है। अब इस मामले की सुनवाई आने वाले महीनों में ट्रायल के रूप में होगी।

क्या है पूरा मामला?

फरवरी 2023 में 24 वर्षीय एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। महिला का दावा था कि जनवरी 2023 में उसकी मुलाकात हकीमी से इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। इसके बाद वह खिलाड़ी द्वारा बुक कराई गई टैक्सी से उनके घर पहुंची, जहां कथित तौर पर उसकी सहमति के बिना छेड़छाड़ और फिर दुष्कर्म किया गया। मामले की जांच के बाद 2025 में अभियोजकों ने हकीमी के खिलाफ मुकदमा चलाने की सिफारिश की थी। अदालत ने इसे मंजूरी दे दी थी, जिसके खिलाफ हकीमी ने अपील दायर की थी। अब उनकी यह अपील भी खारिज हो गई है।

हकीमी ने क्या कहा?

कोर्ट के फैसले के बाद हकीमी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लंबा संदेश साझा किया। उन्होंने आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया कि उनकी प्रसिद्धि की वजह से उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। हकीमी ने लिखा, 'न्याय ने मेरी आंखों में देखकर मुझसे कहा कि अगर मैं मशहूर नहीं होता तो यह मामला कभी नहीं बनता। मैंने वर्षों तक चुप रहना चुना। मुझे लगा कि गरिमा बनाए रखना, धैर्य रखना और न्याय व्यवस्था पर भरोसा करना सही फैसले तक पहुंचाएगा।'

आसान निशाना बन गया

उन्होंने आगे कहा, 'आज एक ऐसी कहानी सुनाई जा रही है जो मेरी नहीं है। इसकी कीमत मेरा परिवार, मेरी जिंदगी और सबसे बढ़कर सच चुका रहा है। कई बार मुझे लगता है कि मैं एक आसान निशाना बन गया हूं। मैं पहले दिन से इस ट्रायल का इंतजार कर रहा हूं और अब आखिरकार मुझे अपनी बात रखने का मौका मिलेगा।'

विश्व कप के बीच मुश्किलें

हकीमी इस समय मोरक्को टीम के साथ फीफा विश्व कप 2026 में हिस्सा ले रहे हैं। ऐसे समय में कोर्ट का यह फैसला उनके लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। हालांकि, कानूनी प्रक्रिया अभी जारी है और अदालत ने फिलहाल किसी दोष या निर्दोषता पर फैसला नहीं सुनाया है। ट्रायल के दौरान दोनों पक्षों के तर्क और सबूतों के आधार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

करियर पर पड़ सकता है असर

हकीमी दुनिया के शीर्ष राइट-बैक खिलाड़ियों में गिने जाते हैं और मोरक्को की हालिया सफलताओं में उनकी अहम भूमिका रही है। लेकिन ट्रायल शुरू होने के साथ ही उनका नाम एक बार फिर विवादों में आ गया है। अब सभी की नजरें इस हाई-प्रोफाइल मामले की आगामी सुनवाई पर टिकी हैं, जहां हकीमी पहली बार अदालत में विस्तार से अपनी बात रख सकेंगे।

स्विट्जरलैंड ने बोस्निया को 4-1 से हराया, मंजाम्बी ने दागे दो गोल

अटलांटा। फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-बी मुकाबले में स्विट्जरलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बोस्निया-हर्जेगोविना को 4-1 से करारी शिकस्त दी। लंबे समय तक संघर्षपूर्ण रहे इस मुकाबले में स्विस टीम ने अंतिम 20 मिनट में आक्रामक खेल दिखाते हुए चार गोल दागे और टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की।

लॉस एंजिलिस स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले का पहला हाफ गोलरहित रहा। दोनों टीमों ने सावधानीपूर्वक खेल दिखाया, लेकिन कोई भी पक्ष बढ़त हासिल नहीं कर सका। दूसरे हाफ में स्विट्जरलैंड ने दबाव बढ़ाया और मैच के अंतिम चरण में बोस्नियाई रक्षा पंक्ति को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। 74वें मिनट में युवा खिलाड़ी जोहान मंजाम्बी ने शानदार गोल कर स्विट्जरलैंड का खाता खोला। इसके बाद 84वें मिनट में रूबेन वर्गस ने बढ़त को दोगुना कर दिया। 90वें मिनट में मन्जांबी ने अपना दूसरा गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया और मैच लगभग स्विट्जरलैंड की झोली में डाल दिया।

बोस्निया-हर्जेगोविना की मुश्किलें 80वें मिनट में और बढ़ गईं, जब डिफेंडर तारिक मुहरेमोविच को अंतिम खिलाड़ी के रूप में फाउल करने पर सीधे लाल कार्ड दिखाया गया। इसके बाद टीम 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने को मजबूर हो गई और स्विट्जरलैंड ने इसका पूरा फायदा उठाया।

इंजरी टाइम में बोस्निया-हर्जेगोविना के एरमिन माहमिक ने 90+3 मिनट में शानदार गोल कर अंतर कम किया और स्कोर 3-1 कर दिया। हालांकि, इसके तुरंत बाद स्विट्जरलैंड को पेनल्टी मिली, जिसे कप्तान ग्रेनिट झाका ने 90+7 मिनट में गोल में बदलकर टीम की 4-1 की शानदार जीत पर मुहर लगा दी।

नीरज ने शुरू किया डोपिंग विरोधी अभियान, खिलाड़ियों को करेंगे जागरूक

नई दिल्ली। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने भारतीय खेलों में डोपिंग की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए एक बड़ी पहल की है। उन्होंने अपनी संस्था 'नीरज चोपड़ा फाउंडेशन' के जरिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के साथ एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस खास साझेदारी का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को डोपिंग के खिलाफ जागरूक करना और उन्हें इस दलदल में फंसने से बचाना है।शुक्रवार को आयोजित आईओए खिलाड़ी फोरम में नीरज चोपड़ा ने एक विशेष वीडियो संदेश के जरिए नीरज चोपड़ा फाउंडेशन और आईओए के बीच इस संयुक्त अभियान की घोषणा की।

मोकोएना की पेनाल्टी ने बदली बाजी, आखिरी पल में अफ्रीका की वापसी; चेकिया से छीना ड्रॉ

अटलांटा, एजेंसी। फीफा विश्व कप 2026 में चेकिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला गया मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। दोनों टीमों के बीच यह मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। चेकिया ने शुरुआती बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन दूसरे हाफ के अंतिम चरण में दक्षिण अफ्रीका ने वापसी करते हुए मुकाबला ड्रॉ करा लिया।

शुरुआती मिनटों में चेकिया का दबदबा

मैच की शुरुआत से ही चेकिया ने आक्रामक खेल दिखाया। इसका फायदा उन्हें मुकाबले के छठे मिनट में मिला, जब मिडफील्डर माइकल सादिलेक ने शानदार गोल दागकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। शुरुआती गोल के बाद चेकिया ने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और दक्षिण अफ्रीका को ज्यादा मौके नहीं दिए।पहले हाफ के समाप्त होने तक चेकिया 1-0 से आगे था।

सादिलेक का शुरुआती गोल दोनों टीमों के बीच अंतर साबित हुआ। दक्षिण अफ्रीका ने बराबरी की कोशिश की, लेकिन चेकिया की रक्षापंक्ति ने उनके सभी प्रयास विफल कर दिए। दूसरे हाफ की शुरुआत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने आक्रामक रवैया अपनाया। टीम लगातार बराबरी का गोल तलाशती रही, जबकि चेकिया अपनी बढ़त को सुरक्षित रखने में जुटा रहा। मुकाबला अंतिम मिनटों तक बेहद कड़ा बना रहा।

83वें मिनट में मोकोएना ने बदला मैच का रंग

दक्षिण अफ्रीका को 83वें मिनट में पेनाल्टी मिली, जिसे तेबोहो मोकोएना ने सफलतापूर्वक गोल में तब्दील कर दिया। मोकोएना ने गेंद को गोलकीपर मातेज कोवार के विपरीत दिशा में भेजते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। इस गोल के साथ दक्षिण अफ्रीका ने शानदार वापसी करते हुए मुकाबले में बराबरी हासिल कर ली। निर्धारित समय और अतिरिक्त समय समाप्त होने के बाद रेफरी ने मैच खत्म करने की घोषणा की। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। चेकिया के लिए माइकल सादिलेक और दक्षिण अफ्रीका के लिए तेबोहो मोकोएना ने गोल किए। दोनों टीमों ने एक-एक अंक हासिल किया।

भारतीय महिला टीम को लगा बड़ा झटका, श्रेयंका पाटिल चोट की वजह हुई बाहर

लीड्स, एजेंसी। भारतीय महिला टीम को महिला टी20 विश्व कप 2026 के बीच बड़ा झटका लगा है। टीम की ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। उनकी जगह युवा लेग स्पिनर प्रेमा रावत को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। दरअसल, बुधवार को नीदरलैंड्स के खिलाफ ग्रुप-ए मुकाबले के दौरान श्रेयंका पाटिल को फील्डिंग करते समय टखने (एंकल) में गंभीर चोट लग गई। चोट इतनी गंभीर थी कि उन्हें मैदान से स्ट्रेचर पर बाहर ले जाना पड़ा। इसके बाद मेडिकल जांच में यह स्पष्ट हो गया कि वह टूर्नामेंट के बाकी मुकाबलों में हिस्सा नहीं ले सकेंगी।

पहले से इंग्लैंड में मौजूद थीं प्रेमा रावत

महिला टी20 विश्व कप 2026 की इवेंट टेक्निकल कमेटी ने श्रेयंका पाटिल के स्थान पर प्रेमा रावत को भारतीय टीम में शामिल करने की मंजूरी दे दी है। 24 वर्षीय प्रेमा रावत इस समय भारत-ए टीम के इंग्लैंड दौरे का हिस्सा थीं। अब उन्हें सीधे भारतीय महिला टी20 विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, प्रेमा ने अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू नहीं किया है, लेकिन हाल के समय में उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया है। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के अलावा महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में भी उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी की थी।

चोट से वापसी के बाद फिर लगा झटका

श्रेयंका पाटिल ने इसी साल चोट से उबरकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी। टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत में भी वह टीम का हिस्सा थीं। उस मुकाबले में उन्होंने तीन ओवर में 17 रन देकर कोई विकेट नहीं लिया था। अब उनके बाहर होने से भारतीय टीम के स्पिन आक्रमण को झटका लगा है, जबकि युवा प्रेमा रावत के पास बड़े मंच पर खुद को साबित करने का सुनहरा मौका होगा।

वनडे विश्व कप में खेलेंगे रोहित-कोहली ! बीसीसीआई सचिव ने दिया बड़ा संकेत

मुंबई। भारत के 2027 वनडे विश्व कप अभियान को लेकर चर्चाएं तेज हैं। खासकर यह सवाल लगातार उठ रहा है कि क्या दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली उस टूर्नामेंट में भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। इन अटकलों के बीच बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बड़ा बयान दिया है। सैकिया ने कहा कि 2027 विश्व कप के लिए टीम इंडिया की रणनीति और रोडमैप पर लगातार काम चल रहा है, लेकिन इस तरह की चर्चाएं बोर्डरूम तक ही सीमित रहनी चाहिए।

'यह एक सतत प्रक्रिया है'

सैकिया ने कहा कि टीम के भविष्य को लेकर सभी संबंधित पक्षों के बीच नियमित बातचीत होती रहती है। उन्होंने कहा, 'हमारे पास एक मजबूत टीम और कई विशेषज्ञ हैं। सभी हितधारकों को साथ लेकर निर्णय लिए जाते हैं। क्रिकेट समिति, चयनकर्ता, सपोर्ट स्टाफ, मुख्य कोच और संबंधित खिलाड़ियों के साथ लगातार चर्चा होती रहती है। इसके लिए किसी विशेष बैठक की जरूरत नहीं है। यह एक सतत प्रक्रिया है।' हालांकि उन्होंने यह बताने से साफ इनकार कर दिया कि रोहित शर्मा और विराट कोहली को लेकर अंदरूनी स्तर पर क्या चर्चा हो रही है।हाल के महीनों में रोहित और कोहली के 2027 विश्व कप खेलने को लेकर काफी चर्चा हुई है। दोनों खिलाड़ी इस मेगा इवेंट में खेलने की इच्छा जता चुके हैं, लेकिन चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर भी इस मुद्दे पर स्पष्ट जवाब देने से बचते रहे हैं। सैकिया ने कहा, 'मैं मीडिया या जनता के सामने ऐसी जानकारी साझा नहीं कर सकता। ये रणनीतिक चर्चाएं हैं और इन्हें बोर्डरूम के भीतर ही रहना चाहिए।'

सरकार की नीति का पालन करेगा बीसीसीआई

सैकिया ने भारत के संभावित बांग्लादेश दौरे पर भी अपनी बात रखी। पिछले वर्ष बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता के कारण भारत का सीमित ओवरों का दौरा टाल दिया गया था। अब वहां नई निर्वाचित सरकार और नया क्रिकेट प्रशासन मौजूद है। इस पर सैकिया ने कहा, 'बीसीसीआई का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। हम भारत सरकार की नीतियों और दिशानिर्देशों का पालन करते हैं। द्विपक्षीय या बहुराष्ट्रीय खेल आयोजनों को लेकर केंद्र सरकार जो नीति तय करती है, हम उसी के अनुसार चलते हैं।' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी देश में किस प्रकार की सरकार है, इससे बीसीसीआई का कोई संबंध नहीं है।

भविष्य की तैयारी पर फोकस

सैकिया के बयान से इतना साफ है कि 2027 विश्व कप को लेकर बीसीसीआई ने तैयारी शुरू कर दी है, लेकिन रोहित शर्मा और विराट कोहली के भविष्य को लेकर फिलहाल कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। आने वाले महीनों में टीम चयन, खिलाड़ियों की फॉर्म और फिटनेस के आधार पर कई बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं। फिलहाल भारतीय क्रिकेट बोर्ड इस पूरी प्रक्रिया को गोपनीय रखते हुए आगे बढ़ना चाहता है।

वेस्टइंडीज की जीत का सिलसिला जारी, स्कॉटलैंड को सात रनों से हराया

लीड्स, एजेंसी। महिला टी20 विश्व कप 2026 का रोमांच जारी है। गुरुवार को टूर्नामेंट का 12वां मुकाबला ग्रुप-दो की वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड की टीमों के बीच खेला गया। इस मैच में वेस्टइंडीज ने सात रनों से जीत दर्ज की। लीड्स में खेले गए इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी विंडीज टीम ने स्टेफनी टेलर की नाबाद 47 रनों की पारी की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 153 रन बनाए। जवाब में स्कॉटलैंड की टीम निर्धारित ओवरों में सिर्फ 146 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। उनके लिए डार्सी कार्टर ने सर्वाधिक 59 रनों की पारी खेली।

ग्रुप-दो की अंक तालिका का हाल

लगातार दूसरे मुकाबले में जीत के साथ वेस्टइंडीज की टीम ग्रुप-दो की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। उनके खाते में चार अंक हैं और नेट रन रेट +0.233 का हो गया। वहीं, जीत के साथ टूर्नामेंट में अपने अभियान का आगाज करने वाली स्कॉटलैंड दो अंक और +0.825 के नेट रन रेट के साथ तीसरे पायदान पर है। फिलहाल इस ग्रुप में शीर्ष पर इंग्लैंड की महिला टीम है, जिसने लगातार दो मुकाबलों में बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। वहीं चौथे, पांचवें और छठे पायदान पर क्रमशः श्रीलंका, न्यूजीलैंड और आयरलैंड की टीमें हैं।

वेस्टइंडीज की पारी

वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद धीमी रही। स्कॉटलैंड के गेंदबाजों ने शुरुआती ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की, जिसके चलते टीम पावरप्ले में सिर्फ 33 रन ही बना सकी। कियाना जोसेफ और कप्तान हेली मैथ्यूज सस्ते में

पवेलियन लौट गईं। इसके बाद शेमेन कैंपबेल ने पारी को संभालने का प्रयास किया और 26 गेंदों में 36 रन बनाए। उन्होंने डिएंड्रा डॉटिन (150वां टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच) के साथ तीसरे विकेट के लिए 35 रन जोड़े। हालांकि, मध्यक्रम के लगातार विकेट गिरने से वेस्टइंडीज की टीम एक समय 85 रन पर पांच विकेट गंवाकर मुश्किल में नजर आ रही थी। ऐसे में जहजारा क्लैक्सटन ने कुछ आक्रामक शॉट लगाए और फिर अनुभवी स्टेफनी टेलर ने अंतिम ओवरों में विस्फोटक बल्लेबाजी की। टेलर ने सिर्फ 19 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाए, जिसमें कई शानदार चौके शामिल रहे। स्कॉटलैंड की ओर से कैथरीन फ्रेजर सबसे सफल गेंदबाज रहीं। उन्होंने दो विकेट झटके, जबकि कैथरीन ब्राइस, रैचल स्लेटर और किर्स्टी गॉर्डन को एक-एक सफलता मिली।

आईएमडी का अलर्ट जारी; किसानों की बढ़ी चिंता

दिल्ली-यूपी समेत देश के 11 राज्यों में भारी बारिश आंधी-तूफान की चेतावनी

लखनऊ, नईदिल्ली, एजेंसी। देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और मॉनसून की सुस्ती के बीच मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उत्तर प्रदेश समेत देश के 11 राज्यों में अगले 15 घंटों के भीतर भारी बारिश, ओलावृष्टि और तेज आंधी-तूफान का महाअलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के मुताबिक, इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से विनाशकारी हवाएं चल सकती हैं, जिससे जान-माल के नुकसान की आशंका है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पिछले दो हफ्तों से मॉनसून एक ही जगह पर अटका हुआ है, जिससे मैदानी इलाकों में शुष्क हवाओं और भीषण गर्मी का दौर जारी था।

हालांकि, अब बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं और एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण एक मजबूत वेदर सिस्टम बन गया है। यही वजह है कि अचानक उत्तर और मध्य भारत के बड़े हिस्से में मौसम ने करवट ली है।

उत्तर भारतः दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान। मध्य और पश्चिमी भारतः मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़। पूर्वी और पहाड़ी क्षेत्रः बिहार, झारखंड, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश।

तेज आंधी और आकाशीय बिजली का खतरा आईएमडी ने चेतावनी दी है कि बारिश के साथ-साथ इन राज्यों में गरज-चमक और आकाशीय बिजली गिरने का बड़ा खतरा है। प्रशासन ने लोगों को सलाह दी है कि वे आंधी-तूफान के समय ऊंचे पेड़ों, साइनबोर्ड और बिजली के खंभों से दूर रहें। कच्चे मकानों और बस्तियों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया है। दिल्ली और लखनऊ के हवाई अड्डों पर उड़ानों की आवाजाही भी इस खराब मौसम से प्रभावित हो सकती है।

किसानों की बढ़ी चिंता

देशभर में मॉनसून की सुस्ती और बारिश में हो रही देरी ने अन्नदाताओं के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। जून का आधा महीना बीत जाने के बाद भी मॉनसून के आगे न बढ़ने के कारण इसका सबसे गंभीर असर कृषि क्षेत्र पर देखने को मिल रहा है। खेतों में पानी न होने के कारण धान, गन्ना, हरी सब्जियों और खरीफ की अन्य प्रमुख फसलों की बुआई और विकास बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

रंगदारी नहीं दी तो फूटेगा दूसरा बम, शिकंजे में फंसा फरीदाबाद का व्यापारी

फरीदाबाद, एजेंसी। फरीदाबाद में रंगदारी नहीं दी तो जल्दी फूटेगा दूसरा बम, यही वो लाइन है जिसने शहर में कारोबारियों से रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस जांच की दिशा तय की और मुख्य सूत्रधार दीपक गोयल पर शिकंजा कसा गया। शहर में एक महीने पहले एक के बाद एक आठ कारोबारियों के पास विदेशी नंबर से रंगदारी की कॉल आई थी। काल करने वाले ने खुद को गैंगस्टर रणदीप मलिक लारेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य बताया था। इस तरह लगातार कॉल से पुलिस भी सकते में आ गई। कारोबारियों को सुरक्षा प्रदान कर दी गई। सेक्टर आठ थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कॉल को ट्रेस करना शुरू कर दिया और यह लगभग तय हो गया कि रंगदारी विदेश में बैठे गैंगस्टर रणदीप मलिक ने ही मांगी है। दरअसल, इस मामले का मुख्य सूत्रधार सेक्टर नौ निवासी व्यापारी दीपक गोयल अपने कारोबारी मित्रों के साथ रात में पार्टी कर रहा था। इस दौरान रंगदारी मांगे जाने की बात छिड़ गई। दीपक गोयल ने वहां मौजूद व्यापारी और कारोबारियों के बीच कह दिया कि रंगदारी नहीं दी तो जल्दी दूसरा बम फूटेगा। यह बात वहां मौजूद किसी कारोबारी ने पुलिस तक पहुंचा दी। पुलिस ने दीपक गोयल पर नजर रखना शुरू कर दिया। उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं तो हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने बता दिया कि उसने ही आइबी के सब इंस्पेक्टर सिकंदर को शहर के कारोबारियों की डिटेल दी थी। सिकंदर ने यह डिटेल आगे गैंगस्टर तक पहुंचाई। जिसके बाद रंगदारी मांगे जाने का सिलसिला शुरू हुआ। फिलहाल दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेज चुकी है। दीपक गोयल फतेहपुर बिल्लोच गांव का रहने वाला है और उनका ईंट-भट्ठों का पुराना काम है। शुरुआत में दीपक गोयल की आर्थिक स्थिति ठीक थी। उसने रियल एस्टेट ग्रुप एसआरएस और पीयूष में काफी पैसा निवेश किया था। साल 2015 के आस-पास इन दोनों ग्रुप को तगड़ा झटका लगा और दोनों डूब गए। इससे दीपक की आर्थिक हालत भी खराब हो गई और उसके ऊपर कर्जा हो गया। कर्जे से बाहर आने के लिए वह गलत रास्ते पर चल पड़ा। कुछ समय पहले जुआ खिलवाने में भी उसका नाम सामने आया था। एक प्लाट की खरीद बिक्री के सिलसिले में उसकी पहचान आइबी के सब इंस्पेक्टर सिकंदर से हुई थी। वहीं से दोनों के बीच गहरी दोस्ती हो गई।

राजकोट में शादीशुदा महिला ने की आत्महत्या की कोशिश, अफजल ने शोषण कर धर्म परिवर्तन के लिए किया ब्लैकमेल

राजकोट, एजेंसी। एक शादीशुदा महिला ने कथित रूप से यौन शोषण, ब्लैकमेलिंग और जबरन धर्म परिवर्तन के दबाव के चलते एसिड पीकर आत्महत्या की कोशिश की। घटना राजकोट की है, जहां महिला को उसके पति ने अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई। महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है जिसमें मुख्य आरोपी अफजल करभाई सीडा (जूनागढ़) का नाम है। महिला ने बताया कि चार महीने पहले वह इंस्टाग्राम पर 'जिद्दी बॉय' नाम के प्रोफाइल से जुड़ी। कुछ महीनों की बातचीत के बाद अफजल अपने साथी अनीशा कश्मी की मदद से राजकोट आया और महिला को होटल ले गया। वहां उसने महिला का यौन शोषण किया और फोटो-वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। दो महीने बाद महिला को पता चला कि यह व्यक्ति अफजल करभाई सीडा है। महिला को सार्वजनिक रूप से अपमानित और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। महिला ने अपने पति को घटना बताई और पुलिस में प्रारंभिक शिकायत की, लेकिन आरोपी पक्ष के अन्य दो साथियों, रवि गोसाई (अहमदाबाद) और विजय चूडासमा (जूनागढ़) ने उसे शिकायत वापस लेने की धमकी दी।

आवास योजना लाभार्थियों को सस्ती रेत देगी सरकार, अगले महीने से शुरू होगी नई व्यवस्था

कोलकाता, एजेंसी। राज्य में निर्माण सामग्री की आसमान छूती कीमतों और बिचौलियों के आतंक से परेशान प्रधानमंत्री आवास योजना के गरीब लाभार्थियों के लिए राज्य सरकार ने एक अहम निर्णय लिया है। सरकार ने बेहद कड़ा रुख अपनाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में मकान बना रहे गरीब परिवारों को बाजार दर से काफी कम कीमत पर सीधे रेत (बालू) उपलब्ध कराने की मुकम्मल व्यवस्था की है। इस जनकल्याणकारी योजना को धरातल पर उतारने के लिए विस्तृत सर्वेक्षण का काम पूरा कर लिया गया है, और आगामी माह से प्राथमिक तौर पर बीरभूम जिले के लगभग 11 ब्लॉकों में इस नई व्यवस्था की शुरुआत कर दी जाएगी, जिसे बाद में क्रमिक रूप से पूरे राज्य में लागू करने की योजना है। बीरभूम के सूरी-एक ब्लाक में आयोजित एक जन कल्याण शिविर को संबोधित करते हुए राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री व जिले विधायक जगन्नाथ चट्टोपाध्याय ने इसकी आधिकारिक घोषणा की। इस दौरान पारदर्शी व्यवस्था का उल्लेख करते हुए मंत्री ने चौकाने वाले आंकड़े पेश किए। उन्होंने बताया कि सिंडिकेट राज और 'फर्जी चालान' के खिलाफ मुख्यमंत्री के कड़े निर्देशों के बाद प्रशासनिक मुस्तैदी का नतीजा है कि बीरभूम के महज 10 पत्थर चेक गेटों से पिछले एक महीने (17 मई से 16 जून) के भीतर 72 करोड़ 78 लाख रुपये का रिकार्ड राजस्व सरकारी खजाने में जमा हुआ है।

छत्तीसगढ़ में हैवानियत की हदें पार: सूरजपुर में पत्नी को पीटने के बाद चेहरे पर पोती कालिख

सूरजपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में चरित्र पर शंका के चलते पत्नी के साथ क्रूरता की घटना सामने आई है। आरोपित पति ने पहले तो पत्नी की पिटाई की, फिर उसका मुंडन कर दिया। कपड़े से उसके हाथ-पैर बांधकर चेहरे और चेहरे पर कालिख पोतने के साथ उसके ऊपर पेशाब कर दिया। आरोपित ने इस बर्बरता का वीडियो भी बनाया। पीड़िता की शिकायत पर पटना पुलिस जांच में जुट गई है। बता दें कि, महिला ने 20 वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। दोनों के चार बच्चे हैं। स्वजन के अनुसार, बीते एक वर्ष से पति, उसके चरित्र पर शंका कर रहा था। लगातार कलह के कारण महिला अपने मायके में रह रही थी, जबकि उसका पति मजदूरी करने रायपुर चला गया था। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों पति रायपुर से वापस लौटा। उसे जानकारी मिली कि उसकी पत्नी अपने भांजे के पास रह रही है। इसके बाद रविवार को वह अपने चारों बच्चों को साथ लेकर अपने ससुराल पहुंच गया।

आरोप है कि वहां पहुंचते ही उसने पत्नी के साथ मारपीट करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए। शरीर पर ग्रीस व मोबिल ऑयल डालकर जबरन मुंडन कर दिया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया तथा पूरी घटना का वीडियो बनाकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का प्रयास किया गया।

पुलिसकर्मियों पर हमला करने वाला बदमाश 16 माह बाद गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में पिछले साल कोतवाली इलाके में लोहे के पुल के पास पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला करने और सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में क्राइम ब्रांच ने 16 माह से फरार चल रहे बदमाश फरमान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे तकनीकी सर्विलांस और इंटरनेट मीडिया (इंस्टाग्राम) ट्रैकिंग की मदद से दबोचा है।

डीसीपी हर्ष इंदौरा के मुताबिक पिछले साल चार फरवरी की रात करीब पौने तीन बजे कोतवाली की एक पुलिस पेट्रोलिंग टीम लोहे के पुल के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने एक मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया।

दुर्घटना की शिकार महिला की मदद को दी अपनी धोती, 'हीरो' बना चायवाला

कोच्चि, एजेंसी। केरलम के त्रिपुनिथुरा क्षेत्र में एक चाय विक्रेता द्वारा दिखाई गई संवेदनशीलता और मानवता की भावना की हर तरफ सराहना हो रही है। सड़क दुर्घटना में घायल हुई एक महिला की मदद के लिए स्थानीय चाय विक्रेता एमआर शाजी ने जो कदम उठाया, उसने लोगों का दिल जीत लिया है। वह इंटरनेट मीडिया में 'हीरो' बन गया है। यह घटना मंगलवार को त्रिपुनिथुरा के स्टैच्यू जंक्शन पर हुई, जहां एक महिला अचानक एक निजी बस के नीचे गिर गई। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। गनीमत रही कि महिला की जान बच गई, हालांकि उसे चोटें आई थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बचाव कार्य के दौरान पता चला कि दुर्घटना में महिला के कपड़े फट गए थे। ऐसे में मौके पर मौजूद चाय विक्रेता एमआर शाजी ने बिना देर किए अपनी 'मुंडू' (पारंपरिक धोती) उतारकर महिला को दे दी, ताकि वह स्वयं को ढक सके और सम्मानपूर्वक अस्पताल पहुंचाई जा सके। शाजी ने पत्रकारों को बताया कि महिला गंभीर रूप से घायल थी और अपने पैरों पर खड़ी नहीं हो पा रही थी। उन्होंने कहा कि परिस्थिति को देखते हुए उन्होंने बिना किसी झिझक के अपनी धोती महिला को दे दी। घटना का पूरा दृश्य पास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित होने के बाद लोग शाजी की जमकर प्रशंसा कर रहे हैं। कई लोगों ने उनकी इस पहल को इंसानियत, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बताया है।

नोएडा श्रमिक हिंसा में शामिल आकृति, रूपेश समेत 9 आरोपियों पर दो और केस दर्ज

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। नोएडा की सेक्टर-63 कोतवाली पुलिस ने अप्रैल में मांगों को लेकर हुए श्रमिक हिंसा में शामिल नौ आरोपितों के खिलाफ और दो केस दर्ज किए गए हैं। एसीजेएम द्वितीय रवि सागर की अदालत में बृहस्पतिवार को पुलिस की तरफ से आरोपितों से पूछताछ के लिए न्यायिक हिरासत की मांग को लेकर अर्जी दायर की गई है। अदालत ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। बता दें कि श्रमिक हिंसा के मामले में नोएडा के सेक्टर- 63 व फेज दो कोतवाली में श्रमिक हिंसा के दौरान आगजनी, तोड़फोड़, जाम, पथराव की घटना आरोपितों द्वारा अंजाम दी गई थी। पुलिस ने इंटरनेट मीडिया और जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया था। नोएडा सेक्टर-63 कोतवाली में आकृति, रूपेश, सृष्टि व मनीषा समेत कई आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज था। पूर्व में पुलिस आकृति, रूपेश, सृष्टि व मनीषा को न्यायिक हिरासत में लेकर पूछताछ कर चुकी है। न्यायिक हिरासत की मांग की आरोपी पक्ष के अधिवक्ता रजनीश यादव के मुताबिक, पुलिस ने अब आकृति, रूपेश, सृष्टि व मनीषा समेत नौ आरोपितों के खिलाफ दो और केस दर्ज किए हैं। अब तक गौमतबुद्ध नगर कमिशनरेट पुलिस इन आरोपितों के खिलाफ 10 मुकदमे दर्ज कर चुकी है। नए दर्ज दो केस में बृहस्पतिवार सेक्टर-63 कोतवाली के विवेचक ने अर्जी दाखिल कर अदालत से आरोपितों की न्यायिक हिरासत की मांग की है। अदालत के सूत्रों का कहना है कि मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने टिप्पणी की कि हाल ही में आरोपितों पर चार मुकदमे दर्ज किए गए थे।

पाकिस्तान में कंडोम विज्ञापन पर मचा बवाल? ऑब्सेशन और कंसेंट को लेकर उठे सवाल

इस्लामाबाद , एजेंसी। हॉरर फिल्म ऑब्सेशन से प्रेरित इंस्टाग्राम पोस्ट के बाद पाकिस्तानी कंडोम ऐड को ऑनलाइन भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। ब्रांड ने अपने विज्ञापन के लिए फिल्म में दिखाए गए कंसेंट और खतरनाक जुनून जैसे बेहद संवेदनशील और गंभीर विषयों को हल्के में लिया है।

कंडोम कंपनी की पाकिस्तान आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किए गए इस विज्ञापन में फिल्म की काल्पनिक जादुई वस्तु वन विश विलो के बगल में एक कंडोम रखा हुआ दिखाया गया था।

इसके साथ ही बैकग्राउंड में इंडे नवारेटे द्वारा निभाया गया किरदार निक्की अपने दरवाजे पर खड़ी नजर आ रही थी। इस पोस्ट की टैगलाइन थी कि उसे अपना दीवाना बनाएं और कैप्शन में लिखा था कि इसे अपनी फीकी निक्की को भेजें!

पाकिस्तानी ऐड को क्यों कहा जा रहा खतरनाक और असंवेदनशील?

इस ऐड के साथ समस्या सिर्फ इसके खराब अंदाज की नहीं है। लोगों ने ध्यान दिलाया कि पाकिस्तान ने एक ऐसी फिल्म का इस्तेमाल किया जो पूरी तरह से बिना मर्जी के पैदा होने वाली भावनाओं के डर पर आधारित थी, और उसका इस्तेमाल उसे अपना दीवाना बनाओ टैगलाइन वाले प्रोडक्ट को बेचने के लिए किया यानी जबरदस्ती को रोमांस के तौर पर दिखाया और इसे एक आकर्षक चीज की तरह पेश किया। इसे अपनी फीकी निक्की को भेजें जैसे कैप्शन ने फिल्म की मुख्य महिला किरदार को महज एक मजाक या पंचलाइन बनाकर रख दिया। यह पूरा विवाद फिल्म ऑब्सेशन के उस प्लॉट पर केंद्रित है, जो किसी व्यक्ति की अपनी मर्जी खोने और एकतरफा, अस्वस्थ रिश्तों के खतरनाक परिणामों को दर्शाता है। आलोचकों का कहना है कि कंडोम जैसे सुरक्षित सेक्स के प्रतीक के विज्ञापन में ऐसी कहानी का इस्तेमाल करना, फिल्म के मूल संदेश और आपसी कंसेंट के मुद्दे को पूरी तरह से नकारता है।



बिना कंसेंट के सेक्स को बढ़ावा क्यों?

इस मार्केटिंग कैंपेन ने तुरंत दर्शकों और फिल्म के फैंस का ध्यान खींचा, जिसके बाद ब्रांड को जमकर खरी-खोटी सुननी पड़ी। कई लोगों ने तर्क दिया कि इस विज्ञापन ने फिल्म के असली और डरावने संदर्भ को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया और इसकी सबसे परेशान करने वाली कहानी को महज एक मार्केटिंग गिमिक बना दिया। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने तीखी प्रतिक्रियाएं दीं है जिसमें एक यूजर ने कमेंट किया कि यह देखकर मुझे सच में उल्टी आ रही है। दूसरे ने लिखा कि यह बिल्कुल भी अच्छा रेफरेंस नहीं है। एक अन्य यूजर ने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए लिखा कि कंडोम के बगल में वन विश विलो रखना बहुत ही घृणित है। हम बिना कंसेंट के सेक्स को क्यों बढ़ावा दे रहे हैं? आप लोग बहुत घटिया हैं।

फिल्म की कहानी बियर नाम के एक अकेले म्यूजिक स्टोर कर्मचारी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी बचपन की दोस्त निक्की से एकतरफा प्यार करता है। वन विश विलो नामक रहस्यमयी वस्तु का उपयोग करके एक मन्नत मांगने के बाद, निक्की के प्यार की उसकी इच्छा पूरी तो होती है।

फ्रांस में भारतीय समुदाय से बोले पीएम मोदी

पिछले 12 साल में 35 गुना बढ़ा एक्सपोर्ट और भारत बना दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता

पेरिस, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस की अपनी यात्रा के दौरान भारतीय लोकतंत्र की शक्ति और देश की बदलती तस्वीर का प्रभावशाली खाका पेश किया है। अपनी सरकार के 12 साल पूरे होने के अवसर पर उन्होंने कहा कि यह भारत के लोकतंत्र की ही ताकत है, जिसने एक चाय वाले को चुनकर देश की सेवा करने का यह सौभाग्य प्रदान किया है।

आंकड़ों में दिखी भारत की तरक्कीः 35 गुना बढ़ा निर्यात

प्रधानमंत्री ने देश की आर्थिक प्रगति के आंकड़े साझा करते हुए बताया कि पिछले 12 वर्षों में भारत का निर्यात (एक्सपोर्ट) 35 गुना बढ़ गया है। उन्होंने मोबाइल क्रांति का जिक्र करते हुए कहा कि देश में मोबाइल बनाने वाली यूनिट्स में 100 गुना की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है, जिसके चलते भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल बनाने वाला देश बन चुका है। वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है।

बुनियादी सुविधाओं से स्मार्ट लिविंग की ओर बढ़ता भारत

पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि यह भारत की आकांक्षाओं का एक नया युग है। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता केवल बुनियादी सुविधाओं से संतुष्ट नहीं है; जहां बिजली पहुंची है, वहां लोग अब स्मार्ट लिविंग चाहते हैं और जहां रेल व हाइवे पहुंचे हैं, वहां जनता हाई स्पीड कनेक्टिविटी व वर्ल्ड क्लास एक्सप्रेसवे की मांग कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इंटरनेट के विस्तार के बाद अब भारतीय युवा एआई और डिजिटल इनोवेशन में वैश्विक नेतृत्व चाहते हैं।

140 करोड़ भारतीयों का आत्मविश्वास ही असली उपलब्धि

अपनी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में सबसे बड़ी सफलता 140 करोड़ भारतीयों का आत्मविश्वास है। उन्होंने कहा कि आज भारत का युवा बड़े सपने देख रहा है, किसान नई संभावनाओं के साथ आगे बढ़ रहा है और देश की महिलाएं नए नेतृत्व का परिचय दे रही हैं। पीएम मोदी के अनुसार, यह कालखंड केवल उपलब्धियों का नहीं, बल्कि भारत की आकांक्षाओं को नई बुलंदी देने का समय रहा है।

विशेष चुनाव में जीते लेबर पार्टी नेता बर्नहैम, पीएम स्टार्मर के सामने पद बरकरार रखना चुनौती

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन में एंडी बर्नहैम ने विशेष चुनाव में जीत हासिल की है। इस जीत के बाद वे प्रधानमंत्री स्टार्मर को चुनौती दे सकते हैं। शुक्रवार को घोषित नतीजों के बाद बर्नहैम लेबर पार्टी के नेता के अलावा देश में प्रधानमंत्री पद के प्रमुख दावेदार बनकर उभरे हैं। बर्नहैम ने उत्तर-पश्चिमी इंग्लैंड के मेकरफील्ड सीट पर रिफॉर्म यूके के रॉब केन्यॉन को हराया। उन्होंने वादा किया है कि यदि लोग उन पर भरोसा करते हैं, तो वह राजनीति बदल देंगे। ब्रिटेन की संसद- हाउस ऑफ कॉमन्स के 650 सांसदों में से एक राजनेता- बर्नहैम के इस दावे को बड़ा माना जा रहा है।

बर्नहैम ने चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद कहा कि वह बदलाव की लड़ाई को जितना ऊंचा ले जा सकते हैं, ले जाएंगे। जुलाई 2024 में शानदार चुनावी जीत के बाद से स्टार्मर की लोकप्रियता में भारी गिरावट आई है। वह आर्थिक वृद्धि, सार्वजनिक सेवाओं की मरम्मत और जीवन-यापन की लागत को कम करने में संघर्ष कर रहे हैं। वह बार-बार की गई गलतियों से भी जूझ रहे हैं। इनमें पीटर मैंडेलसन को अमेरिका में राजदूत नियुक्त करने का उनका निर्णय शामिल है। मैंडेलसन जेफरी एपस्टीन के एक विवादित मित्र हैं। मई के स्थानीय चुनावों में खराब प्रदर्शन के बाद कई लेबर पार्टी के सांसदों ने स्टार्मर के इस्तीफे की मांग की।

स्टार्मर ने पद छोड़ने से इन्कार कर दिया है, लेकिन उनके वरिष्ठ सहयोगी बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं। मई में वेस स्ट्रीटइंग ने स्वास्थ्य सचिव पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा था कि जहां हमें दूरदर्शिता की आवश्यकता है, वहां एक शून्य है। मेकरफील्ड के लेबर सांसद जोश साइमन ने बर्नहैम को संसद में लौटने का अवसर देने के लिए इस्तीफा दिया। ब्रिटेन की संसदीय प्रणाली गवर्निंग पार्टियों को मध्यावधि में नेता बदलने की अनुमति देती है। इस प्रक्रिया में विजेता को राष्ट्रीय चुनाव की आवश्यकता के बिना प्रधानमंत्री बना दिया जाता है। लेबर नियमों के तहत, एक सांसद पार्टी के हाउस ऑफ कॉमन्स के एक-पांचवें यानी 81 सांसदों के समर्थन से नेता को चुनौती दे सकता है। स्ट्रीटइंग ने मंगलवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि स्टार्मर पद छोड़ने के लिए सहमत होंगे। यदि ऐसा नहीं होता है, तो एक प्रतियोगिता की आवश्यकता होगी और वह इसके लिए तैयार होंगे। स्ट्रीटइंग संसदीय सहयोगियों के बीच समर्थन आधार वाले एक आश्वस्त संचारक हैं। हालांकि, बर्नहैम को स्टार्मर का अधिक संभावित उत्तराधिकारी माना जाता है। 56 वर्षीय राजनेता को 'किंग ऑफ द नॉर्थ' उपनाम दिया गया है। उन्होंने 2017 से मैनचेस्टर का नेतृत्व किया है।

तीन साल के बच्चे को मगरमच्छों के बाड़े में फेंका, चिड़ियाघर की मालकिन ने बचाई मासूम की जान

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन के कैंब्रिजशायर स्थित जॉन्सन्स ऑफ ओल्ड हर्स्ट चिड़ियाघर से एक बेहद हैरान और परेशान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक अनजान शख्स ने एक 3 साल के मासूम बच्चे को मगरमच्छों के बाड़े में फेंक दिया। मगरमच्छों के हमले में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है और अस्पताल में अपनी जिंदगी की जंग लड़ रहा है। द इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक, जैसे ही बच्चे को मगरमच्छों के बाड़े में फेंका गया, चिड़ियाघर के मालिक की पत्नी ट्रेसी जॉनसन ने अपनी जान की परवाह न करते हुए तुरंत बाड़े के अंदर छलांग लगा दी। उन्होंने बेहद बहादुरी से मगरमच्छों के बीच से बच्चे को सही सलामत बाहर निकाला। मामले में पुलिस ने बताया कि घायल बच्चे को तुरंत कैंब्रिज के एडेनब्रूक्स अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर लेकिन स्थिर बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में फुर्ती दिखाते हुए नॉरफॉक के रहने वाले एक 30 वर्षीय व्यक्ति को हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। कैंब्रिजशायर पुलिस की डिटेक्टिव इंस्पेक्टर वेरिटी मैककैन ने बताया कि शुरुआती जांच में ऐसा लगता है कि गिरफ्तार किया गया शख्स और बच्चा एक-दूसरे को नहीं जानते थे। उन्होंने बताया कि यह एक बेहद दर्दनाक घटना है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः संपादक देवन प्रसाद मो. 9212228045, 8130691216, (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, 9971557129 रंजीत राय फोन नं-011-45795464,